

कांग्रेस तो 20 साल में भी एसआईआर के लिए तैयार नहीं हुई - 12



एफटीए वार्ता में केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- कुछ मुद्दे पर सहमति बननी बाकी- 12



नोबल पुरस्कार के लिए ट्रंप ने भारत से शत्रुता ठान ली यह हास्यास्पद - 13



टी-20 विश्व कप 2026 के टिकट की बिक्री शुरू - 14

आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.47
सूर्यास्त 05.18


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी, 02:57 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025, वर्ष 35, अंक 313, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## गायब मतदाताओं के सत्यापन को फील्ड में निकलें जनप्रतिनिधि : मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यमंत्री बोले, विपक्षी दल आपका वोट डेथ या अनुपस्थित में डलवा दें, मॉनीटरिंग करें
- सरकार के विरोधी दल वोट बनवाने का काम मदरसों और मस्जिदों से करवा रहे

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को सर्किट हाउस में बरेली मंडल में किए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। मतदाता सूचियों के सत्यापन के दौरान अनुपस्थित मतदाताओं के आंकड़ों पर चिंता जताते हुए योगी ने जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जो वोटर अनुपस्थित हैं, जिनकी मैपिंग नहीं हो पा रही है, उनके सत्यापन के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं को लगाएं और जनप्रतिनिधि खुद भी फील्ड में निकलें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार प्रत्येक विधानसभा में आठ से 10 प्रतिशत मतदाता अनुपस्थित हैं, ऐसे में भाजपा के लोगों के ज्यादा से ज्यादा वोट बनवाएं। यह हो सकता है कि विपक्षी दल आपका वोट डेथ या अनुपस्थित में डलवा दें, जब हम बूथ जीतते हैं तभी हम जीतते हैं। इसकी बूथ वार मॉनीटरिंग करें। योगी ने समीक्षा में यह भी कहा कि कहीं ऐसा न हो जाए कि एसआईआर में लाभ की जगह हमें नुकसान हो। यह मौका है कि बोगस वोटों के नाम मतदाता सूचियों से कटवाएं। ऐसा न हो कि विपक्ष अपने लोगों के वोट ज्यादा बनवा ले और हमारे ओरिजनल लोगों के वोट कट जाएं। इससे आने वाले चुनावों में हमारी चुनौती बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सरकार के विरोधी लोग हैं, वे लोगों के वोट बनवाने का काम मदरसों और मस्जिदों से करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मंडल की एक-एक विधानसभा में एसआईआर के कार्य की समीक्षा की। बरेली जनपद में कैंट और शहर विधानसभा में अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है।

## यूपी समेत छह राज्यों में बढ़ी एसआईआर की समयसीमा

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने जारी किए आदेश, उप्र में अब 26 दिसंबर तक चलेगी प्रक्रिया
- तमिलनाडु व गुजरात में 14 और मप्र, छत्तीसगढ़ और अंडमान में 18 तक



निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को यूपी समेत छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी है। संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर यह कदम उठाया गया है।

निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और उत्तर प्रदेश में एसआईआर के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इन छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के लिए गणना प्रपत्र की अवधि गुरुवार को समाप्त होनी थी और मतदाता सूचियों का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाना था।

तमिलनाडु और गुजरात के लिए एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 19 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के लिए ये अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह, उत्तर प्रदेश के लिए एसआईआर की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है और मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। बयान के अनुसार, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में एसआईआर गुरुवार को समाप्त हो जाएगी और मतदाता सूची का मसौदा 16 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। केरल के लिए कार्यक्रम में पहले संशोधन किया गया था। राज्य में एसआईआर 18 दिसंबर को समाप्त होगी और मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा।

### यूपी में मृतक, शिफ्टेड व अनुपस्थित वोटर्स के पुनः सत्यापन के लिए समय बढ़ाने का किया था अनुरोध



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने तथा शुद्ध मतदाता सूची को बनाने के लिए निर्वाचन आयोग से दो सप्ताह का समय और बढ़ाने का अनुरोध किया गया था ताकि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मृतक, अन्यत्र चले गए तथा अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधित तिथि के अनुसार 26 दिसम्बर, 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अंतरिम मसौदा सूची अब 31 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित होगी। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसम्बर, 2025 से 30 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### आर्किटेक्ट्स ऑफ एआई को पर्सन ऑफ द ईयर किया नामित

**न्यूयॉर्क।** टाइम पत्रिका ने गुरुवार को आर्किटेक्ट्स ऑफ एआई को 2025 के लिए पर्सन ऑफ द ईयर नामित किया। पत्रिका ने 2025 को वह वर्ष बताया जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता तेजी से सामने आई और अब पीछे मुड़ने का सवाल ही नहीं है। टाइम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, सोचने वाली मशीनों का युग लाने, मानवता को विस्मित और चिंतित करने, वर्तमान को रूपांतरित करने और संभावनाओं से परे जाने के लिए, आर्किटेक्ट्स ऑफ एआई को टाइम पत्रिका द्वारा 2025 का पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया है। पत्रिका ने चर्चा कर उन लोगों का चयन किया वह व्यक्ति जिन्होंने एआई की कल्पना की, डिजाइन किया और बनाया न कि तकनीक को, हालांकि इसके लिए कुछ पूर्व उदाहरण भी थे।

### दो कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश में बालाघाट जिले के बिरसा थानाक्षेत्र में कोरका के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर में गुरुवार को दो कुख्यात नक्सलियों दीपक और रोहित ने आत्मसमर्पण कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दीपक पर 29 लाख रुपये और रोहित पर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था तथा दोनों ने मुख्य धारा में लौटने की इच्छा जताते हुए आत्मसमर्पण किया है।

## रामगोपाल को गोली मारने वाले सरफराज को फांसी की सजा

**बहराइच सांप्रदायिक हिंसा मामला**

- एडीजे (प्रथम) कोर्ट ने 13 माह 26 दिन में सुनाया फैसला, नौ को आजीवन कारावास साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपी बरी



रामगोपाल मिश्रा



हत्यारोपी सरफराज

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : बहराइच सांप्रदायिक हिंसा मामले में कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला दिया है। पिछले साल दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मारे गए रामगोपाल मिश्रा की हत्या के दोषी सरफराज को एडीजे (प्रथम) कोर्ट ने फांसी की सजा तथा नौ दोषियों को सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी दोषियों पर एक -एक लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया गया है। कोर्ट ने तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह सजा अपर सत्र न्यायाधीश(एडीजे) पवन कुमार शर्मा ने सुनाया है। बहराइच हिंसा मामले का फैसला 13 माह 26 दिन में आया है। फैसले को लेकर कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील रहा।



अदालत परिसर में फैसला आने के बाद जमा भीड़।

बहराइच जिला स्थित थाना हरदी क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। पहले डीजे पर गाने बजाने को लेकर विवाद हुआ। दरअसल, विसर्जन के जुलूस के दौरान समुदाय विशेष के इलाके से गुजरते समय डीजे पर बजाए जा रहे गानों को लेकर विवाद गहराया। इस दौरान मुस्लिम पक्ष ने डीजे बंद करने की मांग की। इस पर हिंदू पक्ष की ओर से आपत्ति जताई गई और विवाद बढ़ता गया। विवाद उस समय और गहरा गया जब मुस्लिम पक्ष की ओर से डीजे का तार निकाल दिया गया। डीजे का तार निकालने के बाद भीड़ अनियंत्रित हो गई और भगदड़ मच गई। इस दौरान रामगोपाल मिश्रा एक छत पर चढ़ गया, जहां उसे गोली मार दी गई। गोली लगने से रेहुआ मंसूर गांव के 22 वर्षीय रामगोपाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसके बाद जिले में हिंसा भड़क गई थी। आक्रोशित भीड़ ने कई दुकानों, घरों और वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की थी। स्थिति को काबू में करने के लिए प्रशासन ने कई दिनों तक इंटरनेट सेवा बंद रखी और भारी पुलिस बल तैनात किया था। हालांकि, बहराइच पुलिस ने मामले में एक्शन शुरू किया। 87 लोगों को गिरफ्तार किया गया था । 100 से अधिक पर केस दर्ज किया गया। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के घर पर बुलडोजर चलाने की नोटिस जारी की गई थी।

### नौ दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

सरकारी वकील प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट ने जिन नौ दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है, उनमें फहीम, सैफ अली, जावेद खान, अब्दुल हमीद, तालिब उर्फ सबलू, ईसान, सुएब खान, ननकऊ और मारूफ हैं। कोर्ट ने तीन आरोपियों अर्थात शकील अहमद, बबलू अफजल उर्फ कल्लू और खुर्शीद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई, तीन की मौत

अयोध्या कार्यालय

- थाना पूराकलंदर अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर कल्याण भदरसा गांव के पास हुई दुर्घटना



**अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर कल्याण भदरसा गांव के पास गुरुवार भोर में पांच बजे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो जीप व मिल से गन्ना उतारकर लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली आमने सामने से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप के परख़च्चे उड़ गए। दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जीप में मध्य प्रदेश के रीवा व मऊगंज जिले का एक परिवार था, जो अयोध्या दर्शन पूजन को आ रहा था। घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शोक जताया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

मध्य प्रदेश के रीवा जिले के थाना क्षेत्र सिविल लाइन्स के झिरिया मऊगंज निवासी चित्रसेन पटेल अपने परिवार के साथ बोलेरो से अयोध्या दर्शन करने के लिए आ रहे थे। गुरुवार भोर करीब पांच बजे अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर कल्याण भदरसा गांव के पास पहुंचे थे कि अचानक बोलेरो के ड्राइवर को झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड जाकर सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। दुर्घटना में जीप पर सवार चालक समेत सभी 11 लोग घायल हो गए। इनमें चालक व दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। शेष आठ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान अंकिता पटेल (25) पुत्री सरोज मनी पटे व मीराबाई (50) पत्नी महेंद्र निवासी बेलाही जिला मऊगंज मध्य प्रदेश व गाड़ी के चालक रामयश मिश्रा (50) पुत्र यूपी मिश्रा निवासी बंधवा रीवा मध्य प्रदेश के रूप में हुई।

घायलों में चित्रसेन पटेल (45) पुत्र इंद्र पटेल, उनकी पत्नी चंद्रकली पटेल (50), पुत्री तनुजा पटेल (20), पुत्र दीपक पटेल (25) निवासी रामपुर हाउस झिरिया थाना सिविल लाइन रीवा, शशि पटेल (34) पत्नी हरकेश पटेल, उनका पुत्र शिवांश पटेल (3) निवासी बेलाही जिला मऊगंज मध्य प्रदेश, कुसुम (32) पत्नी सरोज मनी पटेल, आशीष पटेल (25) पुत्र सरोज पटेल निवासी बेलाही जिला मऊगंज मध्य प्रदेश शामिल हैं। थाना प्रभारी पूराकलंदर मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया गया। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वंदे मातरम् को नहीं मिला उचित सम्मान : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष ने कहा- देश संकल्प ले कि इसे वही दर्जा मिले जो राष्ट्रगान को मिला



राज्यसभा में गुरुवार को सदन के नेता एवं भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दावा किया कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को वह सम्मान एवं स्थान नहीं मिला जो उसे मिलना चाहिए तथा देश को संकल्प लेना चाहिए कि इसे वही दर्जा मिले जो राष्ट्रगान या राष्ट्रीय ध्वज को मिला है। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में हुई चर्चा के अंत में सदन के नेता नड्डा ने कहा कि पिछले दो दिन में 80 से अधिक सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया, जो बताता है कि यह विषय कितना सम-सामायिक है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् देश की आत्मा को जगाने का मंत्र है।

उन्होंने कहा कि यह गीत आजादी के आंदोलन के दौरान बहुत सी घटनाओं का गवाह रहा है। यह गीत मां भारती की आराधाना है। ब्रिटिश शासक जब देश में अपना राष्ट्रगीत थोपना चाहते थे, उस समय बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम् गीत लिखकर पूरे भारत को जागृत कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह गीत रूपी मंत्र इतना कारगर साबित हुआ कि ब्रिटिश शासकों ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और जो कोई इसे गाता था उसे जेल के सीखचों के पीछे भेज दिया जाता था। उन्होंने कहा कि वीडी सावरकर को जिन आरोपों में दो उम्रकैद की सजा पर काला पानी भेजा गया, उनमें वंदे मातरम् के नारे लगाना शामिल था। महर्षि अरविन्द को भी वंदे मातरम् के कारण जेल जाना पड़ा था। जब खुदीराम बोस फांसी के फंदे पर चढ़े तो उनके मुख पर अंतिम शब्द वंदे मातरम् ही थे।

### कहा- चर्चा का मकसद इतिहास के तथ्यों को सही प्रकार से सामने लाना

नड्डा ने कांग्रेस के जयराम रमेश द्वारा चर्चा में भाग लेते समय लगाए गए इस आरोप का जिक्र किया कि इस चर्चा का एक ही मकसद है, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना। सदन के नेता ने कहा, हमारा उद्देश्य भारत के पूर्व प्रधानमंत्री को बदनाम करना नहीं है, पर हमारा मकसद भारत के इतिहास के तथ्यों को सही प्रकार से रखने का है। उन्होंने याद दिलाया कि जब भी कोई घटना होती है तो जिम्मेदार सरदार ही होता है। उन्होंने कहा कि सरकार और कांग्रेस के सरदार जवाहरलाल नेहरू ही थे।

## अमेरिका में पढ़ाई के बाद छात्रों का वापस भारत और चीन जाना शर्मनाक : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने दस लाख डॉलर की ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना शुरू करने की घोषणा की



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और चीन जैसे देशों के छात्रों को अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद गृह देशों में वापस जाना शर्मनाक है।

ट्रंप ने दावा किया कि ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना कंपनियों को देश में इस तरह की प्रतिभाओं को नियुक्त करने और बनाए रखने में सक्षम बनाएगी। उन्होंने बुधवार को दस लाख डॉलर की ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना शुरू करने की घोषणा की। यह एक वीजा कार्यक्रम है, जो अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा। ट्रंप गोल्ड कार्ड एक ऐसा वीजा है जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है।

व्हाइट हाउस में एक बैठक में ट्रंप ने कहा, किसी महान व्यक्ति का हमारे देश में आना एक उपहार के समान है, क्योंकि हमें लगता है कि ये कुछ ऐसे असाधारण लोग होंगे जिन्हें यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज से स्नातक करने के बाद, उन्हें भारत वापस जाना पड़ता है, उन्हें चीन वापस जाना पड़ता है, उन्हें फ्रांस वापस जाना पड़ता है।

## अरुणाचल में खाई में गिरा ट्रक, 18 की मौत

तिनसुकिया/डिब्रूगढ़ (असम), एजेंसी

- 22 लोग थे सवार, तीन अभी भी लापता, जिंदा बचे एक श्रमिक ने खाई से निकलकर दी जानकारी



अरुणाचल प्रदेश के एक सुदूर इलाके में एक ट्रक के खाई में गिरने से उसमें सवार असम के तिनसुकिया जिले के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग लापता हैं।

रक्षा मंत्रालय के लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति से प्राप्त सूचना के आधार पर बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित अंजॉ जिले के हयूलियांग-चागलागम रोड पर यह दुर्घटना आठ दिसंबर को हुई। इस ट्रक पर तिनसुकिया जिले के 22 मजदूर सवार थे। रावत ने कहा कि यह दुर्गम इलाका चागलागम से लगभग 12 किलोमीटर दूर है और वहां संपर्क सीमित है तथा दुर्घटना की जानकारी किसी भी स्थानीय एजेंसी, ठेकेदार या नागरिक को नहीं थी। एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति ने जब आपबीती सुनाई तभी इसकी जानकारी मिली। उन्होंने कहा, 18 शव देखे गए हैं और उन्हें निकाला जा रहा है। रावत ने कहा कि 'चिपरा जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स' शिविर तक पहुंचने में कामयाब रहने वाले मजदूर से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तिनसुकिया से 22 मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रक आठ दिसंबर की रात खाई में गिर गया। पीआरओ ने बताया कि यह इलाका घने वृक्षों वाला है इसलिए वाहन न तो सड़क दिखाई दे रहा था और न ही हेलीकॉप्टर से। वे एक डंपर में यात्रा कर रहे थे जो सड़क से लगभग 1,000 फुट गहरी खाई में गिर गया। बचाव अभियान जारी है।

### जौनपुर में चाइनीज मांझे से टीचर की गर्दन कटी

**जौनपुर।** यहां चीनी मांझे से गर्दन कटने के कारण निजी स्कूल में शिक्षक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह आठ बजे शास्त्री ब्रिज पर कोतवाली क्षेत्र में हुई, जब संजीव तिवारी अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर वापस जा रहे थे। बताया कि उमरपुर हरिबंधनपुर के निवासी तिवारी ने जैसे ही ब्रिज पार किया, सड़क के ऊपर लटक रहा धारदार मांझा उनकी गर्दन में फंस गया और उन्हें गहरी चोट लग गई। इससे वह मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो बैठे और घटनास्थल पर ही गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**राहत** | डीजीसीए के अधिकारियों ने विमानन कंपनी के परिचालन और पैसा लौटाने की निगरानी की शुरू

## इंडिगो प्रभावित यात्रियों को देगी 10,000 मूल्य का यात्रा वाउचर

नई दिल्ली, एजेंसी

परिचालन संबंधी व्यवधानों से जूझ रही विमानन कंपनी इंडिगो उड़ानें रद्द होने या विलंब के कारण प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपये के यात्रा वाउचर देगी। यह वाउचर तीन से पांच दिसंबर के दौरान उड़ानें रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को दिया जाएगा।

यह डीजीसीए के मानदंडों के तहत उड़ान रद्द होने पर यात्रियों को प्रदान की जाने वाली राशि के अतिरिक्त होगा। वहीं, डीजीसीए के अधिकारियों ने गुरुवार से इंडिगो के मुख्यालय से विमानन कंपनी के संचालन, रिफंड और अन्य प्रक्रियाओं की निगरानी शुरू कर दी।



इंडिगो ने बयान में खेद जताते हुए कहा कि तीन, चार और पांच दिसंबर को यात्रा करने वाले उसके कुछ ग्राहक कई घंटों तक कुछ हवाई अड्डों पर फंसे रहे और उनमें से कई भीड़भाड़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। हम ऐसे गंभीर रूप से प्रभावित ग्राहकों को 10,000 रुपये मूल्य के यात्रा वाउचर प्रदान करेंगे। इन यात्रा वाउचर का उपयोग अगले 12 महीनों के दौरान इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी को नियामकीय दबाव का भी सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने परिचालन को स्थिर करने के लिए इसे शीतकालीन उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया है।

### डीजीसीए ने सीईओ पीटर एल्बर्स को किया तलब



डीजीसीए से जुड़े सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों से विमानन कंपनी की स्थिति पर दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई है। इंडिगो पायलट एवं चालक दल के नए ड्यूटी मानदंडों के कार्यान्वयन से संबंधित योजनागत विफलताओं के कारण महत्वपूर्ण परिचालन बाधाओं से जूझ रही है। डीजीसीए ने बुधवार को इंडिगो के गुरुग्राम मुख्यालय में एक निगरानी समिति के दो सदस्यों को तैनात करने का फैसला किया था ताकि रद्द उड़ानों की स्थिति, कर्मचारियों की तैनाती, अनियोजित अवकाश एवं कर्मचारियों की कमी से प्रभावित मार्गों की निगरानी की जा सके।

### बेंगलुरु से 60 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** इंडिगो ने गुरुवार को भी बेंगलुरु हवाई अड्डे से 60 उड़ानें रद्द कर दीं। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब डीजीसीए ने ड्यूटी के मानदंडों के कार्यान्वयन से संबंधित योजनागत विफलताओं से सेवाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद जांच कड़ी कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो वरिष्ठ आईएएस के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में उप्र. शासन ने अहम बदलाव किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नियुक्ति और कार्मिक विभाग ने गुरुवार को कार्यक्षेत्र में इस फेरबदल का आदेश जारी किया। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अखंड प्रताप सिंह को उप्र. राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखंड प्रताप इससे पूर्व विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन और अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वहीं, आईएएस दीपा रंजन को उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ उप्र. राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण को मुख्य कार्यपालक अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### सुबह-शाम कोहरा छाने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुबह-शाम के समय उत्तरी पश्चिमी हवाएं ठंडक बढ़ा रही हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के 13 जिलों, कुशीनगर, महाराजगंज, बहराइच, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में घना कोहरा छाने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शुक्रवार को सुबह-शाम के समय हल्की धुंध और कोहरा छाया रहेगा। दिन में आसमान साफ रहेगा, धूप खिलेगी। अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

### बीडीएस काउंसिलिंग में पंजीकरण का अंतिम मौका

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सरकारी व निजी डेंटल कॉलेजों में स्नातक (बीडीएस) की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए पांचवें चरण की काउंसिलिंग में पंजीकरण कराने की अंतिम दिन 12 दिसंबर शुक्रवार है, इसी दिन देर शाम पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक अपर्णा यू ने गुरुवार को बताया कि मेरिट सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को 15 दिसंबर तक प्राथमिकताएं देनी होगी। तत्पश्चात 16 को सीट आवंटन के परिणाम घोषित होंगे और 20 दिसम्बर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### व्यावसायिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश ने अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा, दिसम्बर-2025 की तैयारियों को गति देते हुए सभी जिलाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि लेफ्टओवर/सप्लीमेंटरी श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रैक्टिकल एक्जामनर मैपिंग की अनिवार्य समय-सीमा 9 से 26 दिसंबर निर्धारित की गई है, जिसे परीक्षा से पूर्व पूरा किया जाना है। प्रमुख सचिव ने बताया कि डीजीटी, केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रैक्टिकल एक्जामनर मैपिंग केवल उन परीक्षकों की की जाएगी जो www.skillindiadigital.gov.in पर पंजीकृत हों। अगर किसी जिले में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं है, तो नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी तथा अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख, योग्यता तथा अनुभव की जांच कर अनुमोदन सुनिश्चित करेगी।

# मतदाता सूची की कमियां दूर करें, ताकि चुनाव के समय कम हों चुनौतियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री योगी ने एसआईआर को लेकर आजमगढ़ और वाराणसी में की मंडलीय समीक्षा, दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी सर्किट हाउस और आजमगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित एसआईआर समीक्षा बैठकों में स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार और संगठन घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी समय रहते मतदाता सूची की कमियों को दूर कर लिया जाए ताकि चुनाव के समय मेहनत और चुनौतियां कम हों।

वाराणसी में आयोजित समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने अफसरों को अलग से ब्रीफ किया। एसआईआर अभियान में अनमैपिंग, मृतक, अनुपस्थित और शिफ्टेड मतदाताओं को विशेष श्रेणी में लेकर छानबीन करने के निर्देश दिए। बाद में काशी क्षेत्र के छह संगठनात्मक जिलों के मंत्री समेत सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी और एसआईआर संयोजक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि चुनाव बूथ पर लड़ा जाता है, इसलिए बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाना सबसे आवश्यक है। हर बूथ पर दो टीमों द्वारा घर-घर संपर्क कर पात्र मतदाताओं का सत्यापन कराने और प्रपत्र बीएलओ को सौंपने को कहा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक तालमेल, तकनीकी दक्षता और सतत मॉनीटरिंग इस अभियान की सफलता के मूल सूत्र हैं। बीएलए-1, बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष और बूथ प्रवासी को मिलकर व्यापक रणनीति बनाने को कहा गया।



वाराणसी के डाक बंगले में एसआईआर को लेकर मंडलीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्रीगण।

### पूरी ईमानदारी से सत्यापन कार्य में जुटें : योगी

आजमगढ़ में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के साथ कई कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। बैठक के अंत में उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को पूरी ईमानदारी से सत्यापन कार्य में जुटने को कहा ताकि कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। बैठक में सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर भी शामिल हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा दिए निर्देशों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मृतक, लापता और फर्जी मतदाताओं की संख्या चिंताजनक है और इसे दुरुस्त करना अनिवार्य है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन है, सॉल्यूशन का पता नहीं।

## योगी ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारों के इलाज के लिए सरकार किसी प्रकार की कमी नहीं आने देगी। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ और हर पीड़ित को समयबद्ध एवं सन्तुष्टिपरक समाधान उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं।

# दो तस्कर गिरफ्तार, फर्जी फर्मों के जरिए देशभर में कर रहे थे तस्करी

## कफ सिरप तस्करी मामले में एसटीएफ ने लखनऊ से आरोपियों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कफ सिरप तस्करी में पकड़े गए आरोपी दोनों भाई अभिषेक और शुभम।

- **फर्जी फर्म से जुड़े 31 दस्तावेज बरामद, सात वर्ष से कर रहे थे आपूर्ति**

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने कोडीन युक्त फेंसेडिल कफ सिरप की तस्करी में लिप्त गिरोह पर बड़ा शिकंजा कसते हुए दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने सहारनपुर के आरोपियों में अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को गुरुवार की सुबह आलमबाग मवैया स्थित टेढ़ी पुलिया से दबोच लिया। दोनों भाई फर्जी फर्मों के जरिए भारी मात्रा में कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त कर उसे देश के विभिन्न राज्यों होते हुए बांग्लादेश तक सप्लाई करा रहे थे।

एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी सहारनपुर के सदर बाजार स्थित कपिल बिहार के रहने वाले हैं। दोनों सगे भाई हैं। आरोपियों के पास से दो मोबाइल व फर्जी फर्म से जुड़े 31 दस्तावेज बरामद किया है।

**फर्जी फर्मों का जाल और कोडीन सिरप की तस्करी :** पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह 2019 से फर्जी फर्में बनाकर एबॉट कंपनी के फेन्सेडिल कफ सिरप को कागजों में एक राज्य से दूसरे राज्य बेचता दिखाता था, जबकि असली माल को तस्करों को सौंप दिया जाता था। यह माल बिहार-झारखंड-पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजा जाता था। चार्टर्ड अकाउंटेंट अरुण सिंघल गिरोह के लिए बोगस फर्में तैयार करता था। सहारनपुर, रुड़की और उत्तराखंड में दर्जनों फर्जी फर्मों के नाम सामने आए हैं। गिरोह ने करीब 65 फर्मों के जरिये फर्जी बिलिंग दर्शाई।

**मारुति मेडिकोज से एवी फार्मास्यूटिकल्स तक :** पूछताछ में अभिषेक ने बताया कि वह जीआर ट्रेडिंग से लेकर मारुति मेडिकोज और एवी फार्मास्यूटिकल्स तक कई फर्मों के संचालन और बैंकिंग का जिम्मेदार था। विशाल सिंह, विभोर राणा, सौरभ त्यागी और अन्य सहयोगियों से मिलीभगत कर वह तस्करी का पूरा नेटवर्क संचालित करता था। 2024 में लखनऊ में एसटीएफ द्वारा पकड़ी गई फेंसेडिल खेप भी इसी गिरोह से जुड़ी पाई गई थी। एसटीएफ के एएसपी लालप्रताप सिंह के मुताबिक पूछताछ में शुभम ने कुबूल किया कि दुबई में नौकरी छोड़कर भारत लौटा था। बड़े भाई और गिरोह के सदस्यों ने उसके नाम पर फर्म बना कर उसे तस्करी के खेल में शामिल कर लिया। उसे हर महीने करीब एक लाख रुपये दिए जाते थे।

**पश्चिम बंगाल कनेक्शन की खोज जारी :** पूछताछ में दोनों ने पश्चिम बंगाल में सक्रिय दो तस्करों के नाम भी बताए हैं। एसटीएफ उनकी भूमिका की जांच कर रही है। दोनों के खिलाफ थाना सुशांत गोल्फ सिटी में दर्ज मामले में कार्रवाई की गई है। अभिषेक शर्मा के खिलाफ गाजियाबाद में एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में भी मामले दर्ज हैं। एसटीएफ के मुताबिक यह नेटवर्क व्यापक था और कई अधिकारियों व दवा डिस्ट्रीब्यूशन चैन में गहरी जड़ें जमाए बैठा था। आगे की कार्रवाई तेजी से जारी है।

# मुख्तार गैंग के सदस्य की संपत्तियां कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **शादाब अहमद की अवैध कमाई का खुला कच्चा चिट्ठा**
- **सरकारी जमीनों पर कब्जा कर हड़पने का मामला**

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की प्रयागराज टीम ने माफिया मुख्तार अंसारी के अवैध साम्राज्य पर एक और कार्रवाई करते हुए 2.03 करोड़ रुपये मूल्य की छह अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ये सारी संपत्तियां मुख्तार के करीबी सहयोगी शादाब अहमद और उसकी पत्नी के नाम पर होने की पुष्टि हुई है। कार्रवाई पीएमएलए 2002 के तहत की गई है। यह पूरा मामला मऊ और गाजीपुर में सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध गोदाम खड़े कर उन्हें एफसीआई को किराये पर देकर करोड़ों कमाने के खेल से जुड़ा है।

ईडी की जांच में सामने आया कि मुख्तार के संरक्षण में चल रही मेसर्स विकास कंस्ट्रक्शन ने मऊ के रैनी गांव में सरकारी जमीन पर अवैध गोदाम बनाकर करोड़ों की कमाई की। इतना ही नहीं, गाजीपुर में भी इसी तरीके से अवैध निर्माण कराया गया। इन गोदामों को बाद में एफसीआई को लीज पर देकर भारी भरकम किराये और नाबार्ड सब्सिडी के जरिए 27.72 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई।

अक्टूबर 2025 में ईडी के लुकआउट नोटिस पर शादाब अहमद को शारजाह से लखनऊ एयरपोर्ट पर ही हिरासत में ले लिया गया था। उस पर अदालत की ओर से गैर-जमानती वारंट जारी था। बाद में उसे विशेष पीएमएलए अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जांच में खुलासा हुआ कि शादाब ने करीब 10 करोड़ रुपये की अवैध कमाई को छिपाने में अहम भूमिका निभाई। वह आगाज प्रोजेक्ट एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड और इनिजियो नेटवर्क सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में निदेशक और वित्तीय संचालक था। दोनों कंपनियों के बैंक खातों का वह अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता भी था। इन्हीं कंपनियों के जरिए मुख्तार के अवैध धन को वैध कारोबार का रूप देने की कोशिश की गई।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोली, गंभीर

संवाददाता, प्रतापगढ़।

- **घर के सामने बैठे युवक को लगी तीन गोली, दी तहरीर**

**अमृत विचार :** अपने घर के सामने बैठे युवक पर बाइक से आए तीन हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। तीन गोली लगने से युवक लहूलुहान हो कर गिर पड़ा। घायल को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया। वारदात के बाद गांव में दहशत फैल गई। मुकदमे की रंजिश में घटना होने की आशंका में युवक के परिवार के सदस्यों ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ आसपुर देवसरा थाने में तहरीर दी है। सूचना मिलने के बाद सीओ पट्टी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। हमलावरों की तलाश में पुलिस की चार टीमें बनाई गई हैं।

आसपुर देवसरा के पूरे धनी निवासी 32 वर्षीय विजय कुमार उपाध्याय उर्फ सोनू पुत्र ब्रह्मदेव घर पर रहकर ट्रैक्टर चलाते हैं। गुरुवार दोपहर लगभग ढाई बजे वह ट्रैक्टर लेकर घर लौटे। खाना खाकर जैसे ही घर के बरामदे में तख्ते पर बैठा, एक बाइक पर सवार तीन हमलावर आए। बाइक चलाने वाले का चेहरा खुला था, जबकि दो अन्य का कपड़े से कवर था। पहुंचते ही उन लोगों ने विजय से पूछा कि सोनू उपाध्याय का घर यही है। विजय ने जैसे ही हां कहा, उन लोगों ने असलहा निकालकर उनको गोली मारना शुरू कर दिया। इस दौरान पांच राउंड गोलियां चलाईं, जिसमें तीन गोली विजय को लगी। इससे वह वहीं गिर गया। घटना के दौरान उनकी मां निर्मला उपाध्याय मौके पर थीं। हालांकि वह गोली मारने वालों को नहीं पहचान पाईं। वारदात के बाद तीनों बदमाश बाइक से भाग निकले। मौके पर मौजूद मां निर्मला ने गुहार लगाई तो उसके घर से भतीजी व गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। विजय को तुरंत सीएचसी अमरगढ़ ले जाया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक गोली शरीर के आर-पार हो गई थी। दूसरी गोली बाएं पैर के नीचे हिस्से में व तीसरी पेट के नीचे दाहिने हिस्से में लगी है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 13-14 को, औपचारिकताएं पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन चुनाव अधिकारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 13 और 14 दिसंबर को पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक पार्टी के राज्य मुख्यालय पर नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया की निगरानी राष्ट्रीय महामंत्री एवं केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की उपस्थिति में होगी। डॉ. पांडेय ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया 14 दिसंबर को केंद्रीय चुनाव अधिकारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के द्वारा संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संगठन चुनाव की सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष के नाम का औपचारिक ऐलान 14 दिसंबर को हो जाएगा।



### गोंडा में फर्जी बैनामा गिरोह का फरार सदस्य गिरफ्तार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) उप्र. की टीम ने 'ऑपरेशन शिकंजा' के तहत गोंडा में बड़ी कार्रवाई की। फर्जी बैनामों के जरिए जमीनों पर कब्जा करने वाले गिरोह के वांछित आरोपी राम कैलाश पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, जांच में खुलासा हुआ कि गोंडा के भू-माफिया ने निबन्धन कार्यालय सदर गोंडा के कर्मचारियों से मिलीभगत कर सरकारी और आम जनता की जमीनों के फर्जी विलेख तैयार किए। अभिलेखागार में रखे मूल दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर उनकी जगह फर्जी विलेख रखे गए, जिसके आधार पर बैनामे कराकर जमीनों पर कब्जा जमा लिया जाता था। शासन के आदेश पर इन मामलों की विवेचना थाना एसआईटी, लखनऊ को सौंपी गई, जहां अब तक 50 मुकदमे पंजीकृत किए जा चुके हैं। ईओडब्ल्यू टीम ने वांछित आरोपी राम कैलाश पाण्डेय, निवासी छितौनी, थाना कौड़िया (गोंडा) को बीते 10 दिसंबर की शाम करीब 8:15 बजे गिरफ्तार किया।



आरोपी राम कैलाश

# गोवंशो की देखरेख में न बरतें लापरवाही : सीडीओ

संवाददाता, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार :** सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय गोशाला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने पूछा कि एसएफसी पूलिंग की धनराशि 17 विकास खंडो में स्थापित गोशालाओं को मैपिंग के अनुसार दे दी गई है अथवा नहीं।

समीक्षा में पाया गया कि अब तक सम्पूर्ण धनराशि गोशालाओं को नहीं दी गई है। कहा कि शेष धनराशि शीघ्र उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गोशाला के केयर टेकर की पुलिस वेरीफीकेशन के साथ पूर्ण सूचना रखें। कहा कि गोवंशो की देखरेख में लापरवाही न बरती जाए। कंट्रोल रुम के सीसीटीवी कैमरे में दिखाई पड़ी कमियों के सन्दर्भ में उपायुक्त श्रम रोजगार/नोडल अधिकारी गोशाला संतोष कुमार सिंह ने अनुपालन की समीक्षा प्रस्तुत की। गोवंश को ठंड से बचाव के लिए प्रत्येक गोशाला में वन निगम के पास जो सूखी लकड़ी अनुपयोगी हो गई हो गोशालाओं को उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें। प्रत्येक गोशाला में रात्रिकालीन प्रकाश की व्यवस्था, भूसे, चारे की उपलब्धता, भूमि की उपलब्धता तथा सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण को अविलम्ब अतिक्रमणमुक्त कराते कर हरे चारे की बोआई कराने का निर्देश दिया। बैठक में पीडी दयाराम यादव, सीवीओ डॉ. प्रदीप कुमार, सभी एसडीएम, डीएफओ जेपी श्रीवास्तव, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एनपी सिंह, डीपीआरओ श्रीकांत दर्वे, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, सभी बीडीओ, अधिशाषी अधिकारी और पशु चिकित्साधिकारी शामिल रहे।



विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक को संबोधित करतीं सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा

# परियोजनाओं की धीमी गति पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक में मुख्य सचिव ने कार्यदायी संस्थाओं को दी हिदायत**
- **कहा- अगली बैठक में सभी परियोजनाओं में दिखनी चाहिए अपेक्षित प्रगति**

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने आगरा, वाराणसी और लखनऊ में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री एकता मॉल तथा लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में बन रहे श्रमजीवी महिलाओं के छात्रावास परियोजनाओं के निर्माण की धीमी रफ्तार पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि अगली पीएमजी बैठक में सभी परियोजनाओं में अपेक्षित वित्तीय एवं भौतिक प्रगति स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



एसपी गोयल

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पीएम मित्र पार्क परियोजना के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि बाउंड्री वॉल, गेट कॉम्प्लेक्स तथा ऑफिस बिल्डिंग के नवीनीकरण का कार्य मार्च 2026 से पूर्व हर हाल में पूरा कराया जाए।

बैठक में राज्य की प्रमुख विकास परियोजनाओं जिसमें प्रधानमंत्री एकता मॉल, पीएम मित्र पार्क, श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास, संत कबीर टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पार्क, श्रावस्ती में इंटरप्रिटेशन सेंटर, बटेश्वर में पर्यटन विकास कार्य तथा आगरा, कानपुर व लखनऊ की मेट्रो रेल परियोजनाएं, डिजिटल लाइब्रेरी शामिल हैं, की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

### आगरा व कानपुर में मेट्रो ट्रेन टेस्टिंग ट्रायल रन जनवरी से

आगरा मेट्रो परियोजना में चार स्टेशनों के लिए सभी सुरंगों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है तथा फिनिशिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। परियोजना पर ट्रेन टेस्टिंग एवं ट्रायल रन जनवरी 2026 से प्रारंभ होने की योजना है। वहीं कानपुर मेट्रो परियोजना के तहत कानपुर सेंट्रल से ट्रांसपोर्ट नगर तक भूमिगत खण्ड (दो स्टेशन) की प्रगति 82 प्रतिशत है और इसे 15 अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। यहां भी ट्रेन टेस्टिंग एवं ट्रायल रन जनवरी 2026 से मई 2026 के बीच प्रस्तावित है। वहीं लखनऊ मेट्रो के कॉरिडोर-1बी (चारबाग से वसंत कुंज) के लिए लोक निर्माण विभाग से आवश्यक एनओसी प्राप्त हो चुकी है।

# सुरक्षा व सुविधाओं के लिए वकीलों ने बुलंद की आवाज, प्रदर्शन

संवाददाता, वाराणसी

- **वाराणसी पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा, परिसर में भ्रमण कर साथियों में भरा जोश**

**अमृत विचार :** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को संसद में पारित कराए जाने की मुहिम गुरूवार को वाराणसी पहुंची। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के बैनरतले लखनऊ से रायबरेली, उन्नाव, कानपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, जौनपुर होते हुए दोपहर बाद अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा यहां कलेक्ट्रेट कचहरी पहुंची।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की अगुवाई में सुरक्षा यात्रा में शामिल वकीलों को परिसर में बैनर व पोस्टर के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर साथियों से सहयोग की मांग की। ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि विधानसभा में इस अधिनियम का सरकार संसद के लिए संकल्प प्रस्ताव पारित कराए। वहीं उन्होने संसद के मौजूदा सत्र में ही अधिनियम को पारित कराए जाने की मांग भी उठाई। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि यूपी सरकार भी एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट का मसौदा लेकर आयी पर वह अब तक इसे भी कानूनी प्रभाव नही दे सकी है।

बताया कि इस अधिनियम में सुरक्षा के साथ साथ बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन, युवा अधिवक्ता लाइब्रेरी भत्ता, सामूहिक स्वास्थ्य बीमा, महिला वकीलों को न्यायिक क्षेत्र में आरक्षण दिये जाने आदि का प्राविधान रखा गया है। संयोजन बनारस इकाई अध्यक्ष शैलेष कुमार सिंह, अध्यक्षता राम जनम सिंह ने किया। बलराम उपाध्याय, प्रवीण त्रिपाठी, अजय सिंह बागी, राजेश श्रीवास्तव, सुनील योगी, संदीप गिरि, संजय श्रीवास्तव, रोशन राजभर ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को समर्थन की घोषणा की। इस दौरान मनोज सिंह, रविशंकर राय, देवानंद राय, हेमन्त सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह, संदीप गिरि दिनेश सिंह आदि रहे।




कचहरी में सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर नारेबाजी करते अधिवक्ता।

# सामूहिक विवाह में 58 जोड़े लेंगे सात फेरे

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** प्रशासन की ओर से दो तिथियों में कराए गए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन में अलग-अलग कारणों से अनुपस्थित रहने वाले 58 युवक युवतियां शुक्रवार को सात फेरे लेंगे। कटरा मेदनीगंज के रानी रामप्रिया गार्डेन में आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह समारोह के नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए जिले के जनप्रतिनिधि और अफसर मौजूद रहेंगे। जिले के अलग-अलग विकास खंड से चिन्हित किए गए 58 जोड़े सामूहिक विवाह में शामिल नहीं हो सके। ऐसे में इन जोड़ों का विवाह कराने के लिए प्रशासन की ओर से शुक्रवार को कटरा मेदनीगंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन कराया जा रहा है। शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह में 58 जोड़े अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेंगे और एक जोड़े का निकाह कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से आयोजन कराए जाएंगे।

### न्यूज ब्रीफ

## घर के बाहर खड़ी बाइक उड़ा ले गए चोर

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा में चोरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित नजमुद्दीन निवासी ग्राम व पोस्ट बांसा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बाइक 7 दिसंबर की रात उनके चाचा मोहम्मद मेराज के घर के बाहर खड़ी थी। सुबह लगभग 6 बजे जब उनके चाचा नमाज के लिए निकले तो बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला।

## छह दिन से आधे गांव की बिजली गुल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** वाहन की टक्कर से टूटा पोल अभी तक बदल न पाने के कारण छंगेपुर गांव के आधे घरों में पिछले छह दिनों से बिजली नहीं है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर शिकायत की, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पोल आ गया है, लेकिन गड्ढा खोदने वाली मशीन खराब हो गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र बिजली की समस्या दूर कर दी जाएगी।

## लोक अदालत के प्रचार को निकली साइकिल रैली

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को जनपद न्यायालय में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, महामंत्री राम राज यादव, पैनल अधिवक्ता तथा विधि छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## पुल पर मरम्मत के दौरान लंगा जाम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरयू पुल के जॉइंटरों की मरम्मत गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रही। शाम को मरम्मत खत्म होने के बाद भारी वाहनों के आने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। रामनगर मुख्य चौराहे तक ट्रैफिक की रेंगती रफ्तार से आम जनता परेशान हुई। ट्रैफिक पुलिस ने कई घंटे तक वाहनों को निकालने में मशक्कत की।

## खाद लेने गए व्यक्ति की आकस्मिक मौत

**जैदपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** पल्हरी स्थित सहकारी समिति पर खाद लेने गए एक व्यक्ति की आकस्मिक मौत हो गई। बरकतनगर निवासी संतराम यादव गुरुवार सुबह खाद उतारने जैदपुर पल्हरी सहकारी समिति गया था। वहां पर संतराम गाड़ी से उतर कर कुर्सी पर बैठा ही था कि वह अचानक गिरकर बेहोश हो गया। सीएचसी में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया

# युवती को पूरी रात बंधक बनाकर दुष्कर्म, मारपीट

## देवा थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला, आरोपी पर मुकदमा

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**घिनौना कृत्य**

**अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के एक गांव में बुधवार शाम घर से बाहर गई युवती को पूरी रात बंधक बनाकर जेसीबी चालक ने न सिर्फ दुष्कर्म किया बल्कि उसकी पिटाई भी की। परिजनों ने घटना की शिकायत पुलिस से की लेकिन पुलिस की मानें तो युवक-युवती में प्रेम प्रसंग चल रहा है। हालांकि पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पिता ने बताया कि बुधवार शाम उसकी पुत्री घर से बाहर गई थी। इसी दौरान आरोपी युवक अंकित यादव, जो संजू यादव की जेसीबी मशीन चलाता है, ने पुत्री को जबरन झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद रात भर संजू यादव के घर के कमरे में रात भर बंधक बना कर फिर दुष्कर्म किया। गुरुवार की सुबह करीब छह बजे युवती को मार-पीटकर उसने भगा दिया। उसकी बेटी ने पूरी घटना बताई तो उसने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। आरोप है कि पुलिस ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। यह भी कहना है कि पुलिस ने युवती को महिलाकर्मियों के साथ मिशन शक्ति केंद्र में भेज दिया लेकिन उन्हे मिलने नहीं दिया गया। परिवार ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। इस संबंध में देवा कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक तथ्यों में युवती और आरोपी के बीच प्रेम संबंध होने और दो महीने से मोबाइल पर बातचीत चलने की बात सामने आई है। युवती ने आरोपी से शादी की इच्छा भी जताई है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।

## मां की हत्या का प्रयास बड़े भाई का गला दबाया

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक बेटे ने शराब के नशे में अपनी मां पर बांके से जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास किया। उसे बचाने पहुंचे बड़े भाई का गला दबा दिया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। मां की तहरीर पर बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ननदपुर की रहने वाली रामरानी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र शिवभगवान 9 दिसंबर की रात शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब उसने बेटे को रोकने का प्रयास किया तो वह आक्रोशित हो गया और बाके से उन पर हमला कर दिया। हमले में रामरानी के गले पर गंभीर चोट आई और काफी खून बह गया। बड़ा बेटा शिवबालक मौके पर पहुंचा शिवभगवान ने बड़े भाई का गला दबाने की कोशिश की।

# योगी का आगमन आज, सुरक्षा कड़ी

**किसान पाठशाला**

- कृषि मंत्री शाही ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसान पाठशाला का शुभारम्भ शुक्रवार को पद्मश्री किसान राम सरन वर्मा के गांव दौलतपुर से करेंगे। गुरुवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी उपस्थित रहेंगे। सीएम के आगमन को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। सुबह 11:02 बजे मुख्यमंत्री पद्मश्री किसान रामसरन वर्मा के फार्म पहुंचेगे। 11:10 बजे मुख्यमंत्री प्रदेशभर के आए प्रगतिशील किसानों से भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री किसान पाठशाला का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान 11:30 बजे राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों पर आधारित लघु वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। 11:32 बजे प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा और लाभार्थी किसानों को चेक और स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे। 11:35 बजे मुख्यमंत्री का उद्बोधन होगा।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते कृषि मंत्री। ● अमृत विचार

# तीन शातिर ठग गिरफ्तार पांच ट्रैक्टर बरामद

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर की ठगी करने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एक बाइक व पांच ट्रैक्टर बरामद हुए हैं।

टीम के हत्थे चढ़े आरोपियों में सौरभ वर्मा, अभिषेक वर्मा तथा अनिल वर्मा शामिल हैं। शातिरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक बाइक तथा पांच ट्रैक्टर बरामद किए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि बरामद मोटरसाइकिल को अभियुक्तों ने एक वर्ष पूर्व सनौली मोड़ से चोरी की थी। सौरभ व अनिल अपने पिता संजय वर्मा के साथ मिलकर ट्रैक्टर स्वामियों को मोटा किराया देने का लालच देकर उनके ट्रैक्टर ले जाते थे। जब स्वामी किराया मांगते थे तो उन्हें डराकर भगा देते थे। इस संबंध में रामसनेही घाट, कोठी व जैदपुर थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्त अब तक कई ट्रैक्टर स्वामियों को इसी तरह ठग चुके हैं और कई ट्रैक्टरों को बेच भी चुके हैं।

## विवाहिता को घर से पीटकर भगाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में दहेज को लेकर प्रताड़ित की जा रही विवाहिता से पति की अदालत में सुलह हुई पर ससुराली नहीं माने, कुछ दिन पूर्व उसकी पिटाई कर ससुराल से भगा दिया गया। ग्राम जिन्हौली निवासी निर्मला का विवाह 15 जून 2020 को धर्मेन्द्र कुमार निवासी निरऊमऊ थाना सतरिख से हुआ था। आरोप लगाया कि उसका पति धर्मेन्द्र, सास मीरा देवी, ससुर अशोकानन्द, ननद शिवकुमारी उर्फ कोमल व शिवदेवी और देवर सुरेन्द्र उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

# पूर्व सरकारों ने मछुआ समुदाय को ठगा : निषाद

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार मछुआ समुदाय के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। निषाद समाज को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए सक्रिय पंजीयन कराना चाहिए।

मंत्री डॉ. निषाद ब्लाक में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्व सरकारों पर मछुआ समुदाय को ठगने का आरोप लगाया और वर्तमान भाजपा सरकार की योजनाओं के तहत दुर्घटना बीमा एवं अन्य लाभों का विवरण साझा किया। डॉ. निषाद ने सूरतगंज ब्लॉक को निषाद समाज का मजबूत केंद्र बताते हुए कहा कि समाज को आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा और सहयोगी दलों को पूर्ण समर्थन देना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी संगठन मजबूत रखने और मछुआ समाज के अधिकार दिलाने का आह्वान किया। जिला मत्स्य अधिकारी अच्छेलाल निषाद ने मछुआरों को योजनाओं से जोड़ने के लिए पंजीयन और डाटा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेनू निषाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश निषाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# ब्रेजा कार सवार चार लोगों पर रिपोर्ट

अमृत विचार Follow UP

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पूरा परिवार खोने वाले पुलिस विभाग में बतौर दीवान जावेद अशरफ सिद्दीकी गुरुवार को हैदरगढ़ कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर ब्रेजा कार सवार चारों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी।

बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में उनकी पत्नी व उनके चार बच्चों की मौत हो गई थी। इस हादसे से टूट चुके जावेद अशरफ गुरुवार को दोपहर बाद कोतवाली आए और अपनी तहरीर दी। तहरीर के अनुसार उनकी पत्नी गुलेअफ्सा परवीन उर्फ चांदनी, पुत्री समरीन, पुत्र मो. जयान, पुत्री इल्मा व इस्मा उनके साले जीशान के साथ वैगन आर कार से फूलपुर आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे। ये लोग सुबेहा के कुड़वा गांव के निकट कार हाईवे के किनारे खड़ी कर अन्दर पानी पी रहे थे कि तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई ब्रेजा कार ने वैगन आर कार में टक्कर मार दी। ब्रेजा कार में दीपांशु मिश्रा व उनकी बहन दीप्ति मिश्रा, तृप्ति मिश्रा तथा चन्दन तिवारी सवार थे। वैगन आर कार में सवार सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। हैदरगढ़ सीएचसी में डाक्टरों ने उनकी पत्नी तथा बच्चों को मृत घोषित कर दिया था तथा गम्भीर रूप से घायल जीशान को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हवा-हवाई निकले सुरक्षा-संरक्षा के सभी दावे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में यूपीडा की लापरवाही सामने आई है। वैगन आर कार पीली पट्टी के उस पार करीब आधे घंटे तक खड़ी रही पर एक्सप्रेव वे पर पैनी नजर रखने का दावा करने वाले यूपीडा का कोई कर्मी वहां झांकने तक नहीं आया। इस हादसे ने परिवार को कभी न खत्म होने वाला दर्द दिया तो कुछ संयोग हादसे को और खौफनाक होने से बचा गए। यह भी बताते चलें कि घटना के करीब बीस मिनट बाद यूपीडा की सुरक्षा टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। बुधवार को किनारे खड़ी वैगनआर कार में पीछे से आ रही ब्रेजा कार ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वैगन आर सवार मां व उसके चार बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर गए डीएम एसपी के निर्देश पर रातों रात शवों को पोस्टमार्टम के बाद बाराबंकी आए परिजनों को सौंप दिया गया। वाराणसी जिला थाना क्षेत्र लोहता के रहीमपुर स्थित दीवान जावेद के घर शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। गम का माहौल इस कदर कि जावेद के गांव से लेकर ससुराल में गुरुवार को चूल्हा तक नहीं जला। उधर मृतका का पति इस हादसे से पूरी तरह टूट गया है। वह खबर पाकर जार जार रोता रहा। बेहद गमगीन माहौल में मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। हर कोई इस हादसे को लेकर दुख जताता नजर आया। इसी प्रकार ब्रेजा कार सवार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पाकर गोरखपुर से परिजन लखनऊ पहुंच गए। हालांकि बताया जा रहा कि ब्रेजा कार का एक टायर फट गया था, जिसके कारण वह स्पीड में तेजी से बाईं ओर बढ़ी और वैगन आर से टकरा गई।

# मवेशी चोर गिरोह के नौ सदस्य गिरफ्तार, माल बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने मवेशी चोर गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर इनके पास से नकदी, जेवर, बाइक बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सर्विलांस सेल व थाना बड्डूपुर की संयुक्त टीम ने चोरी की घटनाओं में लिप्त 9 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 36,500 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण, 2 मोटरसाइकिल, एक पिकअप, 2 गैस सिलेंडर, 8 मोबाइल फोन, 2 तमंचा व जिंदा कारतूस सहित काफी माल बरामद किया है। अभियुक्तों की पहचान मोहम्मद शुऐब, रेहान, मोहम्मद आलम, सौरव मौर्या, सलमान उर्फ राहुल, संदीप, सलमान, मोहम्मद समीर और मोहम्मद इमरान के रूप में हुई। यह गिरोह दिन में गांवों में बंद पड़े मकानों व कीमती जानवरों की रेकी करता और रात में पिकप व मोटरसाइकिल से चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। चोरी किए गए मवेशियों को यह लोग खलीलाबाद व रौनाही पशु बाजार में बेच देते थे।



गोपाल राय का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

## हिंदू धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं : गोपाल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्रा द्वारा जिले के चौपुला चौराहे पर आयोजित बैठक में कहा कि हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं से किया जा रहा खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा। गोपाल राय ने मांग की कि हिंदू धर्म पर टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में अगर बाबरी मस्जिद बनी तो वीएचआरपी हर प्रदेश में भव्य श्रीराम मंदिर बनाएगा। उन्होंने बाबरी मस्जिद विध्वंस दिवस को 'शौर्य दिवस' के रूप में मनाए जाने की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हिंदू स्वाभिमान का प्रतीक है। बैठक में कुलदीप मिश्रा, सत्या मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, मनीष वर्मा, राज मिश्रा, शिवम अवस्थी, योगेश मिश्रा, रामेंद्र मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, शशांक गुप्ता, अभिषेक वर्मा, अजीत वर्मा, प्रकाश आर्या, अतुल शर्मा, दीपक मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सौरभ दास ने शमशेर को दी पटखनी

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा शहाबपुर कमल पैलेस में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल महोत्सव का समापन हुआ। दूसरे दिन विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने फीता काटकर कुश्ती का शुभारंभ किया। फाइनल कुश्ती में अयोध्या के सौरभ दास ने हरियाणा के पहलवान शमशेर को पटखनी दी। महिला पहलवानों में शिवांगी और खुशी ने जीत हासिल की। दंगल के दौरान आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े और पुलिस की निगरानी में मुकाबले सुरक्षित रूप से आयोजित किए गए। आयोजकों में सौरभ दास, तुषार जायसवाल, अभिषेक प्रधान आदि थे।

# सरकार ने मुस्लिम समाज को दिया बड़ा अवसर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश वक्फ ट्रिब्यूनल ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ाकर अब 5 जून 2026 कर दी है। इससे पहले अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2025 निर्धारित थी, लेकिन बड़ी संख्या में वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण समय कम होने के चलते पूरा नहीं हो सका था।



वसीम राईन।

इस निर्णय का स्वागत करते हुए ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुसलमानों की वक्फ संपत्तियों को दर्ज कराने के लिए बड़ा अवसर प्रदान किया है, वसीम राईन ने सभी मुतवल्लियों से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित अतिरिक्त अवधि में अपनी-अपनी वक्फ संपत्तियों का उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दिक्कत न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि समय-सीमा बढ़ने से वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और पारदर्शिता को नया बल मिलेगा।

**स्थापना दिवस** | पायका मैदान सुमेरगंज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# पीआरडी का योगदान अमूल्य : सतीश शर्मा

संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पायका मैदान सुमेरगंज में गुरुवार को 77वां पीआरडी स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने पीआरडी की रैतिक परेड की सलामी ली। इसमें जवानों की लयबद्ध कदमताल और अनुशासन ने दर्शकों का मन मोह लिया।

मंत्री शर्मा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने जवानों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि पीआरडी का योगदान प्रदेश के लिए अमूल्य है। पीआरडी जवानों का अनुशासन और ऊर्जा देखकर ऐसा लगा जैसे किसी उच्चस्तरीय सैन्य परेड का निरीक्षण कर रहा हूं। सरकार जवानों की सेवा का सम्मान करती है। विशिष्ट अतिथि शशिकांत वर्मा ने कहा कि पीआरडी हर चुनौती की पहली पंक्ति है और सरकार जवानों के हितों और सुविधाओं को लगातार मजबूत कर रही है। रैतिक परेड और जवानों के प्रदर्शन ने स्थापना दिवस को यादगार और प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम में फतेहपुर टोली के जवान उत्तम कुमार, पूरे डलई टोली के विवेक कुमार, बनीकोडर टोली के अमन कुमार, परेड कमांडेंट विक्रांत मिश्रा, बीओ विकास तिवारी, रोहित मिश्रा, अरविंद बाजपेई, तरुण तिवारी, शिवांशु पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी संजय रॉय, प्रधानाचार्य श्याम नरायन, कुलदीप सिंह, पूर्व खिलाड़ी मो. अहमद आदि मौजूद रहे।



परेड की सलामी लेते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। ● अमृत विचार

## हाइट गेज बना गन्ना किसानों की मुसीबत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर चौराहे से फतेहपुर मार्ग पर स्थित अगानपुर पुल पर रेलवे विभाग द्वारा लगाया गया हाइट गेज किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। करीब तीन मीटर ऊंचाई वाले इस गेज के कारण गन्ना लदे वाहनों का गुजरना मुश्किल हो गया है, जबकि गन्ना ट्रकों की सामान्य ऊंचाई साढ़े तीन से चार मीटर तक होती है। स्थानीय किसानों का कहना है कि हाल ही में हुए हादसे के बाद रेल विभाग ने सुरक्षा के नाम पर कड़े नियम लागू कर दिए हैं, लेकिन आम जनता और किसानों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। अभी तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सिटी डायरी



कथा सुनाते अतुल कृष्ण भारद्वाज। अमृत विचार

## श्रीराम की जीवन गाथाओं ने श्रोताओं को किया भावविभोर

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर में श्रीराम कथा के पांचवे दिन कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्रीराम की जीवन गाथाओं और उनके महान कार्यों को रोचक ढंग से प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने श्रीराम द्वारा धनुष भंग, परशुराम से संवाद और श्रीराम-सीता विवाह जैसे प्रसंगों का वर्णन किया। अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि जब विश्वामित्र जी ने सम्पूर्ण उत्तर भारत को दुष्टों से मुक्त कराकर ऋषि यज्ञों का संचालन सुचारू कर दिया, तब उन्होंने श्रीराम को जनकपुरी की ओर भेजा। स्वयंवर में जब कोई राजा धनुष नहीं तोड़ पाया, तब श्रीराम ने धनुष भंग कर पूरे विश्व को संदेश दिया कि अधर्मी अब सुरक्षित नहीं रहेंगे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं।




प्रतियोगिता में विजेता छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

## नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की आठवीं स्पोर्ट्स मीट 'उड़ान' के 11वें दिन विभिन्न शाखाओं में नृत्य, गायन और जीके क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। कंपनी बाग व सिविल लाइन शाखा में प्रारंभिक वर्ग के बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागियों ने भाग लिया। बालाजी सत्य प्रेमी नगर, बालाजी एकेडमी बंकी व किड्स प्ले स्कूल में सभी हाउसेस की इंटर व इंट्रा प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। सत्य प्रेमी नगर शाखा में ग्रुप ए नृत्य, ग्रुप बी गायन और ग्रुप सी जीके क्विज में इनोवेशन, कंपैशन, क्रिएटिविटी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं बालाजी एकेडमी बंकी ब्रांच में इंटीग्रिटी, हार्मनी, विजडम व करिज हाउस के बच्चों ने नृत्य, गायन और क्विज में शीर्ष स्थान हासिल किए।



सीपेज ड्रेन पर डाली गई मिट्टी। अमृत विचार

## अवैध कब्जे से सीपेज ड्रेन अवरुद्ध

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा देवा से होकर गुजरने वाली बाराबंकी ब्रांच नहर के किनारे बनी सीपेज ड्रेन पर बढ़ता अवैध कब्जा अ समस्या का रूप लेता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा बिना अनुमति के ड्रेन को मिट्टी डालकर पाट दिया गया है और अपनी प्लॉटिंग तक पहुंच बनाने के लिए वहां अवैध कच्चा रास्ता तैयार कर लिया गया है। अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग राजीव कुमार ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं था। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की अनुमति के बिना सीपेज ड्रेन पर मिट्टी डालकर रास्ता बनाना गलत उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



प्रशिक्षण में मौजूद बीईओ व शिक्षक। अमृत विचार

## प्रशिक्षण शिविर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोटवा सड़क संसाधन केंद्र में मीना मंच सशक्तिकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। संदर्भ दाताओं को प्रगति के पंख, अरमान मॉड्यूल, शिक्षक संदर्शिका और टूल-10 की जानकारी दी गई। बीईओ संजय कुमार राय ने कहा कि मीना मंच बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने का माध्यम है। यूनिसेफ के पीटर ने कहा कि सही मार्गदर्शन और लगातार गतिविधियां बालिकाओं में नई ऊर्जा और जागरूकता पैदा करती हैं।

न्यूज ब्रीफ

## कैंप में बिजली विभाग ने वसूला 1.91 लाख रुपये का राजस्व

**शुक्लागंज।** बिजली बिल बकायेदारों के लिए यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहे बिजली बिल राहत योजना के तहत नगर में कैंप लगाकर राजस्व वसूली की जा रही है। दिसंबर माह तक चलने वाले पहले चरण में उपभोक्ताओं को सरचार्ज पर 100 प्रतिशत और मूल धन पर 25 प्रतिशत छूट प्रदान की जा रही है। गुरुवार को पोनी रोड और बम-बम चौराहा पर उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में ओटीएस कैंप आयोजित किया गया। कैंप में जेई चांद बाबू, टीजी-2 पवन कुमार, महेंद्र, सतीश सहित लाइन स्टाफ ने घर-घर पहुंचकर बकायेदारों को योजना की जानकारी दी और पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। सुबह से शाम तक कैंप में उपभोक्ताओं की निरंतर भीड़ बनी रही। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को 25 उपभोक्ताओं ने ओटीएस के तहत पंजीकरण कराया, जिससे विभाग को कुल 1 लाख 91 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की कि वे दिसंबर माह तक संचालित छूट योजना का लाभ समय रहते उठाएं, जिससे बिजली कटौती और अतिरिक्त सरचार्ज से राहत मिल सके।

## शिक्षक संघ ने की चयन वेतनमान की मांग

**उन्नाव।** जूनियर शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष अनुपम मिश्र के नेतृत्व में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय संजय यादव से मिला। बीएसए की अनुपस्थिति में संघ ने जनपद के शिक्षक-शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्याओं को रखते हुए एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने चयन वेतनमान, अवरुद्ध वेतन, एरियर भुगतान और सेवानिवृत्ति से संबंधित मुद्दों के समाधान की मांग की। संघ ने बताया कि शिक्षकों का चयन वेतनमान काफी समय से लंबित है। जुलाई 2025 में कुछ चयन वेतनमान स्वीकृत किए गए थे, लेकिन कई पात्र शिक्षकों को सूची से बाहर कर दिया गया। संघ ने सभी पात्र शिक्षकों के चयन वेतनमान शीघ्र स्वीकृत कर आदेश जारी करने की मांग की। इसके अलावा जिन शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध या वे निलंबित हैं, उनके मामलों पर सहानुभूतिपूर्ण विचार कर बहाली आदेश जारी करने की भी मांग की गई। महंगाई भत्ते का एरियर अभी तक शिक्षकों के खातों में न पहुंचने पर नाराजगी जताते हुए संघ ने अवरुद्ध वेतन के एरियर सहित सभी देयों के शीघ्र भुगतान की बात कही। साथ ही 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पेंशन पत्रावलियाँ जल्द तैयार कर लखनऊ पेंशन कार्यालय भेजने और भविष्य निधि सम्बन्धी प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

# हिंदू-मुस्लिम एकता की नजीर पेश कर रहा तकिया मेला

### जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश एवं क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने दीप जलाकर किया शुभारंभ

संवाददाता, उन्नाव


लिंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करते विधायक, डीएम व एसपी। अमृत विचार


बाबा मोहम्मद शाह में ताजपोशी करते विधायक, डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक माना जाने वाला सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर एवं बाबा मोहम्मद शाह तकिया मेला गुरुवार को धूमधाम से शुरू हुआ। मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश एवं क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बाबा मोहम्मद शाह की मजार पर चादरपोशी की गई। अधिकारियों ने सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन और जलाभिषेक भी किया।

मेले में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टाल भी आकर्षण का केंद्र बने रहे। जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने उद्यान, खाद्य, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर जनता को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात मंच पर माजिद कव्वाल हस्सानी ग्रुप मनकापुर, बीघापुर द्वारा प्रस्तुत हिंदू-मुस्लिम एकता, राष्ट्रप्रेम और भक्ति परक कव्वाली का आनंद लिया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि तकिया मेला केवल सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। यह मेला वर्षों से उन्नाव की

- **400 वर्षों से अधिक पुराने परंपरागत मेले का हुआ उद्घाटन**

गंगा-जमुनी तहजीब और हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश भर में देता आ रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न समुदायों के लोग दूर-दराज से आकर इस मेले का हिस्सा बनते हैं, जो स्वयं में एक मिसाल है। परंपरा के अनुसार मेला 15 दिनों तक आयोजित होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़, उप जिलाधिकारी बीघापुर, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अनेक अधिकारी और मेला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्धा की मौत

**बांगरमऊ।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर मझगवां निवासी कमला (60) पत्नी रामनाथ गुरुवार की शाम में पैदल सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। हादसे के बाद गांव का निवासी चालक संतोष ट्रैक्टर छोड़ कर भाग निकला। वृद्धा को गंभीर घायल हालात में परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मां की मौत से बेटे निरंजन, सुधांशु व चार बेटियां रो-रोकर बेहाल रही। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने बताया कि शव को मोर्चरी भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर सीज कर चालक पर कार्रवाई की जाएगी।

# गोली मारकर की गई थी महिला की हत्या

अमृत विचार Follow UP

**उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज के मन्ना खेड़ा में ट्यूबवेल आपरेटर की पत्नी की हत्या गोली मारकर की गई थी। हत्यारे ने बाई कनपटी से सटा गोली दागी जो भेजा चीरते हुए दाई ओर से पार हो गई। इसके अलावा उसके चेहरे व सिर पर भी 8 चोंट मिली है। सूत्र बताते है पूरी वारदात के पीछे किसी बेहद अपने का हाथ है। हालांकि पुलिस ने पति ने जिन लोगों पर शक जताया था उनसे भी पूछताछ कर रह रही है।

अचलगंज के मन्ना खेड़ा गांव निवासी राम खेलावन जल निगम में रायबरेली जिला के सलोंन तहसील के मियागंज रानीपारा में ट्यूबवेल आपरेटर है। उसके एक बेटा था। जिसकी मौत हो गई थी। गांव के बाहर वह खेत के पास अपना मकान बनाए था। वहां वह पत्नी नगीना (55) के रहता था। सप्ताह में एक दिन छुट्टी पर वह घर लौटता था। बुधवार सुबह गांव का एक युवक खेत में पानी लगाने के लिए जीन मांगने पहुंचा तो वहां नगीना रक्तरंजित शव मिला था।

# मारपीट में युवक की गई जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** अलाव के लिए रखी लकड़ी में टक्कर लगने से पड़ोसी युवकों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें एक युवक के सिर पर डंडे से आई चोटों से मौत हो गई। पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नूरदी नगर मोहल्ला निवासी तुफैल (24) पुत्र मो. रईस गैराज में चार पहिया वाहनों की रिपेयरिंग का काम सीखता था। घर के बाहर अलाव जलाने को लेकर उसकी पड़ोसी युवक रहमत अली पुत्र सबीर से अंदरूनी खुन्नस चल रही थी। बुधवार की देर रात रहमत अलाव जलाए था। तभी तुफैल अपने चाचा के घर से लौट रहा था। इस दौरान उसका पैर लकड़ी से टकरा गया।


तुफैल (फाइल फोटो)।

इसमें दोनों के बीच कहासुनी के बाद गाली गलौज हुई। इसी में गुस्से में रहमत ने पास में रखे डंडे से उसके सिर में प्रहार कर दिया। इसी बीच बहन सैदीन व अन्य परिजन पहुंचे और सिर की चोट मामूली समझ कर घर में पट्टी बांध दी। आपसी विवाद मानकर उस समय परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस नहीं दी। लेकिन देर रात के बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां से कानपुर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौटे तो इकलौते बेटे का शव देख मां अनिशा बेहाल हो गई। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं युवक की मौत के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। तुफैल दो बहनों में अकेला भाई था। पिता सउदी अरब में मजदूरी करते है। गुरुवार को हुए पोस्टमार्टम में उसके सिर पर एक चोट मिली। जिससे आंतरिक ब्लीडिंग होने से उसकी जान चली गई। सीओ दीपक यादव ने जांच कर आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने गैर इरादतन हत्या में केस दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई है।

# हैंगिंग से हुई थी युवती की मौत, पति पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार Follow UP

**उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के सराय मलकादिम निवासी पप्पू सिंह की बेटी सीता (25) का शव बुधवार को घर के अंदर फंदे से लटका मिला था। छोटी बहन दिव्यांशी के मुताबिक बहन कि शादी 30 नवंबर-2025 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में मौला बांकीपुर गांव निवासी पारस से हुई थी। इसके बाद से बहन मायके आई थी। बुधवार दोपहर उसका पति पारस उसे विदा कराने ससुराल आया था। लेकिन सीता ने जाने से मना कर दिया था। इस पर दोनों में विवाद हुआ। उसी के बाद सीता का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला था। बहन ने बताया कि पारस अपने साथ सीता के मोबाइल में पड़ा सिम भी ले गया है। मृतका के पिता पप्पू सिंह की तहरीर पर पुलिस ने पति पारस पर दहेज हत्या और मानसिक उत्पीड़न की धारा में प्राथमिकी दर्ज हुई है। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि के पिता की तहरीर पर आरोपी पति पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# ट्रांस गंगासिटी के उपकेंद्र का निरीक्षण

- **दिसंबर तक शेष कार्य पूरा करने के दिये निर्देश**

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** ट्रांस गंगासिटी परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन 220/33 केवी जीआईएस उपकेंद्र का निरीक्षण यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ किया। उन्होंने उपकेंद्र के निर्माण और लाइन कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए शेष कार्य को दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए।

करीब साढ़े दस बजे पहुंचे अध्यक्ष गोयल के साथ निदेशक (ऑपरेशन) पियूष गर्ग, कार्य एवं परियोजना निदेशक अमिताभ, पारेषण मध्य के मुख्य अभियंता अखिलेश श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता नरेन्द्र कुमार पांडेय, अधीक्षण अभियंता राज कुमार, अधिशासी अभियंता अनूप कुमार, अंकित पाठक (लखनऊ) और भरत गौतम मौजूद रहे। टीम ने उपकेंद्र का निरीक्षण कर भवन, उपकरण स्थापना और लाइन निर्माण कार्य की स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने परिसर में परिजात और अशोक का पौधा भी रोपित किया। उन्होंने बताया कि लगभग 85 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह जीआईएस उपकेंद्र ट्रांस गंगासिटी क्षेत्र के लिए 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति का आधार बनेगा। इससे कमर्शियल और घरेलू दोनों प्रकार के कनेक्शनों को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि उपकेंद्र में लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और केवल लाइन से जुड़ा करीब 5 प्रतिशत कार्य शेष है, जिसे दिसंबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मिश्रा कॉलोनी की कटान रोकने के कार्य का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**शुक्लागंज।** मिश्रा कॉलोनी के सामने गंगा कटान की बढ़ती आशंका को देखते हुए सिंचाई विभाग शारदा नहर खंड द्वारा बीते कई दिनों से पायलिंग का कार्य कराया जा रहा है। गुरुवार को इसी कार्य का निरीक्षण करने के लिए विभाग के एक्सईएन गगन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कटान रोधी उपायों की प्रगति को परखा और अधिकारियों को निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे कटान को रोकने के लिए विभाग की ओर से बल्लियां और झाड़ियां लगाकर पायलिंग की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इससे कटान पर फिलहाल कुछ नियंत्रण हुआ है।

# दुष्कर्म के दोषी को 21 साल की सजा

- **कोर्ट ने लगाया 40 हजार रुपये का जुर्माना**

**उन्नाव, अमृत विचार।** 11 साल की किशोरी से दुष्कर्म के दोषी युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उसे 21 साल की सजा सुनाई है। साथ हो कोर्ट ने उस पर 40 हजार का जुर्माना भी लगाया।

फतेहपुर चौरासी के एक गांव में निवासी महिला ने 31 मार्च-2018 को गांव में रहने वाले कुंजीलाल व उसके दामाद बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र दारापुर निवासी तेजपाल पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि तेजपाल अपनी ससुराल आया था। घटना वाले दिन उसकी नाबालिग बेटी शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। तभी पहले घात लगाए बैठे तेजपाल से उसे दबोच कर झाड़ी में खींच ले गया। जहां उसने बेटी से दुष्कर्म किया था। इसकी शिकायत लेकर वह कुंजीलाल के घर गई। जहां उसने झूठा आरोप लगाने की बात कहकर डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल करा न्यायालय में कलमबंद बयान दर्ज कराए। जिसमें उसने बताया कि तेजपाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। 1 अप्रैल-2018 को पुलिस ने तेजपाल को पकड़ कर जेल भेजा था। आईओ ने 22 अप्रैल-2018 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से केस एडीजे-12 कोर्ट में विचाराधीन था। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलीलों व प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह यादव ने तेजपाल को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में 21 साल की सजा सुनाई। मुकदमें में आरोपी ससुर कुंजीलाल के खिलाफ मारपीट में पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर उसे दोषमुक्त करार दिया।

# सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी हैं भाषाएं: दीपेश

संवाददाता, उन्नाव


विद्यालय रंगमंच पर विभिन्न भाषाओं का एक परिवार दिखाते छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर, हसनगंज में भाषा रंगमंच का आकर्षक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय भाषाओं की समृद्ध विरासत को एक परिवार के रूप में मंच पर जीवंत किया। समापन दिवस पर बच्चों ने विभिन्न भाषाओं में निहित एकता, इतिहास और सांस्कृतिक वैभव को रोचक प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी हसनगंज दीपेश के नेतृत्व में विकास खंड के कई विद्यालयों में विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। भानपुर विद्यालय में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा परिवार की प्रस्तुति देते हुए संस्कृत से लेकर आधुनिक भारतीय भाषाओं तक की विकास यात्रा को सरल और प्रभावी शैली में समझाया। इसके बाद आयोजित भाषा परिवार प्रस्तुति में बच्चों ने बताया कि किस प्रकार हिंदी, बंगला, मराठी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, असमिया, पंजाबी, कश्मीरी सहित अन्य भारतीय भाषाएँ हमारी सांस्कृतिक जड़ों से गहराई से जुड़ी हैं। कार्यक्रम विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका एवं स्टेट रिसोर्स ग्रुप सदस्य मसर्रत फातमा के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें इंचार्ज शिक्षक रामकांत वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में भाषा परिवार की भूमिकाएँ निभाने वाले विद्यार्थियों अलीशा, रिया, जितेंद्र, गुफरान, जतिन, मनीषा, नैन्सी और आकांक्षा की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

# मिल-जुल कर रहने का दिया संदेश

**उन्नाव, अमृत विचार।** भारतीय भाषा उत्सव के अंतिम दिन विकास खंड सफीपुर के कम्पोजिट स्कूल रनियाँमऊ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर छोटे-छोटे नाटक प्रस्तुत कर शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। नाटक प्रस्तुत करने वालों में कोमल, छाया, आंशिका, कामिनी, रागिनी, राधा सहित कई बच्चों ने प्रतिभाग किया।



नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी, पंजाबी, उर्दू और अवधी भाषाओं में एक प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें सभी धर्मों के लोगों को आपसी मेल-जोल और सौहार्द के साथ रहने का संदेश दिया गया। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रभावित किया और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण पेश किया। शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि भारत में 22 आधिकारिक भाषाएँ और सैकड़ों बोलियाँ हैं। हर भाषा अपनी विशिष्ट संस्कृति और इतिहास समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि भाषाओं की विविधता हमें अलग नहीं करती, बल्कि एक सूत्र में बांधती है। यही भारत की असली शक्ति विविधता में एकता है। उन्होंने बताया कि नाटक का उद्देश्य भी यही संदेश देना था। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, भाषाई अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक समझ विकसित होती है। कार्यक्रम में अमित तिवारी, देवेंद्र त्रिपाठी, अनूप साहू, संतोषी देवी, सरोजनी देवी, राधा देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिताओं में अंबिका के छात्राओं ने बढ़ाया मान



विद्यालय में छात्राओं को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को उन्नाव सहोदया द्वारा आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय की अर्पिता शुक्ला ने हिंदी भाषण वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं रिद्धि बाजपेई ने अंग्रेज़ी भाषण वाचन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल करते हुए अपना कौशल प्रदर्शित किया। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि विद्यालय की छात्राएं मेहनत और समर्पण से निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, जिस पर संस्थान को गर्व है। प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने दोनों छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन, अभ्यास और आत्मविश्वास सफलता की मूल कुंजी हैं और अर्पिता व रिद्धि ने इसे सिद्ध किया है।

आयोजन | राजधानी मार्ग स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में हुई परेड

# धूमधाम से मना 77वां पीआरडी स्थापना दिवस

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव


जवान को प्रमाण पत्र देतीं सीडीओ कृतिराज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में 77वां पीआरडी स्थापना दिवस राजधानी मार्ग सरैया स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में 88 पीआरडी स्वयंसेवकों ने सात बाय तीन फॉर्मेशन में आकर्षक परेड प्रदर्शन किया, जिसमें एक महिला टुकड़ी भी शामिल रही। जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन कराया।

मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने परेड का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और पीआरडी स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने जो उत्साह और अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है और सभी को अपनी ड्यूटी इसी निष्ठा के साथ निभाते रहना चाहिए। किसी भी समस्या के समाधान हेतु सीडीओ ने सहायता का आश्वासन भी दिया। परेड निरीक्षण में परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला खेल अधिकारी तथा एनसीसी निदेशक भी उपस्थित रहे। मूल्यांकन में टोली संख्या 1 प्रथम, टोली 2 द्वितीय तथा टोली 3 तृतीय स्थान पर रही। विजयी टुकड़ियों को सीडीओ द्वारा मेडल, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम कमांडर अर्जुन गौतम, सुलोचना, सुषेन्द्र कुमार, नीतू, कपेन्द्र बहादुर सिंह, ममता रानी और अरविंद कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम प्रभारी आदर्श कुमार त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समापन पर व्यायाम प्रशिक्षक अरुणेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सचिन सिंह, विजेता तिवारी, चांदनी सोनी, शिवा तिवारी सहित कई पीआरडी जवान व लोग उपस्थित रहे।

# शिशु मंदिर में शैक्षिक निरीक्षण पूर्ण

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


प्रशिक्षण के दौरान बैठे शिशु मंदिर के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 9, 10 और 11 दिसंबर को आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक प्रांतीय शैक्षिक निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांतीय निरीक्षक एवं प्रांतीय परीक्षा प्रमुख अवधेश मिश्र, सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना लखीमपुर के प्रधानाचार्य मुनेन्द्र शुक्ल तथा तुलसी नगर अयोध्या के प्रधानाचार्य ऋषभ बाजपेई उपस्थित रहे।

प्रथम दिवस पर अवधेश मिश्र ने 'पारसमणि' की बोध कथा के माध्यम से सेवा, धैर्य और ईश्वर भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला तथा निरीक्षण को सूक्ष्म सुधार की प्रक्रिया बताया। ऋषभ बाजपेई ने 'मूर्तिकार' प्रसंग से छात्रों में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया, जबकि मुनेन्द्र शुक्ल ने मित्रता पर आधारित प्रेरक कथा प्रस्तुत की। निरीक्षण के दौरान शिक्षण पद्धति, उत्तरपुस्तिकाओं की समीक्षा, भाषा कौशल विकास और पंचपदी शिक्षण के प्रभावी उपयोग पर सुझाव दिए गए। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वसीमा जहाँ पत्नी जाहिद खां निवासी ग्राम हरपुरा परगना कच्छदऊ तहसील बिलग्राम जिला हरदोई ने पालिका कार्यालय मे दिनाँक 01–12–2025 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, आधार कार्ड की छायाप्रति व शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थिनी ने मोहल्ला नगवा /हबीबनगर बाँगरमऊ का एक किता प्लाट पूरब से पश्चिम 40 फिट उत्तर से दक्षिण 20 फिट कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफीट या 74.35 वर्गमीटर प्लाट विक्रेता श्री चौ०ज्योति कुमार सिंह पुत्र० चौ० राजेन्द्र सिंह मुख्तार आम प्रेमकुमारी पत्नी स्व० चौ० राजेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला चौधराना बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23–08–2013 को क्रय कर भवन का निर्माण करवा लिया है। उक्त भवन की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब–रास्ता कच्चा चौड़ा 15 फिट पश्चिम– प्लाट भूमि मालिकान उत्तर– प्लाट मोहम्मद हुसैन आदि दक्षिण– रास्ता कच्चा चौड़ा 12 फिट प्रार्थिनी ने अपने उपरोक्त भवन को नगर पालिका कर पंजिका में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र,रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव

# ट्रक की टक्कर से युवक की गई जान, महिला घायल

## लखनऊ-पलिया हाईवे पर हादसा, पीछा कर पकड़ा गया वाहन

संवाददाता, हरदोई


संजय फाइल फोटो

**अमृत विचार।** लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कृष्णा ढाबे के पास धान से लदे ट्रक ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार युवक की नीचे दब कर मौत हो गई। जबकि एक महिला ज़ख्मी हो गई। हादसा होते ही बाइक सवारों ने भाग रहे ट्रक का पीछा कर उसे पकड़ा और ड्राइवर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली शहर पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के लालपालपुर निवासी 32 वर्षीय संजय पुत्र रामलोटन सब्ज़ी बेंच कर गुज़ारा करता था। तीन भाइयों में एक बड़ा और एक उससे छोटा है। शादीशुदा संजय के कोई औलाद नहीं थी। शादी के कुछ साल बाद पत्नी सुनीता उसे छोड़ कर चली गई थी। बड़े भाई रामलोटन ने बताया कि संजय रोज़ की तरह गुरुवार की सुबह सब्ज़ी खरीदने के लिए ई-रिक्शे पर सवार होकर शहर की नवीन सब्ज़ी मण्डी आ रहा था। रास्तें में हाईवे पर कृष्णा ढाबे के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे धान से लदे ट्रक ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी जिससे वह पलट गया और संजय उसके नीचे दब गया। उसी ई-रिक्शे पर उसी के गांव निवासी श्यामा कुमार की 35 वर्षीय पत्नी सोनी जोकि काम करने के लिए शहर आ रही थी भी ज़ख्मी हो गई। आनन-फानन में संजय और सोनी को 100 बेड हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही संजय की मौत हो गई। जबकि सोनी का इलाज चल रहा है।

उधर, हादसा होते ही ड्राइवर ट्रक ले कर भाग निकला। वहां के लोग बाइक से उसका पीछा करते हुए कोतवाली देहात के खदरा रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे और ट्रक व उसके ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### घने कोहरे में तीन पिकअप डाला आपस में टकराए, एक की मौत एक घायल


फुरकान फाइल फोटो

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** गुरुवार सुबह घने कोहरे में एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें तीन पिकअप एक के बाद एक आपस में टकरा गए। इस हादसे में तीनों पिकअप डाला सवार चालक घायल हो गए जिनमें से एक की मौत हो गयी जबकि अन्य का इलाज किया जा रहा है ।हादसा घने कोहरे में तेज रफ्तार के कारण यह हुआ। लखनऊ- हरदोई मार्ग पर कछौना थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया के पास तीन पिकअप वाहन आपस में टकरा गए। एक के पीछे एक लगातार भिड़ंत होने से वाहनों के परखच्चे उड़ गए और तीनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए ।हादसा इतना भीषण था कि एक पिकअप के चालक को दरवाजा काटकर बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी भेजा गया जहां एक को मृत घोषित किया गया, जिसकी पहचान फुरकान (33) पुत्र मुसाहब निवासी बहादुरगंज गढ़चप्पा थाना रामपुर मथुरा जिला सीतापुर के रूप में हुई ।जबकि घायल आजम पुत्र जालिम निवासी छोटी कसमण्डी खुर्द मलिहाबाद लखनऊ को सीएचसी कछौना से हरदोई मेडिकल कालेज भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह के समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था जिसके चलते यह घटना हुई ।बताया जाता है कि पहले आगे चल रही पिकअप अचानक स्लो हुई और पीछे से आ रही दो अन्य पिकअप एक के बाद एक जाकर भिड़ गईं ।जानकारी के अनुसार तीनों पिकअप लखनऊ से लकड़ी लेकर हरदोई जा रही थीं ।हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए लंबा जाम लग गया जिसे पुलिस ने नियंत्रित कराया।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट

**सफीपुर, उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के खादिम अली खेड़ा गांव में भूमि विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। घटना में रामशंकर पुत्र रूपचंद्र और उसकी पत्नी भारती के साथ दूसरी ओर पप्पू, उसकी पत्नी सावित्री तथा बेटियाँ लक्ष्मी और शिवानी घायल हुईं। विवाद की शुरुआत कहासुनी से हुई और लाठी-डंडों के इस्तेमाल तक पहुंच गई। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घायल व्यक्तियों का उपचार कराने के साथ घटना के कारणों की पड़ताल कर रही है।


छात्राओं को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचार

### बाल विवाह रोकने की दिलाई शपथ

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज उन्नाव में बाल विवाह मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन चाइल्ड हेल्प लाइन कोऑर्डिनेटर दिवाकर ओझा ने किया। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्प लाइन सुपरवाइजर दिव्या ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई और बताया कि ऐसे सभी बच्चे, जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी हो या आर्थिक रूप से असहाय हों, उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना के तहत सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही बच्चों को सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य शाबिया खातून तथा समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में बाल विवाह के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना बताया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और जागरूकता संदेश को ग्रहण किया।

## इंटरलॉकिंग कार्य में दबंगों ने डाली बाधा, की शिकायत

**सफीपुर, उन्नाव।** ग्राम पंचायत कुड़ीना की ग्राम प्रधान जानकी देवी ने उप जिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि उनके द्वारा कराए जा रहे इंटरलॉकिंग कार्य में दबंगों ने बाधा डाली और बनी नालियों को तोड़कर बराबर कर दिया। जानकी देवी ने बताया कि सालेपुर पुरवा के लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए लगभग 151 मीटर इंटरलॉकिंग व नाली का कार्य कराया जा रहा था। लगभग 100 मीटर कार्य पूरा होने के बाद दबंग सूर्यपाल सिंह, नागेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुनेश सिंह, भल्लू सिंह और सोनू सिंह ने मजदूरों से विवाद किया। ग्राम प्रधान ने समझाने की कोशिश की, लेकिन दबंगों ने उन्हें गालियाँ देते हुए मारने के लिए दौड़ा दिया। स्थिति बिगड़ने पर दोनों पक्ष एसडीएम कार्यालय पहुंचे और समझौता हुआ, जिसमें पाइप के साथ नाली बनाने पर सहमति बनी। एसडीएम ने थाना प्रभारी फतेहपुर चौरासी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। घटना ने इलाके में प्रशासनिक सतर्कता की आवश्यकता को उजागर किया है।

## कैंप में मोतियाबिंद के 15 मरीज चिह्नित

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव


मरीजों की जांच करते डॉक्टर।

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अख्त्यारपुर गांव स्थित सुरजन देवी छोटेलाल मिश्र बालिका इंटर कॉलेज में गुरुवार को जिला अंधता निवारण समिति के तत्वाधान में कानपुर के जवाहरलाल रोहतगी नेत्र चिकित्सालय द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र से भारी संख्या में नेत्र रोगी पहुंचे और चिकित्सकों ने उनकी आंखों की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया। शिविर में मोतियाबिंद के 15 मरीज चिन्हित किए गए, जिन्हें ऑपरेशन के लिए कानपुर अस्पताल भेजा जाएगा। ऑपरेशन के बाद मरीजों को वापस विद्यालय छोड़ने की व्यवस्था की गई है। नेत्र परीक्षक अनुराग यादव ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की देखभाल और अंधत्व की रोकथाम है। शिविर के आयोजक, कानपुर पंकी हनुमान मंदिर के महंत बालक दास महाराज ने कहा कि अस्पताल आने-जाने और मरीजों के भोजन की पूरी व्यवस्था निःशुल्क की गई है। कार्यक्रम में ओम प्रकाश मिश्र, कैलाश नाथ बाजपेई, प्रेमचंद्र मिश्र, शालिनी, कल्पना, शिखा, दीपक कुमार, राजेश शुक्ला, सन्जेश पाण्डेय, सत्यम समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे। इस शिविर से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों और बुजुर्गों को आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिली और मोतियाबिंद जैसी गंभीर समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित किया गया।

### बांगरमऊ में प्रभारी निरीक्षक ने संभाला पदभार

**संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह द्वारा नियुक्त प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने गुरुवार को बांगरमऊ कोतवाली में विधिवत पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कोतवाली क्षेत्र के सभी बीट उपनिरीक्षकों और आरक्षियों को तलब कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोतवाल पांडेय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और अपराधियों की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया। साथ ही आम जनता से निडर होकर पुलिस का सहयोग करने की अपील की, ताकि क्षेत्र में सुरक्षित और अपराधमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए भी निर्देशित किया।

**उत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक सूचना**

**(अन्तर्गत धारा 20एफ (4), रेलवे अधिनियम 1989 यथा संशोधित–2008)**

**पत्रांक :- 216/गं.-गु.-आठ-वि.भू.अ.अ. (सं.सं.)प्रयागराज दिनांक 09.12.2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय सरकार ने रेलवे अधिनियम 2008 (2008 का 11वाँ) की धारा 20(ए) की उपधारा (1) के अधीन जारी भारत के राजपत्र, आसाधरण, भाग–।। खण्ड–3 उप–खण्ड (ii) प्राधिकार से प्रकाशित अधिसूचना संख्या 5171(अ) दिनांक 12 नवम्बर 2025 में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की अधिसूचना सं. का.आ. 4716 (अ) दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को उत्तर प्रदेश राज्य प्रयागराज जिले के फूलपुर तहसील में विशेष रेल परियोजना "सराइचंडी यार्ड में रेलवे कि.मी. 35/2–3 परं आर ओ०बी 34–सी के निर्माण परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20क की उपधारा (4) के अधीन दैनिक समाचार पत्रों अर्थात दैनिक जागरण और हिंदुस्तान टाइम्स में दिनांक 16 नवम्बर 2024 को प्रकाशित किया गया था और इस परियोजना में प्राप्त सभी आक्षेप प्राप्त हुए थे, सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस पर विचार किया गया तद्नुसार आदेश पारित कर दिए गए है, और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। केन्द्रीय सरकार सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिर्पोट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोत्क प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी और यह की केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20ड की उपधारा (1) में यह घोषणा करती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में अतएव विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रूप से निहित हो जाएगी। उक्त अधिनियम की धारा 20च की उपधारा (4) में प्रतिकर धनराशि का अवधारित करने से पूर्व इस आशय की सार्वजनिक नोटिस दी जाती है कि अर्जित की जानी वाली भूमि में हितबद्ध सभी व्यक्तियों से इस आशय का दावा आमन्त्रित किया जाता है कि अधिग्रहित भूमि में अपने से संबंधित हित को प्रकृति तथा ऐसे हितों के संबंध में दावे की धनराशि यदि कोई हो तो पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन के भी दावे को साथ संलग्न करते हुए कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं.सं.) कलेक्ट्रेट परिसर प्रयागराज में अपना–अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से एक सप्ताह के अन्दर प्रदान किया जाता है।

**(संजीव कुमार शाक्य)**
**सक्षम प्राधिकारी /**
**विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं.सं.), प्रयागराज**

3824/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पारिवारिक कलह से तंग युवक ने लगाई फांसी

संवाददाता परियर, उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव में गृहकलह से ऊबे युवक ने पत्नी को कमरे में बंद कर खुद फंदे से लटक कर जान दे दी। जिससे परिजनों में चीखपुकार मची है। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर चौकी क्षेत्र के अतहा गांव निवासी श्रीकांत (35) पुत्र स्व. देवी शंकर की शादी माखी थाना क्षेत्र पूरा गाँव के वीरेन्द्र की बेटी स्नेहा से दो साल पहले हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद वह घर में ही भाई से अलग रहने लगा था। लोगों में चर्चा रही कि पति-पत्नी ने अक्सर विवाद होता था। बुधवार की देर रात खाना खाने के बाद कहासुनी हुई। जिस पर श्रीकांत ने अपनी पत्नी को कमरे बंद कर खुद आंगन में छज्जे के कुंडे में गमछा का फंदा बनाकर लटक गया। पत्नी की चीख पुकार सुनकर नींद से जगे श्रीकांत के भाई हरिनाम ने दरवाजा खोला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि युवक ने फंदे से लटक कर जान दी है। भाई की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आत्महत्या के लिए विवश करने वालों को भेजा जेल

**औरास, उन्नाव।** औरास के सरैया गांव निवासी अधेड़ ने जमीनी विवाद में छोटे भाइयों से ऊब कर जहर निगल कर जान दी थी। पुलिस ने गुरुवार को दोनों छोटे भाइयों को पकड़ कर जेल भेजा है। बता दें सरैया गांव निवासी राकेश पुत्र हजारी लाल का अपने छोटे भाइयों पाली व सुनील से जमीन का विवाद था। राकेश के बेटे अजय के मुताबिक उसके चाचा ने अपने बेटो व गांव के एक युवक के साथ मिलकर बाबा से डेढ़ बीघा जमीन अपने नाम करा कर उन्हें घर भगा दिया। इसपर उसके पिता बाबा को अपने साथ रखते थे। बाबा ने 5 बिसुआ जमीन व पुस्तैनी मकान राकेश की पत्नी राम कुमारी के नाम की थी। लेकिन कृपाली व सुनील राकेश को पुश्तैनी घर में घुसने नहीं देते थे। इसी से उसने पुलिस से शिकायत की थी। मंगलवार को दोनों पक्ष थाने बुलाए गए। जहां मामला राजस्व से जुड़ा मामला बता थाना दिवस आने को कहकर घर भेज दिया। इसी से आहत राकेश ने जहर निगल कर जान दे दी।

## छात्र ने की आत्महत्या की कोशिश

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला शुक्लाना निवासी रज्जन शर्मा का बेटा शिवांशु (14) मोहल्ले में ही संचालित निजी विद्यालय में हाई स्कूल का छात्र है। गुरुवार की दोपहर वह विद्यालय से अपने घर लौटा। इसके बाद वह कमरे में जाकर फंदे से लटक गया। संयोग से परिजनों की नजर उस पर पड़ गई। फंदा काटकर भाई शिवा उसे अन्य लोगों की मदद से सीएचसी लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचनाः

**NER-LJN-2025-195**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:–

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-195, कार्य का नाम:- वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/द्वितीय के अनुभाग में MG CTR कार्य के अंतर्गत नानपारा–मैलानी के मीटर गेज सेक्शन में मोबाईल फ्लेश बट वेल्डिंग प्लांट के द्वारा 52Kg/90 UTS रेलों के फ्लैश बट वेल्डिंग का कार्य। अनुमानित लागत (रू०): ₹ 14,21,17,596/-, अग्रिम धन (रू०):₹ 8,60,600/-, समापन अवधिः 12 माह।

**(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-195 के लिये ई-निविदा दिनांक 31-12-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्लू-364 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, लखनऊ।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सभी निजी होम्योपैथिक चिकित्सकों को सूचित किया जाता है कि अपने क्लीनिक का पंजीकरण कार्यालय जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी लखनऊ, 1–कैन्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ–226001 में 31.01.2026 तक कराना सुनिश्चित करें। क्लीनिक का पंजीकरण कराने हेतु निम्न दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक है:–

1–एच0पी0आर0 आई डी नम्बर (नेशनल हेल्थ केयर प्रोवाइडर रजिस्ट्रेशन)।
2–एच0एफ0आर0आई डी।
3–बी0एच0एम0एस0 डिग्री / डिप्लोमा
4–होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0 प्र0 में पंजीकरण का प्रमाण–पत्र
5–अभिज्ञान पत्र की छायाप्रति ।
6–नोटरी प्रमाण पत्र/शपथ पत्र
7– विद्युत बिल ।
8–क्लीनिक स्वामित्व का प्रमाण पत्र ।
9–क्लीनिक का ब्लू प्रिंट।
11–पासपोर्ट साइज तीन फोटो।
12–क्लीनिक का फ्रंट फोटो बोर्ड सहित, क्लीनिक के अन्दर का फोटो, पोस्टकार्ड साइज ।

नोट– किसी जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में मो0 नम्बर 7753937507 समय 2 पीएम से 5 पीएम तक पर संम्पर्क करे।

**जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी**
**लखनऊ।**

**UP-242220 दिनांक 10.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

## इनायतपुर गांव में 250 केवीए का ट्रांसफार्मर चोरी, लोगों में आक्रोश

संवाददाता औरास, उन्नाव


चोरों द्वारा कॉपर चुराने के बाद जमीन पर फेंका गया ट्रांसफार्मर।

**अमृत विचार।** औरास थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव में जंगल में रखे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने रात्रि में लाइन काटकर चोरी कर लिया। सुबह ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उन्होंने विद्युत विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे विभागीय कर्मियों ने पाया कि ट्रांसफार्मर को उतारकर उसका तेल बिखेर दिया गया और अंदर रखा कॉपर चोरी कर लिया गया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एसडीओ मियागंज धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि पावर हाउस के कर्मचारियों से ट्रांसफार्मर में कॉपर चोरी होने की सूचना मिली है। अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं और चोरी करने वाले चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक्सईएम हसनगंज अनिल तिवारी ने बताया कि गैंग सक्रिय है और उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार आधी रात को जब ट्रांसफार्मर में काम हुआ और लाइट कट गई, तो कोई भी हस्तक्षेप नहीं कर पाया। सुबह ग्रामीण ट्रांसफार्मर के नीचे पड़ा खकर हैरान रह गए। तेल, जिसे विभिन्न कामों में उपयोगी माना जाता है, ग्रामीणों ने बोतलों और डिब्बों में भरते देखा। विभाग ने कहा कि नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राम-सीता विवाह और वनगमन का प्रसंग सुन श्रोता भाव-विभोर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरुवार को अमृतमयी रामकथा के सातवें दिवस पर कथावाचिका कनक पाण्डेय ने श्रीराम और सीता के विवाहोत्तर प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राजा जनक ने अयोध्या से आई बारात का अत्यंत भव्य स्वागत किया। विवाह उपरांत जब राजा दशरथ विदाई का आग्रह करते हैं, तो राजा जनक प्रेमवश बार-बार उन्हें रोकते हैं। विदाई की बेला में राजा जनक और महारानी सुनैना ने सीता जी को भावी जीवन के लिए अनेक शिक्षाएँ दीं और श्रीराम से सीता के अपराधों को क्षमा करते हुए सदा कृपा बनाए रखने का आग्रह किया। श्रीराम ने माता सुनैना और जनक जी को आश्वासन देते हुए सांत्वना दी। इसके बाद राजा दशरथ बारात को लेकर अयोध्या के लिए प्रस्थान करते हैं और रानियों को पुत्रवधुओं को नयन की पुतली-सा स्नेह देने की बात कहते हैं। माता कैकेयी ने मुंह दिखाई में सीता को चूड़ामणि प्रदान की। वहीं मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी द्वारा वरदान माँगने और श्रीराम के वनगमन का प्रसंग भी विस्तार से सुनाया गया। कार्यक्रम में आशुतोष शुक्ल, ओम प्रकाश मिश्र, रवीन्द्र त्रिपाठी, विश्वनाथ दुबे, अमित पाण्डेय, श्रीकांत पांडेय, अनूप चौरसिया, कप्तान चन्द्रशेखर सिंह, सत्येन्द्र सिंह चौहान आदि रहे।

### पूर्व राष्ट्रपति का मनाया जन्मदिन

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर के कांग्रेसियों ने गुरुवार को पोनी रोड पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति और वरिष्ठ राजनेता प्रणब मुखर्जी का जन्मदिन श्रद्धापूर्वक मनाया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पुत्तीलाल वर्मा ने कहा कि प्रणब मुखर्जी सरल स्वभाव के धनी, उच्च कोटि के विद्वान और देश के 13वें राष्ट्रपति थे। उन्होंने वित्त, रक्षा और विदेश मंत्रालय सहित कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का सफलतापूर्वक संचालन किया। नगर उपाध्यक्ष जयपाल साहू ने बताया कि मुखर्जी को 2008 में पद्म विभूषण और 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जो उनके उत्कृष्ट योगदान का प्रतीक है। नगर महामंत्री रवि शंकर गुप्ता ने कहा कि वे बेहतरीन वक्ता और लेखक थे तथा उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं।

**VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING**

Be a part of a dedicated and growing academic team !

**NOW HIRING !**

Join a Leading Institution Shaping Future Nurses

**VACANCIES**
- Associate Professor
- Assistant Professor
- Nursing Tutor

**REQUIREMENTS**
- ✓ Relevant qualifications as per INC Norms
- ✓ Strong teaching ability
- ✓ Commitment to academic excellence
- ✓ Passion for guiding nursing Students

**CONTACT DETAILS**
Mob : 7521001992, 9412151327
Email : vacn201@gmail.com, varunarjun2016@gmail.com
NH-30, Banthra, Shahjahanpur

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री अनुपमा शर्मा से संबंध–विच्छेद कर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार न होगा। **भानुदत्त शर्मा पुत्र स्व. रघुवीरदत्त शर्मा निवासी– 2/332 साहबगंज नरायनदास, फर्रूखाबाद।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम IBAD ASIF जो कि बदलकर IBAAD ASIF रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **IBAAD ASIF S/O- ASIF IFTIKHAR शादाब कालोनी रहीम नगर महानगर लखनऊ।**

**सूचना**
मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में प्रियांशी अंकित हो गया है, जबकि पुत्री के शैक्षिक प्रमाण पत्र में नाम प्रिशा पुत्री अतुल कुमार शर्मा है जो सही है। पुत्री को प्रिशा नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **अतुल कुमार शर्मा, निवासी 4/ 108, नुनहाई स्ट्रीट, फर्रूखाबाद।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहम्मद सुहेल था जिसे बदलकर मैंने सुहेल खान कर लिया है। मेरी जन्म तिथि 20.06.1984 है। अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **सुहेल खान पुत्र अब्दुल गफ्फार, बंगला वार्ड अमेठी लखनऊ। मो0: 7905092885**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी का नाम व जन्मतिथि पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD ZAFAR व जन्मतिथि–20.10.1986 अंकित हो गया है जबकि शपथी का वास्तविक नाम व जन्मतिथि जफर मो0 शेख (ZAFAR MOHD SHAIKH) – व जन्मतिथि–01.01.1985 है। अबसे मैं सभी जगह कानूनी रुप से जफर मो0 शेख (ZAFAR MOHD SHAIKH) नाम का उपयोग करूंगा और इसी नाम से जाना जाऊँगा।

**सूचना**
त्रुटि वश मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम ओमकार नाथ दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम ओमकार नाथ चौरसिया है। मुझे ओमकार नाथ चौरसिया के नाम से लिखा –पढा एवं जाना पहचाना जाये। **ओमकार नाथ चौरसिया पुत्र–राधेश्याम चौरसिया पता– 568ख/442, गीता पल्ली आलमबाग, लखनऊ।**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SAI KARRAR HUSAIN था से बदलकर SYED KARRAR HUSAIN रख लिया है। अब मुझे SYED KARRAR HUSAIN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- SAI TAKBIR HUSAIN ADD - MOHALLA UPARI ASHRAF TOLA SANDILADIST-HARDOI -241204 (U.P)**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आशीष सिंह, RegtlNo -G/5036335X, 39 असम राइफ्ल्स ग्रा. गोविन्दपुर, पो. व थाना सरेनी तह. लालगंज, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरा पूर्व निवास स्थान चेक पोस्ट, भादरा पारा, बालकोनगर, थाना बालकोनगर तह. कोरबा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ (495684) का निवासी था। जो कि वर्तमान पता ग्रा. गोविन्दपुर, पो. व थाना सरेनी तह. लालगंज, जिला रायबरेली उत्तरप्रदेश (229212) का निवासी हूँ। जिसे सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाए।

न्यूज ब्रीफ

### गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप, मामला दर्ज

**पिहानी, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लेहना में एक महिला ने गांव के ही दो लोगों पर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पिहानी में तहरीर दी है। पीड़िता रामदेवी पत्नी संतोष ने बताया कि घटना 8 दिसंबर की शाम लगभग 4 बजे की है, जब वह अपने खेत पर काम कर रही थीं।तहेरीर के अनुसार, इसी दौरान गांव के सूरज प्रसाद पुत्र रामभरोसे और उनकी पत्नी सुमन खेत पर पहुंचे और बिना किसी वजह के विवाद शुरू कर दिया। पीड़िता का कहना है कि दोनों ने दबंगई दिखाते हुए उसके साथ गाली-गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से चले गए।मामले की सूचना पर पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण को गंभीरता से लिया जा रहा है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला की पिटाई करने वाले दबंगों पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवादा में एक महिला को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। पीड़िता संगीता पत्नी महेश के अनुसार 8 दिसंबर को करीब दो बजे दोपहर में अवनीश पुत्र रामसागर ने शराब पीकर उसे गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर आरोपी ने डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता से कराएं पूर्ण : आयुक्त

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को करें लाभांवित

संवाददाता, हरदोई



अफसरों संग बैठक करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत साथ में डीएम अनुनय झा।

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में गुरुवार को लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की उपस्थित में आयोजित की गई। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा जनपद में हो रहे विकास एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास व निर्माण कार्यो को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण समय पर पूरा करायें और बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए मार्ग एवं पुल-पुलियों के निर्माण तथा विद्युत उपकेन्द्रों की स्थापना हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करें।

समीक्षा बैठक में विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार बिजली सप्लाई सुनिश्चित कराने के साथ ही शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराये और अधिक शिकायत वाले क्षेत्रों में शिविर लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करायें। बैठक में आयुक्त ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि बेसिक एवं मावि के बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा दी जाये व नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बच्चों मीनू के अनुसार पोषाहार दिया जाये। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा, सीएमओ डा. भावनाथ पाण्डे, डीडीओ पीडी, अधिशासी अभियंता विद्युत आदि मौजूद रहे।

**प्राथमिकता पर बनाएं आयुष्मान कार्ड :** बैठक में आयुक्त ने स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज व पीएम आवास योजना के पात्र लाभार्थियों के सत्यापन पर चर्चा की तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि आयुष्मान योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वालों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता पर बनवायें और स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों व कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों के प्रति अच्छा व्यवहार किया जाये।

### मंडलायुक्त ने की धान खरीद की समीक्षा

धान खरीद की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे नियमित धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करें। आयुक्त ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन में लक्ष्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये तथा आम के निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों के क्लस्टर बनाने का सुझाव दिया और एफपीओ के माध्यम से किसानों को संगठित कर बेहतर मार्केटिंग, पैकेजिंग व सप्लाई की जानकारी देने पर बल दिया।

### पशुओं को ठंड से बचाने के निर्देश

गौशालाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने सीवीओ को निर्देश दिये गौशालाओं में पेयजन व्यवस्था एवं पशुओं को भूसा के साथ हरा चारा अवश्य दिया जाये और ठंड से बचाव हेतु गौशालाओं में तिरपाल की व्यवस्था करायें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करायें और कचरा प्रबन्धन की उचित व्यवस्था करायें।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही सहन नहीं

बैठक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में आयुक्त लखनऊ मण्डल विजय विश्वास पंत ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी व समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में हो रहे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण-2026 के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत मतदाताओं को गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ द्वारा प्राप्त कराकर एवं मतदाताओं से वांछित सूचनाओं सहित भरवाकर प्राप्त किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए फार्म घर-घर से प्राप्त कर डिजिटाइजेशन, मैपिंग एवं एएसडीडी कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि मैपिंग कार्य में गति बढ़ाई जाए। जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय में बीएलओ के साथ बैठक कर सभी कार्य अपनी देखरेख में संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जाये। पुनरीक्षण के सभी कार्यों को प्राथमिकता से निर्धारित समय से पूर्ण किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी अनुनय झा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद सभागार में आयुक्त ने जानी राजनीतिक दलों संग एसआईआर प्रगति

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयुक्त लखनऊ मण्डल विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता मे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से विधानसभावार एसआईआर की प्रगति के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि घर-घर सर्वे के दौरान जो मतदाता नहीं मिल रहे है, मृतक श्रेणी के है, डुप्लीकेट हैं, पूर्ण रूप से स्थानातरित हो गये है, या गणना प्रपत्रों को वापस देने से इंकार कर रहे है, ऐसे मतदाताओं को वेरीफाइ करते हुए सम्बंधित बीएलओ के द्वारा बनायी गयी एएसडीडी सूची में सम्मिलित किया जा रहा है। अद्यतन एएसडीडी सूची को राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों एवं बीएलए के साथ बूथवार प्रतिदिन साझा किया जाये।



निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का निरीक्षण करते आयुक्त। अमृत विचार

### निर्माणधीन कार्य को निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाए : मंडलायुक्त

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी अनुनय झा एवं मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा के साथ स्वशासी राज्य चिकित्सालय हरदोई परिसर मे ट्रामा सेन्टर कम इमेरजेंसी विभाग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को निर्देश दिये कि सभी कार्य गुणवत्तायुक्त, पारदर्शी व समय सीमा के अंदर पूर्ण किये जाये। उन्होंने लैब का भी निरीक्षण किया तथा निर्माणा कार्य मे लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता को देखा। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर, अर्थ एवं संख्या अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### स्कूल, अस्पताल और मंदिर मार्ग पर कब्जा

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक भरावन के गोंडवा (गोनी) में अस्पताल, स्कूल व मंदिर जाने वाले मार्ग पर कब्जे से परेशान लोगों ने मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत से समाधान की मांग की। मंदिर मार्ग पर ही नवनिर्मित पीएचसी के उद्घाटन से पहले ही अवैध रूप से दुकानें बननी शुरू हो गई हैं। गोंडवा निवासी बृज किशोर बाजपेयी ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित परिक्षेत्र में श्री भुइयेश्वर महादेव मंदिर, यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय और कंपोजिट विद्यालय के साथ दो गांव भी हैं। यहीं पर सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बन रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन होना है। अस्पताल से मुख्य मार्ग तक पीडब्ल्यूडी की ओर से रोड की नापजोख हो चुकी है। रोड बनती उससे पहले ही लोगों ने ग्राम समाज की जमीन पर दुकानें बनानी शुरू कर दीं। इससे मार्ग काफी संकरा हो गया और वाहन निकलने में काफी मुश्किल हो रही है। मंडलायुक्त से मांग की गई है कि मंदिर मार्ग से कब्जा हटाकर घरों की हद तय कर दी जाए, जिससे भविष्य में किसी भी विवाद से बचा जा सके।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में एक विवाहित महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका शव मिला। पुलिस और फारेंसिक टीम शव की जांच पड़ताल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर निवासी गद्दीनसीन दानिश जो दादेमियां दरगाह परिसर में परिवार के साथ एक कमरे में रहते है। गुरुवार को उसकी 30 वर्षीय पत्नी तहमीना ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी पर लटका शव मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। आस पड़ोस के लोगों और स्वजनों ने शव को उतार कर पुलिस कर सूचना दी। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर जाँच पड़ताल कर उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। शव की जाँच पड़ताल फारेंसिक टीम ने कर साक्षय जुटाए। मृतिका का विवाह लगभग पांच वर्ष पूर्व हुआ था। उसके एक तीन वर्षीय बेटी और दो वर्ष का बेटा भी है। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया तहरीर के आधार पर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत दरियापुर विक्कू के ग्रामीण। अमृत विचार

### बंदर पकड़वाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**शाहाबाद, हरदोई।** दरियापुर विक्कू के ग्रामीणों ने बंदरों के आतंक से आजिज गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन सौंप कर बंदरों को पकड़वाने की मांग की। दरियापुर विक्कू गांव के ग्रामीण पिछले काफी दिनों से बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण काफी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। सैकड़ों महिलाओं, बच्चों तथा पुरुषों को बंदर काट चुके हैं लेकिन बंदरों को पकड़ने की वन विभाग या प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है जबकि शिकायतें तमाम बार की जा चुकी हैं। बंदरों ने फसल को भी काफी नुकसान पहुंचाया है जिससे ग्रामीणों का काफी आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण अतुल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एसडीम कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए एसडीएम अंकित तिवारी को एक वज्ञापन सौंप कर अति शीघ्र बंदरों को पकड़ने की मांग की।

## तहसीलदार ने परखी बोर्ड परीक्षा की तैयारी

**पिहानी, हरदोई।** कस्बा स्थित सर्वेश जन सेवा इंटर कॉलेज में आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को परखने के लिए तहसीलदार संध्या यादव ने विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर मौजूद सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, कमरेवार क्षमता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा और स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रश्न पत्रों के डिस्पैच, उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण, कंट्रोल रूम की व्यवस्था तथा दस्तावेजों के सुरक्षित रख-रखाव की गहन समीक्षा की।

# बैंक मैनेजर ने बीच बाजार युवक को पीटा

संवाददाता, पाली, हरदोई

**अमृत विचार।** आर्यावर्त बैंक शाखा पाली के मैनेजर पर युवक से मारपीट और पीड़ित के घर में घुसकर अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगे हैं। कार्रवाई न होने पर पीड़ित पक्ष ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक हरदोई से शिकायत कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। बताया गया है कि पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना निवासी शिवकांत बाजपेई ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि बुधवार दोपहर उसका बेटा ऋषभ अपने भाई राजन के साथ वित्तीय कार्य के लिए आर्यावर्त बैंक गया था। आरोप है कि बैंक मैनेजर रवि अवस्थी ने जो कि नशे में था ने दोनों भाइयों को गाली-गलौज कर भगा दिया। राजन घर चला गया, जबकि ऋषभ बैंक से बाहर निकलकर बाज़ार की तरफ चला गया। शिवकांत का आरोप है कि कुछ ही देर बाद मैनेजर रवि अवस्थी अपने तीन साथियों के साथ बाज़ार पहुंच और ऋषभ को धमकाते हुए उसे पकड़ने बढ़ा, उसी बीच ऋषभ भागा और बैंक मैनेजर उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटने लगा। पीड़ित परिवार का दावा है कि मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है और उसके फुटेज भी हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के बाद मैनेजर अपने बुलाए हुए लोगों के साथ उनके घर में घुस आया और महिलाओं से अभद्रता की। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाने में दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय ऋषभ को ही थाने में बंद कर दिया और गुरुवार को उसका शांति भंग में चालान कर दिया। शिवकांत वाजपेई ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसपी से निष्पक्ष जांच कर बैंक मैनेजर व साथियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। वहीं सामने आए सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोग ऋषभ वाजपेई को दौड़ाते और उसके घर के दरवाजे पर मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह फुटेज उनकी शिकायत को सही साबित करता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिला है और जांच की जा रही है जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर में गस्त कर सुरक्षा का कराया एहसास



नगर में गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

**संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में अमन शांति कायम रखने व अराजकतत्वों पर नजर रखने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कस्बा इंजार्च फहीम खान ने पुलिस फोर्स के साथ नगर मे पैदल गश्त की। गश्त के दौरान वह लोगों से बातचीत करते नजर आए, जिसमें उन्होंने लोगों से हाल चाल लेते हुए सतर्क व जागरूक रहने की बात कही और साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर त्वरित पुलिस सहायता लेने की बात कही।

### लेखपाल का लेन-देन का आडियो वायरल

**मल्लावा, हरदोई।** गौरी गांव में बिना नोटिस दिए सीमेंटेड बाउंड्री वॉल गिराने के मामले में हल्का लेखपाल का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वायरल ऑडियो को अधिकारियों ने संज्ञान में लिया और हल्का लेखपाल को निलंबित कर दिया। गांव राजेपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने डीएम को दिये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह वर्तमान में भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। वर्ष 1996 गौरी चौराहा के निकट ग्राम प्रधान ने उनका एक आवासीय पट्टा किया था, तब से वह जमीन पर काबिज है। 27 नवंबर को उन्होंने सीमेंट बाउंड्री वॉल कराई थी। बुधवार की दोपहर को तहसील प्रशासन की ओर से बिना किसी नोटिस के कार्यवाहक तहसीलदार यशवंत सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल इस्मिता पटेल ने जेसीबी मशीन ले जाकर बाउंड्री वॉल को गिरवाने लगे। पूछने पर उनके साथ अभद्रता की क्षेत्रीय लेखपाल ने विजय सिंह बाबा से फोन पर जमीन कब्जा कराने के बाबत लेनदेन की बात की। जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस संबंध में एसडीएम बिलग्राम एनराम ने बताया कि सरकारी जमीन से कब्जा हटाया गया है। मामले में लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।

# जानवरों की टक्कर से बच्ची के ऊपर दीवार गिरी, दब कर हुई मौत

संवाददाता, हरदोई



मानसी। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** मां और भाई-बहन के साथ ननिहाल में रह रही बच्ची घर के बाहर खेल रही थी,उसी बीच वहां बाहरी जानवर पहुंच गए,गांव वालों के हांकने पर भाग रहे जानवर दीवार से टकराए,दीवार गिर गई और वहां खेल रही बच्ची उसके नीचे दब गई।गुरुवार की सुबह हुए हादसे से वहां शोर होने लगा,मलबे में दबी बच्ची को बाहर निकाल कर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि कोतवाली देहात के बरगदिया गांव निवासी राममूर्ति की पुत्री गीता माधौगंज थाने के छेदा पुरवा में अरुण के साथ ब्याही है। गीता के एक बेटा सोम और दो बेटियां सात वर्षीय मानसी और उससे छोटी कीर्ति थी। अरुण से टकराव होने पर गीता बच्चों के साथ अपने मायके में रह रही थी। गुरुवार की सुबह मानसी अपने नाना राममूर्ति के पड़ोसी श्रीपाल के मकान के पास खेल रही थी,उसी बीच कुछ बाहरी जानवर वहां पहुंच कर फसल को नुकसान पहुंचाने लगे,गांव वालों ने उन्हे हांका,जानवर भागते हुए श्रीपाल की दीवार से टकरा गए,जिससे ईंटों की दीवार गिर गई और मानसी उसके नीचे दब गई। हादसा होते ही हां शोर होने लगा,आनन-फानन में दीवार के नीचे दबी मानसी को बाहर निकाल कर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**कछौना, हरदोई।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने कछौना थाने का वार्षिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के विभिन्न मामलों की गहनता से निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में सफाई का भी अवलोकन किया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली।उन्होंने अपराध के ग्राफ को भी देखा।एसपी ने थाने के परिसर में माल मुकदमाती वाहनों को वर्षवार सुव्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिए।

## सहायक लिपिक ने मुख्य सेविका को पकड़ कर की छेड़छाड़

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार की साख का सवाल बन चुकी मिशन शक्ति-5 को कोई और नहीं बल्कि उसके अपने नुमाइंदे तार-तार करने पर तुले हुए हैं। जिला परियोजना अधिकारी कार्यालय में तैनात सहायक लिपिक ने मुख्य सेविका से अभद्रता की। इस तरह का मामला सामने आने से एक तो परियोजना कार्यालय को सांप सूंघ गया वहीं अफसर भी कुछ बोलने से साफ मना कर रहें है। जैसा कि बताया गया है कि परियोजना में मुख्य सेविका की नई तैनाती हुई है। उसने डीएम और सीडीओ से की शिकायत में कहा है कि एक नवंबर को वह कार्यालय में थी। उसी बीच वहां तैनात सहायक लिपिक कमल कुमार ने कई बार बैड टच किया। मुख्य सेविका का कहना है कि उसने विरोध करते हुए दोबारा इस तरह की हरकत करने से मना किया तो सहायक लिपिक ने नौकरी से निकलवा देने की धमकी दी। उसके बाद आठ दिसंबर को वह लखनऊ जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंची। आरोपी सहायक लिपिक वहां पहुंचा और मुख्य सेविका को पकड़ कर खींचते हुए बैड टच करने लगा। उसका कहना है कि ऐसे में वह अपने को पूरी तरह से असुरक्षित महसूस कर रही है। उसने डीएम व सीडीओ से गहराई से जांच करा कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रकरण की जांच जिला गन्ना अधिकारी को दी गई है।

### मारपीट के मामलों में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** अलग -अलग पर हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम महोबा मजरा करांवा निवासी कुसुमा देवी पत्नी प्रमोद के अनुसार 9 दिसंबर की रात करीब 8 .30 बजे गांव निवासी लेखपाल पुत्र नरेश ने तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उसके ऑटो में टक्कर मार दी।जिससे उसका ऑटो टूट गया। शिकायत करने पर विपक्षी ने अपने भाई विवेक भतीजे श्रीधर और पिता के साथ मिलकर उसे गाली गलौज कर लाठी डंडों से पीटा। शोर सुनकर पति और उसका पुत्र विकास बचाने आए तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम लेहना निवासी रामदेवी पत्नी संतोष के अनुसार 8 दिसंबर को शाम को 4 बजे गांव निवासी सूरजप्रसाद पुत्र राम भरोसे ने अपनी मां सुमन के साथ उसके खेत पर आकर गाली गलौज किया। पीड़ितों की लिखित तहरीर पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विवाह तोड़ने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम आलम नगर निवासी पीड़ित ने बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति पर पुत्री का तयशुदा विवाह तोड़ने का आरोप लगाते हुए दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित असीन अहमद पुत्र नवी बक्श के अनुसार उसने अपनी पुत्री का विवाह बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम काजीबाड़ी निवासी अमीन के पुत्र एसान मोहम्मद के साथ तय करते समय 30 हजार रुपये नगद दिए थे। विवाह की तारीख भी 9 फरवरी 2026 तय हो गई थी, लेकिन विपक्षी अमीन ने 28 नवंबर को शादी करने से इंकार कर दिया।

## सोशल मीडिया पर संत की एडिटेड आपत्तिजनक फोटो वायरल, बढ़ा तनाव

**भरखनी, हरदोई।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक एडिटेड आपत्तिजनक फोटो को लेकर माहौल गरमा गया। कुरारी गांव निवासी तौफीक अली पर आरोप है कि उसने कथावाचक और बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की एक एडिटेड फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की। वायरल फोटो में कथावाचक के साथ एक युवती को आपत्तिजनक स्थिति में दर्शाया गया है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि मामले को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से युवक पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने चौपाल लगा ग्रामीणों से किया संवाद

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



रात्रि चौपाल में ग्राम प्रहरियों को कंबल व टार्च देते एसपी अशोक मीणा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूंसेपुर में बुधवार की रात पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रहरियों को टार्च और कंबल का वितरण किया गया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक मीणा ने सड़क सुरक्षा,मिशन शक्ति,साइबर अपराध और गांव में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी और प्रकाश व्यवस्था आदि पर विस्तृत जानकारी और सुझाव दिए। उन्होंने कहा मिशन शक्ति के तहत आज प्रदेश में अपराध नियंत्रण में सफलता पाई है। सुरक्षा के लिए सभी ग्राम प्रधानों को अपने गांव में हर निकास पर सीसीटीवी कैमरा लगवाना चाहिए ताकि चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने ग्राम अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर सभी से अपराध और अपराधी से दूर रहने की अपील की। सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने कहा प्रधानी के चुनाव को देखते हुए अक्सर गांव में पार्टी बंदी और विवाद होते हैं। आप सभी प्रधानी के चुनाव को व्यक्तिगत रंजिश न माने। चुनाव को सिर्फ चुनावी मतभेद मानते हुए अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा अपराधियों के साथ पुलिस सख्ती से निपटना जानती है।इसलिए आप सभी अपराध से हमेशा दूर रहें। इस अवसर पर शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों को टार्च और कंबल का वितरण किया गया।प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह और हलका इंचार्ज आदि मौजूद रहे।

### दूसरे के खाते रुपये निकाले, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी युवक के बैंक खाते से धोखे से रुपए निकाल लिए जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अलाउद्दीन पुत्र मोहब्बत दीन के अनुसार उसका बैंक ऑफ महाराष्ट्र की अलकनंदा दिल्ली ब्रांच में खाता है। 9 दिसंबर को उसके खाते से 49,999 और पचास हजार रूपए दो बार में और 29 हजार व 352 रुपए कुल एक लाख उन्तीस हजार तीन सौ इक्यावन रूपए निकल गए। बैंक स्टेटमेंट में पता चला कि दीपक,संतोष और सुरेश सरोड के खाते में उसके रुपए ट्रांसफर हुए हैं।

### जनसूचना अधिकारी निलंबित, जांच शुरू

**संवाददाता, हरदोई।** टड़ियावां थाने में तैनात जनसूचना अधिकारी एसआई राजू प्रसाद को अपने दायित्वों और कर्तव्यों में लापरवाही बरतना मंहगा साबित हुआ। एसपी अशोक कुमार मीणा ने एसआई राजू प्रसाद को निलंबित कर दिया है। एसपी श्री मीणा के पास शिकायत पहुंची कि टड़ियावां थाने में तैनात एसआई राजू प्रसाद जनसूचना अधिकारी होते हुए अपने दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति लापरवाह है। इस बारे में एक्शन में आए एसपी श्री मीणा ने एसआई राजू प्रसाद को निलंबित कर जांच शुरु करा दी है। एसपी की तरफ से फिर एक बार अपने मातहतों को निर्देश जारी हुए है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों/दायित्वों के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरते,ऐसा होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### घायल बालक की इलाज के दौरान मौत

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुखारा में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए चार वर्षीय दिव्यांश की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। लहरपुर के रुखारा निवासी रंजीता देवी के मुताबिक, 4 दिसंबर को उनके पति राजेश गौतम बाइक से रिश्तेदार सुधीर गौतम और उसके पुत्र दिव्यांश के साथ गांव लौट रहे थे। तभी गांव के निकट अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया। हादसे में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल दिव्यांश को सीएचसी नकहा से ट्रॉमा सेंटर ओयल और फिर लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। शनिवार को उसकी भी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्राम नवीनगर में सड़क हादसे में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठठेरी टोला निवासी महेश ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी ऊषा (40) बीती 20 नवंबर को रिश्तेदार हरीश के साथ लौट रही थीं। इसी दौरान शिवाला बाजार के पास ग्राम भवानीपुर निवासी छोटकन्न से बात करते समय एक ऑटो अनियंत्रित होकर आया और टक्कर मार दी। हादसे में ऊषा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें सीएचसी से ट्रामा सेंटर ओयल और फिर लखनऊ रेफर कराया, जहां 21 नवंबर को उनकी मौत हो गई थी।

### वार्षिकोत्सव में बिखेरे खुशियों के रंग

**औरंगाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** सरोजनी सियाराम बाबूराम नन्द इन्टर कालेज कादीनगर में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मानस पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। छात्रो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र और अभिभावकगण मौजूद थे।

### जन्मे बच्चों को मिले जन्म प्रमाण पत्र

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने सीएचसी में जन्मे बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि 24 घंटे के अंदर जन्मे फैसल खान, अफसा, राम सिंह, मोहम्मद साइन व अब्दुल रहमान अली को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर सभी महिलाओं से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

# शादी के दिन हादसे में दूल्हे की मौत

## घने कोहरे के कारण अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, माता-पिता घायल

**रफ्तार की मार**

संवाददाता इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

**अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर इलाके में सामूहिक विवाह में दूल्हा बनने जा रहे युवक की गुरुवार को सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि उसके माता-पिता और ई-रिक्शा चालक घायल हो गए। घने कोहरे के कारण अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को ही शादी होनी थी। इस घटना से वर व वधू पक्ष के लोगों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं।

इमलिया सुल्तानपुर निवासी अंकित कुमार (19) पुत्र शिवकुमार सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए घर से निकला था। ई-रिक्शा सवार अंकित के साथ उसके पिता शिवकुमार और मां शिवपति भी थीं। बताते हैं कि वाहन फर्रकपुर- धरनाग मार्ग पर विशुनपुर गांव के पास से गुजर रहा था, तभी घने कोहरे के बीच अज्ञात वाहन से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक सहित चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया पहुंचवाया। जहां अंकित कुमार की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही अंकित ने दम तोड़ दिया। घायल अंकित के माता-पिता और चालक की हालत खतरे से बाहर है।

### अस्पताल के बरामदे में वृद्ध का मिला शव

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली इलाके के ग्राम नेरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे बने बरामदे में एक वृद्ध का शव मिला। वृद्ध को काफी समय से नेरी में आते-जाते देखे जाते थे। सुबह अस्पताल खुलने पर स्टाफ ने बरामदे में शव पड़ा देखा, जिसकी जानकारी प्रभारी डॉक्टर ने तत्काल महोली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी ली, तो बाबा के पास से आधार कार्ड, बैग, टार्च, मोबाइल फोन व दवाएं मिलीं। आधार कार्ड पर श्यामानंद उर्फ रामप्रकाश, निवासी पिंगरी पिंगला, शाहजहांपुर दर्ज मिला। नेरी चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## खड़े ट्रक से टकराई बस, चार लोग घायल

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** तंबौर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर गल्ला मंडी के सामने सड़क पर खड़े एक ट्रक में यात्रियों से भरी बस टकरा गई। हादसे में चार यात्री घायल हो गए। एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

लहरपुर-तंबौर मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर गल्ला मंडी के सामने एक खाली ट्रक सड़क पर खड़ा था, तभी तंबौर की तरफ से आ रही एक कार तेज रफ्तार बस सड़क पर खड़े ट्रक से अनियंत्रित होकर टकरा गई। दुर्घटना होते ही बस में चीख पुकार मच गई और भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। बस के यात्री प्रेम सागर पाण्डेय ने बताया कि बस में लगभग 35 से 40 यात्री सवार थे। कोहरा अधिक होने वावजूद भी बस चालक तेज रफ्तार से बस लेकर आ रहा था। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से भाग गया। बस में सवार खलीकुन निशा पत्नी इस्लाम निवासी काशीपुर मल्लापुर थाना तंबौर गंभीर रूप से घायल हो गए। रोशन पुत्र महेश निवासी अज्जेपुर थाना तंबौर, मनसुखा पुत्र देवकी निवासी ग्राम सकरन, प्रेम सागर पाण्डेय पुत्र राधे लाल निवासी ग्राम पलौली थाना सकरन को हल्की फुल्की चोटें आई है। दुर्घटना में घायल खलीकुन निशा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## लखनऊ के इंजीनियर का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

• सदरपुर इलाके में मिला गहरी खाई में मिला शव

**अमृत विचार :** लखनऊ निवासी इंजीनियर का शव सदरपुर इलाके में एक खाई में मिला। बताया जा रहा है कि इंजीनियर बाइक द्वारा बहराइच से लखनऊ जाने के लिए निकला था। हाल-फिलहाल पुलिस हादसे के साथ अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

लखनऊ के मड़ियांव थानाक्षेत्र स्थित अलकापुरी निवासी अनुज वर्मा बहराइच स्थित मोबाइल कंपनी में इंजीनियर के पद पर तैनात है। परिजनों के मुताबिक, अनुज देर शाम लखनऊ आने की बात कह रहे थे। इसी के बाद वे बहराइच से लखनऊ जाने के लिए निकले। बताते हैं कि देर रात सदरपुर थानाक्षेत्र में धुरिया गांव के नजदीक एक खंती में उनका शव देखा गया, इसी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क पर बाइक मौजूद थी, जामा तलाशी के बाद मिले साक्ष्यों के आधार पर इंजीनियर की पहचान हुई। परिवार के लोगो ने अचानक हुई मौत पर आशंका जताई है। क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे का लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी।



घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

## तीन अध्यापकों को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



बच्चे को नाखून काटने की सलाह देते जिलाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी लगातार औचक निरीक्षण करते हुए गैर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की गाज गिरा रहे हैं। गुरुवार को वे परसेंडी ब्लॉक क्षेत्र स्थित बेदौरा प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। यहां शैक्षणिक कार्यों में लापरवाही मिलने खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) से स्पष्टीकरण मांगा। प्रधानाध्यापक सहित तीन शिक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दिए।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह भी साथ थे। बेदौरा प्राथमिक विद्यालय पहुंचते ही उन्होंने सबसे पहले बच्चों की ओर रुख किया। कहा कि हाथ दिखाओं, नाखून कटे हैं कि नहीं। सवाल-जवाब के बीच बच्चों को पढ़ाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की अलख दिखाकर रजिस्टरों का अवलोकन किया। निरीक्षण में आंगनबाड़ी का जायजा लिया। शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश सिंह को स्पष्टीकरण देने को कहा। प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी, शिक्षिका अर्पणा और शिक्षिक दीप प्रकाश को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। प्रधान को निर्देश दिये कि गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग किया जाए।

### लापरवाही बरतने पर थानेदारों को फटकार

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अपराध समीक्षा की। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में आईजीआरएस संबंधी लंबित विवेचनों को लेकर कई थाना प्रभारियों को फटकार का सामना करना पड़ा।

एसपी ने स्पष्ट कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने छह वर्षों से सक्रिय रहे अपराधियों की अलग-अलग सूची तैयार का निरोधात्मक कार्रवाई को कहा। तीन हजार अपराधियों का डिजिटल खाका तैयार करने के निर्देश भी दिए।

## सरायन नदी को मिली संजीवनी

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



फ्लड प्लेन जोन के रडार पर सरायन नदी के अतिक्रमणकारी

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार :** सरायन नदी को संजीवनी मिलने वाली है। जिलाधिकारी ने न सिर्फ अमृत विचार की खबर का संज्ञान लिया। बल्कि जमीन को सोतों को खोलने और घर-घर जल की आपूर्ति में बाधित कार्यों को लेकर विशेष विभागीय अधिकारियों को विशेष निर्देश भी दे दिए।

अमृत विचार जनहित मुद्दों को सिलसिलेवार उठा रहा है। इस कड़ी में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों के दौरान उखड़े मार्ग और सरायन नदी का मुद्दा उठाया। जिसको संज्ञान लेते हुए डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक बुलाई, इसमें अधिशासी अभियंता जल निगम एके त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। डीएम ने पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गईं सड़कों की पुनस्थापना के कार्यों को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। पानी लीकेज, सरायन नदी सहित अन्य विषयों को लेकर भी निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

## परीक्षा पूरी तरह से कराई जाए नकलविहीनः डीएम

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2026 के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण को लेकर गठित जिला स्तरीय समिति बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों का चयन पूर्ण पारदर्शिता एवं मानकों का अनुपालन करते हुए कराया जाये एवं सम्बन्धित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा पूरी तरह से नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराई जाए। सभी अधिकारी तत्परतापूर्वक कार्य करें एवं समस्त प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जाये। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के लिए निर्धारित प्रक्रिया एवं तहसीलवार परीक्षा केंद्रों का विवरण भी प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह आदि थे।



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष। • अमृत विचार

### सुरक्षाकर्मियों के समर्थन में उतरी राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना

**सीतापुर, अमृत विचार :** आउटसोर्सिंग लगे सुरक्षा कर्मियों के समर्थन में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना उतरी, सड़क पर पैदल मार्च किया और संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ओर से अपना-अपना पक्ष रखा गया। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू के सिविल लाइन कार्यालय पर सुरक्षाकर्मी इकट्ठा हुए। इसके बाद विकास हिंदू के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला। सीएमओ कार्यालय पहुंचने के बाद विकास हिंदू ने सुरक्षा कर्मियों की तरफ से मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिना नोटिस हटाए जाने की पूरी घटना का उल्लेख किया गया।

### विधायक ने असहायों को बांटे कंबल

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार :** महोली कस्बे स्थित कृषक इंटर कॉलेज में तहसील प्रशासन की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। विधायक ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ठंड से बचाव के लिए गरीबों को कंबल उपलब्ध करा रही है और सभी पात्र लोगों तक यह सुविधा पहुंचाई जाएगी। उन्होंने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि राजस्व कर्मियों को गांव-गांव भेजकर सही पात्रों की पहचान सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंद कंबल से वंचित न रहे।

## सर्दी में बांध पर गुजर-बसर कर रहे हैं कटान पीड़ित

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** लगभग तीन माह पूर्व इस वर्ष घाघरा नदी की चपेट में आकर ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा के कुन्ना पुरवा, लोधन पुरवा, रामरूप पुरवा, देशराज पुरवा, भूषण पुरवा, महाजन पुरवा, नया पुरवा, बुचऊ पुरवा घाघरा नदी की तेजधार में कट कर समाहित हो गए थे। जिससे ग्रामीणों ने बांध पर शरण ली थी।

एक माह पूर्व ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से मिलकर अपनी समस्या के समाधान की मांग की थी। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महमूदाबाद को निर्देशित किया कि 8 नवंबर को थाना दिवस में आकर ग्रामीणों ने पुनः समस्या से अवगत कराया। उप जिला अधिकारी महमूदाबाद को टीम गठित कर एक माह में कटान पीड़ितों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। एक माह से अधिक हो गया, लेकिन अभी तक किसी भी कटान पीड़ित को आवासीय पट्टा नहीं मिला है। ग्रामीण पंचा, दयाराम, बलराम ,सुरेश, बदलू ,मयंकर, माता प्रसाद, जगतपाल, देशराज, संकटा प्रसाद ,स्वामी दयाल ,फौजदार, चंदू, दयाराम, मायाराम आदि का दावा है कि आवासी पट्टा न मिलने से बंधे पर रात गुजारना कठिन हो रहा है।

## सिटी डायरी



इसी मार्ग से होकर गुजरते है स्कूली बच्चे।

### मरम्मत के अभाव में लालपुर-कादीनगर मार्ग क्षतिग्रस्त

**औरंगाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** मिश्रिख ब्लॉक क्षेत्र का लालपुर-कादीनगर जाने वाला मार्ग पूरी तरह खस्ताहाल है। ये मार्ग नैमिषारण्य- औरंगाबाद, मिश्रिख-कल्ली चौराहे को भी जोड़ता है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र अभिजीत रावत, अमन रावत, रवि, सोनू आदि का कहना है कि मुख्य मार्ग की डामर उखड़ गई है। ऐसे में बजरी और पत्थर पर पैदल अथवा साइकिल से चलना जोखिम भरा है। कई बार चोटिल भी हो चुकी हैं। छात्र कहते हैं कि साइकिल भी अक्सर पंचर हो जाती हैं। प्रधान रामनरेश का कहना है कि शिकायतों के बाद भी लंबे समय से समस्या बरकरार है। देवेन्द्र कुमार, नंदू, महेंद्र, राघवेन्द्र सिंह चौहान आदि ने मार्ग मरम्मत कराए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।



विद्युत सखियों को नई बिलिंग डिवाइस देते विधायक शशांक त्रिवेदी।

### विद्युत सखियों को मिली बिलिंग डिवाइस

**सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां विकासखंड में स्वयं सहायता समूह की 18 विद्युत सखियों को नई बिलिंग डिवाइस प्रदान की गईं। डिवाइस मिलने के बाद अब ये महिलाएं गांव-गांव जाकर उपभोक्ताओं के बिजली बिल निकालने और जमा कराने का कार्य करेंगी। वितरण कार्यक्रम में विधायक शशांक त्रिवेदी, खंड विकास अधिकारी अमित कुमार और प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव मौजूद रहे। एसडीओ अमित द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक बिल जमा कराने पर राहत आवेदन योजना के तहत विद्युत सखियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से बिजली बिल छूट योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।



मरीज के नेत्र की जांच करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### 24 मोतियाबिंद के मरीज ऑपरेशन को चिह्नित

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित आंख अस्पताल सीतापुर द्वारा संचालित विजन सेंटर पर बृहस्पतिवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आए कुल 26 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराया। शिविर में आए मरीजों की आंखों की जांच आंख अस्पताल सीतापुर के डॉक्टर विवेक अवस्थी तथा उनकी टीम के विजेंद्र कुमार द्वारा की गई। जांच के दौरान 24 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य पाए गए। सभी मरीजों को आगे की प्रक्रिया हेतु आंख अस्पताल सीतापुर की बस से भेजा गया।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित छात्राएं और अतिथिगण। अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव मनाया गया

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

**किया याद** पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री रामलाल राही की पांचवीं पुण्यतिथि मनायी गयी

## सर्वांगीण विकास के शिखर पुरुष थे बाबूजी : राही

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद उपस्थित कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही व अन्य।

**अमृत विचार :** राजनीति और समाज नीति के पुरोधा, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्व. रामलाल राही 'बाबूजी' की पांचवीं पुण्यतिथि पर रविवार को सत् श्री साईं शिव शक्ति मंदिर परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि बाबूजी ने लगभग 60 वर्ष के सार्वजनिक जीवन में जिला पंचायत सदस्य से लेकर दो बार विधायक, चार बार सांसद तथा केन्द्र में गृह राज्यमंत्री के रूप में सीतापुर का गौरव देश-प्रदेश में बढ़ाया। वे सर्वांगीण विकास के शिखर पुरुष थे। उन्होंने कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि बाबूजी के विचारों और सिद्धांतों पर चलते हुए राजनीति व समाज सेवा को जनहित की दिशा में आगे बढ़ाएं। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि बाबूजी द्वारा स्थापित राजनीतिक मानदंड युवा नेताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में समाजसेवी रामदयाल अवस्थी, कवि-रंगकर्मी ज्ञान प्रकाश सिंह 'प्रतीक', बहू निशा राही, योगेंद्र सिंह, राहुल जायसवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, गोविन्द भारती पूर्व नगर अध्यक्ष, अमित भार्गव जिला पंचायत सदस्य, आशीष बाजपेयी 'आशू', आशीष मिश्रा एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन, संजीव गुप्ता 'टिंचू', अजय अवस्थी, रोहित बाजपेयी 'मनू', समाजसेवी मुन्ना लाल राजवंशी, आशा कनौजिया, डॉ. सुन्दर लाल यादव, सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान खाक

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचारः** रामपुर मथुरा ग्राम पंचायत के मजरा पांडे पुरवा में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से गृहस्थी जल गई। अरुण अवस्थी और महेश पांडे के मुताबिक, उनके छप्परों में अचानक आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से गोवंशीय भी झुलस गया। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पाया। सूचना पर पीआरवी तथा फायर ब्रिगेड की टीम ने लेखपाल की मदद से नुकसान का आंकलन किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### बीएसए ने बच्चों को जैकेट और रसोइयों को बांटे कंबल

**रायबरेली:** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजामऊ में शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं जैकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने मां सरस्वती का पूजन, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां एवं विकास क्षेत्र बछरावां से सेवानिवृत्त पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी शिव सिंह उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को जैकेट और विद्यालय में कार्यरत रसोइयों को कम्बल वितरित किए गए। बैंक आफ बड़ौदा बछरावां के राहुल सिंह, उमेश कुमार, शिक्षक बुद्धि प्रकाश अवस्थी, वेद प्रकाश शुक्ल, अमन शुक्ल, गिरीश मिश्र, पूजा श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, सुमन लता, ललिता बाजपेई आदि उपस्थित रहे। यहां उमेश कुमार, प्रधानाध्यापिका डॉ .नीलिमा श्रीवास्तव, पूर्ति द्विवेदी, रेनू बाजपेई, सुनील पाण्डेय, रूपा, राजेश और रफीक रहे।

### दीवार गिरने से महिला घायल, रेफर

**जगतपुर :** रायबरेली थाना क्षेत्र के छोटी करौती निवासिनी फुलऊ पत्नी रामलाल (30) के ऊपर दीवार गिर गई, जिसमें वह घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल महिला को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया।

### लोगों ने योजना का उठाया लाभ

**महराजगंज :** ओसाह पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले हलोर गांव में अवर अभियंता योगेश यादव की अगुवाई में विद्युत उपभोक्ता शिविर का आयोजन किया गया। यहां पर दस उपभोक्ताओं ने ओटीएस व तीस उपभोक्ताओं ने विद्युत बिल जमा कर योजना का लाभ उठाया। शिविर में कुल चालीस उपभोक्ताओं द्वारा अस्सी हजार रुपए जमा किए गए।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बछरावां :** नाबालिग को भगाने और दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चले रहे बछरावां थाना क्षेत्र के ग्राम मैंनाहार कटरा निवासी आदर्श कुमार पुत्र सज्जन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक जितेंद्र पांडे, आरक्षी विजय यादव, आरक्षी चालक शिवचरन शामिल हैं।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर 14 को

**लालगंज :** चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज आजाद नगर लालगंज में 14 दिसंबर को नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंध निदेशक व भाजपा प्रांतीय नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद की जांच, आंखों से संबंधित सामान्य परामर्श, चश्मे का परीक्षण एवं वितरण व आवश्यकता अनुसार उपचार के साथ-साथ ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के लिए आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है।

### युवक को पीटा, पुलिस से शिकायत

**ऊंचाहार :** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बड़ा मजरे खरौली निवासी शिवकरन ने पुलिस से शिकायत की है। बुधवार की शाम गांव के एक व्यक्ति के खेत की जोताई के लिए खरौली तिराहे के पास जा रहा था। तभी ट्रैक्टर खेत में बंधी बांस बल्ली से टकरा गया। जिससे युवक ने उसकी पिटाई कर दी। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## अनैतिक कार्यों के लिए बदनाम है ऊंचाहार का होटल

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जिस होटल में भदोखर से अपहृत की गई नाबालिक को पुलिस ने बरामद किया है वो होटल काफी समय से अनैतिक कार्यों के लिए काफी बदनाम रहा है । होटल के बारे में कई तरह की बातें पूरे क्षेत्र में चर्चित रही है। अब जब अपहृत किशोरी को बरामद किया गया है तो पुलिस की रडार पर यह होटल आ गया है ।

ज्ञात हो कि भदोखर थाना क्षेत्र अपहृत की गई एक अधिवक्ता की पुत्री को ऊंचाहार के एक होटल से बरामद किया गया है । एनटीपीसी के गेट नंबर दो के पास स्थित यह होटल अपनी गतिविधियों के कारण काफी चर्चित है। यहां पर अरसे से अनैतिक कार्य होता रहा है। पिछले साल सीओ ने होटल में जाकर पड़ताल की तो पता चला कि होटल में एक एक दिन में करीब 75 इंट्री है। यही नहीं होटल घंटों की अवधि में बुक किया जाता है। अब जब अपहरण जैसी बड़ी घटना में इस होटल का नाम आया है तो पुलिस होटल से जुड़ी हर गतिविधि की छानबीन कर रही है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि पूरे प्रकरण की गहनता से पुलिस छानबीन कर रही है। मामले में जिसकी भी संलिप्तता मिलेगी, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

## शॉर्ट सर्किट से रेल कोच रेस्टोरेंट में लगी आग, मची भगदड़

- बछरावां के रेस्टोरेंट में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट में गुरुवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार रेस्टोरेंट के मुख्य द्वार पर शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। आग लगने से रेस्टोरेंट में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं रेस्टोरेंट में मौजूद यात्रियों व लोगों को किसी तरह रेस्टोरेंट से बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस एवं स्थानीय राहगीरों के द्वारा नगर पंचायत के टैंकर से पानी मंगाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया, परंतु तब तक आग से लाखों रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गया। रेस्टोरेंट संचालक का कहना है कि उनके द्वारा फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई थी। परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंची। गनीमत यह रही कि यहां कोई जनहानि नहीं हुई। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर मय पुलिस गया था। स्थानीय लोगों द्वारा राहगीरों की मदद से आग पर काबू पाया गया है। फिलहाल किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।



बछरावां में रेल कोच रेस्टोरेंट में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते लोग। अमृत विचार

### दुकान में नकब लगाकर लाखों की चोरी

**ऊंचाहार (रायबरेली), अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के किशुनदासपुर गांव में स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान में बुधवार देर रात चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने दुकान की पिछली दीवार में नकब लगाकर प्रवेश किया और एक लाख 32 हजार रुपये नकद तथा लगभग 10 हजार रुपये मूल्य की शराब की बोतलें उठा ले गए। यह दुकान ऊंचाहार नगर के अलीगंज मोहल्ला निवासी संदीप के नाम पर है। बुधवार की देर रात चोरों ने दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगाई। गुरुवार सुबह दुकान खोलने पर सेल्समैन को चोरी की जानकारी हुई। सेल्समैन ने बताया कि चोर दुकान में रखी तीन दिन की बिक्री के लगभग एक लाख 32 हजार रुपये नकद और करीब दस हजार रुपये कीमत की शराब की कई बोतलें ले गए हैं। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। फुटेज में एक नकाबपोश चोर चोरी करते हुए कैद हो गया है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार राय ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर भेजा गया था। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर हुए हादसे में साथी ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर, चालक वाहन समेत फरार**

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)




**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार अज्ञात डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

जानकारी के बाइक सवार श्री राम मौर्या पुत्र राम शंकर मौर्या (35) निवासी ग्राम कूटी गुल्लूपुर पोस्ट कठवारा अपने साथी नाम पता अज्ञात के साथ उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए चुरुवा से हरचंदपुर जा रहे थे। जैसे ही वह चुरुवा चौराहे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात डीसीएम में उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद डीसीएम चालक मय वाहन सहित मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंचे चुरुवा चौकी इंचार्ज सचिन शर्मा के द्वारा मय पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लेते हुए घायल दोनों बाइक सवारों को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे अज्ञात बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है।

**खाई में गिरी स्कूटी, दो लोग घायल, जगतपुर:** मधुकर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर जमालपुर के पास एक स्कूटी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें चालक व एक युवक घायल हो गया। दोनों घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय भेजा गया।

गुरुवार को मोहम्मद खालिद निवासी रायबरेली व जुबैर निवासी रायबरेली स्कूटी से प्रतापगढ़ से वापस रायबरेली आ रहे थे। तभी जमालपुर के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में चली गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी के चिकित्सक लइक अहमद ने बताया कि उपचार दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया।

**कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, शिवगढ़:** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रामपुर भूली गाढ़ा वार्ड नम्बर 6 जंगल टोला निवासी शिवराज पुत्र बैजू बाइक से घर जा रहा था। दौलत खेड़ा मोड़ के पास पीछे से कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार शिवराज घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

**ट्रेन की चपेट में आने से मवेशी की मौत, ऊंचाहार:** बुधवार की सुबह प्रयागराज से लखनऊ जा रही गंगा गोमती एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही सवैयाधनी रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचने वाली थी। तभी ट्रैक पार कर रहे मवेशी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस दौरान लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। सिग्नल मिलने के बाद ट्रेन रवाना हुई। स्टेशन अधीक्षक विनोद त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिली है।

### ट्रक की टक्कर से दो घायल

**बछरावां (रायबरेली)।** बछरावां थाना क्षेत्र के बिशुनपुर निवासी शुभम पुत्र रामफ़ेर साथी रमन पुत्र रामखेलावन निवासी इचौली को उसके घर बाइक से छोड़ने जा रहा था। शेखपुर समोधा बाईपास चौराहे पर सामने से आ रहे ट्रक से उसे टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलो को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से शुभम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हादसे में देवर-भाभी घायल, रेफर

**बछरावां।** बछरावां थाना क्षेत्र के पस्तौर निवासी सचिन पुत्र शोभाराम भाभी रेनू को लेकर राजामऊ दवा लेने जा रहा था। रास्ते में राजामऊ गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित टेंपो ने उसे टक्कर मार दी। वहीं टक्कर मारने के बाद टेंपो मय चालक सहित घटनास्थल से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल देवर भाभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां से दोनों को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बिना स्वीकृति बनाई जा रही सड़क की जांच करने पहुंचे अफसर

संवाददाता, डलमऊ (रायबरेली)



सड़क की जांच करते अधिकारी।

**अमृत विचार।** दीनशाह गौरा के बिन्नवा गांव में इंटरलॉकिंग में हो रही मनमानी को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर गठित जांच कमेटी ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। जांच कमेटी को मौके पर कोई भी एस्टीमेट नहीं मिला है कमेटी द्वारा जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी गई है। विन्नवा के सूरज सिंह के द्वारा गांव में लग रहे इंटरलॉकिंग खड़ंजा के संदर्भ में शिकायत की गई थी। आरोप था कि ग्राम प्रधान मनमानी तरीके से इंटरलॉकिंग लगवा रहे कार्य का कोई एस्टीमेट नहीं बनवाया गया और ना ही कोई वित्तीय स्वीकृत ली गई है एवं राज्य वित्त योजना के अंतर्गत मनमानी तरीके से भुगतान की योजना बनाई जा रही है। शिकायत पर खंड विकास अधिकारी अशोक सचान ने तीन सदस्य कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिए थे जिस पर सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव आमोद आनंद के साथ पहुंची 3 सदस्य टीम ने जांच पड़ताल की। कमेटी को मौके पर कोई भी एस्टीमेट नहीं मिला है। एस्टीमेट ना मिलने से गुणवत्ता की जांच भी नहीं हो सकी। जिससे स्पष्ट है कि ग्राम प्रधान मनमानी तरीके से इंटरलॉकिंग का निर्माण करवा रहे हैं सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव आमोद आनंद ने बताया कि शिकायत पर जांच की गई है। कार्य का कोई भी एस्टीमेट मौके पर नहीं मिला। एस्टीमेट ना मिलने से गुणवत्ता की जांच भी नहीं हो सकी। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी गई है।

**बैक डेट में एस्टीमेट बनवाने का दबाव:** बिना एस्टीमेट के लग रहे इंटरलॉकिंग खड़ंजा में अब मामला फसता देखकर ग्राम प्रधान द्वारा जेई के ऊपर बैक डेट में एस्टीमेट बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि अभी तक संबंधित जेई के द्वारा कोई एस्टीमेट नहीं बनाया गया है। वहीं सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान को बचाने के लिए उच्च अधिकारी भी दबाव बना रहे हैं।

## देश के राष्ट्रीय मंचों पर एम्स के बाल रोग सर्जरी विभाग का रहा दबदबा

- बाल रोग सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता का शोधपत्र टॉप थ्री में शामिल, हुईं सम्मानित

संवाददता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज के बाल रोग विभाग ने राष्ट्रीय मंचों पर एम्स रायबरेली का मान बढाया। नई दिल्ली व चेन्नई में आयोजित कार्यक्रमों में बाल रोग सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह के शोध पत्र को टॉप 3 में शामिल करते हुए सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन के रिसर्च और न्यू इनोवेशन खंड की ओर से आयोजित कार्यक्रम मे एम्स रायबरेली का दबदबा बरकार रहा।

देश के कोने-कोने से आए रिसर्च सेंटर के चिकित्सकों के बीच एम्स रायबरेली की बाल रोग सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डा सुनीता सिंह को सम्मानित किया गया। बाल रोग सर्जरी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह का प्रकाशित शोध पत्र टॉप 3 में शामिल किया गया। यह शोध पिछले चार वर्षों से पीडियाट्रिक वैस्कुलर ट्यूमर पर किया जा रहा था। इन चार वर्षो में शोध के दौरान यह पाया गया कि दवाओं के साइड इफेक्ट्स को कम करने के लिए ट्यूमर के स्थान पर मरहम लगाना दवा खाने के समान ही प्रभावशाली है। डॉ. दिव्य प्रकाश को एक बच्चे में किडनी खराब होने के बहुत रेयर केस को प्रस्तुत करने के लिए दूसरा पुरस्कार दिया गया। यह सर्जरी बाल रोग सर्जरी विभाग में लेप्रोस्कोपी से किया गया था।

कुलसुम जुनैद भी 11 वें नेशनल कांफ्रेंस में सभी पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंस में प्रथम रही। यही नहीं 6 दिसंबर को चेन्नई में हुए कन्वोकेशन में डॉ. सुनीता सिंह को विनस इंटरनेशनल फाउंडेशन के मैनेजमेंट बोर्ड बिहा एक्सपर्ट कमिटी रिपोर्ट और एपेक्स कमेटी की तरफ से निस्वार्थ समर्पण भावना व सेवा करने के लिए बाल रोग सर्जरी में आउटस्टैंडिंग क्लिनिशियन का पुरस्कार दिया गया। निदेशक प्रो. डॉ. अमिता जैन ने बधाई देते हुए कहा कि एम्स स्वस्थ सुविधाओ के साथ शोध के क्षेत्र में आगे बढ रहा है। सभी शोध करने वालों डॉक्टरों के लिए यह पल उपलब्धियों भरा है।

### दो पक्षों में मारपीट मुकदमा दर्ज

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के गांव हिन्दूपुर मजरे पाहो निवासी रेशमा मकान बनवाने के लिए बुधवार को नींव खोदवा रही थी। आरोप है कि परिवार की राजरानी, सुनीता, राजेश्वरी और पराग ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए उसे व ननद अनीता को मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से राजरानी का आरोप है कि पुस्तैनी मकान की जमीन पर रेशमा व अनीता आदि कब्जा कर रही थी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िताओं के शिकायती पत्रों पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## समाजसेवी ने दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए की सार्थक पहल

**डलमऊ।** बढ़ती दुर्घटना पर रोकथाम लगाने के लिए समाजसेवी विकास सिंह ने सार्थक पहल की है। दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों से परिवार व बच्चों के अक्सर बेसहारा होने की खबरें निःस्वार्थ भाव से समाज व गरीब तबकों की सेवा करने वाले समाजसेवियों को झकझोरती हैं। समाजसेवी विकास सिंह ने जल्दबाजी और पहले निकलने की जिद में अड़े रहने वाले बाइक व चार पहिया चालकों से यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट लगाओ, जान बचाओ, की अपील की है। गुरुवार को उन्होंने यातायात को सुगम, सरल और दुर्घटनाओं से बचाने के उद्देश्य से डलमऊ क्षेत्र में रायबरेली-प्रयागराज मार्ग, भीरा गोबिंदपुर मार्ग, लालगंज रोड, जगतपुर रोड, घोरवारा, कटघर में तमाम जागरूकता पोस्टर लगवाए हैं।

## प्रतियोगिता में रमन सदन और टैगोर सदन विजेता

संवाददाता, रायबरेली



ट्रॉफी के साथ समारोह में खुशी जताते विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार



प्रदर्शनी का अवलोकन करते सिद्धार्थ सिंह।

**अमृत विचार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा रंगारंग मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के परिणामों के आधार पर प्रथम पाली में रमन सदन, जबकि द्वितीय पाली में टैगोर सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

प्राचार्य ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। खेल के विभिन्न प्रतियोगिताओ में विद्यालय की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया I उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक के विद्यार्थियों ने दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, रस्साकशी तथा विभिन्न एथलेटिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर, भारत स्काउट्स एवं गाइड, सुभाष सदन, टैगोर सदन, अशोक सदन, रमन सदन के छात्र -छात्राओ ने मुख्य अतिथि को सलामी दी।

**खेल दिवस समारोह**

विभिन्न वर्गों की 40 से अधिक प्रतियोगिताओं को सम्पन्न किया गया। मुख्य रूप से बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अभिषेक भट्ट, प्रथम, शिवा द्वितीय और प्रभात शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सृष्टि ने पहला, महाविश ने दूसरा और अपूर्वा सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उप प्राचार्य राजेश कुमार त्रिपाठी, उप प्राचार्य रमेश चन्द्र दूबे, प्रधानाध्यापक आरबी शर्मा, कमलेश कुमार, खेल शिक्षक सुनीत यादव, अमिता अग्निहोत्री, अभिषेक सिंह, मिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**बीएमपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, लालगंः** बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा यह छोटे वैज्ञानिक ही भविष्य का आधार साबित होंगे, इसलिए छात्र-छात्राओं को अपनी आंतरिक प्रतिभा को समझना चाहिए। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 9 और 10 के छात्र-छात्राओं ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर सिस्टम, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट गांव आदि मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रशांत दुबे, शिवम शुक्ला, अविनाश साहू, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन, अजय त्रिवेदी, बुधराज, मृत्युंजय सिंह, यशबहादुर यादव मौजूद रहे।

**आयोजन**

**सूबेदार एवं लाल साहब स्मारक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का खेल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा**

# फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता बनी लखनऊ और बरेली की टीम

संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सूबेदार एवं लाल साहब स्मारक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन का प्रथम मैच स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ और डीएफए झांसी के मध्य खेला गया। विधायक अशोक सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया। मध्यांतर तक दोनों टीमों ने हमले जारी रखें किंतु गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। मध्यांतर के बाद के खेल में लखनऊ को झांसी के विरुद्ध पेनल्टी किक मिली जिसे खिलाड़ी अनुराग सिंह ने गोल में तब्दील करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। खेल के65वे मिनट में लखनऊ के खिलाड़ी अल्तमस अख्तर ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल करके बढ़त दो गोलों की कर दी। यही मैच का निर्णायक गोल रहा और लखनऊ झांसी के विरुद्ध दो एक से विजयी रही। लखनऊ के खिलाड़ी अजय यादव, सूरज गुप्ता, रौनक यादव, अजय त्रिपाठी और बरेली के खिलाड़ी पुष्कर गगन उदय रवि और बद्री का खेल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा।



फुटबॉल खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते पूर्व विधायक अशोक सिंह।

दूसरा मैच स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली और ओमनी क्लब फतेहपुर के मध्य खेला गया। खेल के पहले ही मिनट में बरेली के खिलाड़ी प्रशांत सिंह ने बायीं छोड़ से डी रेखा के पास बढ़ाई गई गेंद पर सटीक किक करके गोल करने में कामयाबी पाईं। मध्यांतर के बाद के खेल में गोलकीपर के हाथ से छूटी बाल पोल से टकराकर लौटी तो उसे जाल में डालकर प्रशांत सिंह ने ही अपना दूसरा और टीम का दूसरा गोल कर दिया। खेल समाप्ति के कुछ समय पहले बरेली के खिलाड़ी आदित्य कुमार ने अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया। यही मैच का निर्णायक गोल साबित हुआ और स्पोर्ट्स हॉस्टल बरेली ने ओमनी क्लब फतेहपुर को तीन शून्य से पराजित किया। कल प्रतियोगिता के दोनों क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे। इस मौके पर अध्यक्ष लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, राजेंद्र कुमार सिंह रज्जू भैया, डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह, निरंजन राय, जयप्रकाश सिंह, उमेश श्रीवास्तव, सुनील त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने किया।

### बेहतर प्रदर्शन पर मेधावियों का सम्मान

**शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार।** पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पाराकला में हर्षोल्लास पूर्वक वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य शिव शंकर मौर्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से की गई। समारोह के तहत खेलकूद प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन, वाद–विवाद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने जहां सांस्कृतिक मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं के साथ ही 2025 की यूपी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास व प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। इस मौके पर शिक्षिका डॉ. बीनू सिंह, दीप्ति कटिहार, नूतन जोशी, अर्चना मिश्रा, हिमांशु वर्मा आदि मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव में छात्रा को सम्मानित करतीं अतिथि।

## बच्चों का सर्वांगीण विकास कराना उनका लक्ष्यः कैलाश



प्रार्थना बेला में मौजूद अनूप पांडे और कैलाश वाजपेई के साथ निरीक्षक गण।

संवाददाता, लालगंज, (रायबरेली)

**अमृत विचार।** अंबेडकर नगर और गोला गोकरननाथ से आए निरीक्षक संजीव कुमार मिश्रा व रामकुमार वर्मा ने शिशु मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनंत पांडे उर्फ अनूप पांडे और शिशु मंदिर प्रबंधक कैलाश बाजपेई ने बताया कि यहां पर नौ दिसंबर से 11 दिसंबर तक वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम कराया जाता है। प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही सरस्वती शिशु मंदिर का लक्ष्य है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, राम शरण अग्निहोत्री, जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्रा, दिवाकर सिंह, सुरेश वर्मा, राम नारायण सिंह आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

## दो सगे भाइयों में हुआ विवाद, मुकदमा दर्ज

तिलोई (अमेठी)। कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पूरे बुधई मजरे कूरा निवासी रामप्रसाद वर्मा व राम उजेरे वर्मा दोनों सगे भाइयों के बीच जमीन बटवारे को लेकर काफी दिनों से तनातनी चल रही थी। जिसके निस्तारण हेतु कई बार गांव के लोगो द्वारा सुलह समझौता कराने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं माने दिन बुधवार को उनके रिस्तेदार थाना महराजगंज के देवतरा निवासी अरविन्द कुमार वर्मा आये थे और शाम पांच बजे पुनः जमीन के बटवारे को लेकर कहासुनी हो गई जिसके कारण राम उजेरे वर्मा ने लाठी डंडे से अपने भाई रामप्रसाद पर हमला बोल दिया। जिसको छुड़ाने गये रिस्तेदार अरविन्द कुमार को जमकर मारा पीटा जिससे दोनों लोग घायल हो गए। पीड़ित ने थाने पर लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने मुकदमा पंजीकृत कर मेडिकल परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

डलमऊ (रायबरेली)। श्रीमती ओमवती देवी जनकल्याण समिति की ओर से श्री महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय डलमऊ में स्तन कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यहां पर मेदांता अस्पताल लखनऊ के चिकित्सकों द्वारा स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। टीम लीडर डॉ. नम्रता शुक्ला ने लोगों को स्तन कैंसर से बचाव के लिए जागरूक किया। कहा कि सतर्कता बेहद जरूरी है।कैंसर जैसे लक्षण दिखते ही चिकित्सक से सम्पर्क करना चाहिए। इस दौरान वक्ताओं का अध्यक्ष रघुवीर सिंह, प्रबंधक निरंजन सिंह ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रवक्ता नवनीत बाजपेई, अजीत श्रीवास्तव, मो जसीम, श्वेता त्रिवेदी, प्रमालिनी शुक्ला, नेहा सिंह रहे।

## शांतिकुंज के ज्योति कलश ने छतोह में बिखेरी दिव्यज्योति

छतोह (रायबरेली): गुरुवार को शांतिकुंज हरिद्वार से निकली दिव्य ज्योति यात्रा छतोह ब्लॉक पहुंची। महानंदपुर ग्राम में पूर्व प्रधान परमात्मा दीन तिवारी के संयोजन में ग्राम वासियों ने वेदमाता गायत्री, प्रज्ञा पीठ शांति कुंज के संस्थापक श्रीराम शर्मा और देवी भगवती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कलश यात्रा में चल रहे विद्वानों के प्रेरक प्रवचन सुने। तत्पश्चात यात्रा सावित्री बालिका इण्टर कालेज दुर्गागंज, तिवारी मेडिकल स्टोर छतोह, जानकी देवी पब्लिक स्कूल गढ़ा पहुंची। सूर्य कुशवाहा रथ चालक, वरिष्ठ कार्यकर्ता ओम प्रकाश ओझा, परमात्मा दीन त्रिपाठी, रविंद्र तिवारी, केएन सिंह आदि मौजूद रहे।

## मनोज कुमार बेस्ट टीचर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित

महराजगंज (रायबरेली): बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय को अखिल भारतीय नागरिक विकास केंद्र, औरंगाबाद द्वारा बेस्ट टीचर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा भेजे गए प्रमाणपत्र और शील्ड जब डाक के माध्यम से विद्यालय पहुंचा तो हर्ष का वातावरण छा गया। श्री पांडेय को पूर्व में राष्ट्रभाषा विकास परिषद स्वदेश भूषण समेत विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें यह पुरस्कार निबंध प्रतियोगिता सुलेख प्रतियोगिता शैक्षिक नवाचार आदि के लिए प्रदान किया गया।

# टायर फटने से हाईवे पर पलटी डीसीएम, लगा जाम

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर थाना क्षेत्र के शुकुल बाजार पर हुआ हादसा, लदा था ट्रांसपोर्ट का सामान

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)



पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलटी डीसीएम व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे माइन स्टोन 60.1 पर गुरुवार को सुबह तेज रफ्तार डीसीएम टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। डीसीएम पलटने से हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची और गाड़ी को साइड करवा कर यातायात को चालू करवा दिया है। ट्रक हादसे के दौरान लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रहा था, जिस पर ट्रांसपोर्ट का सामान लदा हुआ था।

जानकारी के अनुसार शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे स्थित माइन स्टोन 60. 100 का है जहां सुबह एक डीसीएम चालक सुनील कुमार पुत्र आत्माराम निवासी सिग्नेडी थाना सुमेरपुर जिला हमीरपुर चला रहा था। सुबह चलते समय डीसीएम का टायर फट गया जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और उसमें लदा सारा सामान सड़क पर बिखर गया। जानकारी मिलते हैं पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सुरक्षा अधिकारी बृजपाल कनौजिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सेफ्टी कोण और हाइड्रा की मदद से गाड़ी को हटाकर यातायात को सुचारु रूप से चालू करवा दिया। ट्रक को ऊंचगांव टोल प्लाजा पर खड़ा करवा दिया गया है।ट्रक पर ट्रांसपोर्ट का सामान लदा हुआ था जो लखनऊ से गाजीपुर की तरफ जा रहा था।

### दो ट्रेलरों की टक्कर में चालक की मौत



उमेश की फाइल फोटो।

अमेठी, अमृत विचार। हाईवे पर दो ट्रेलर के बीच आमने-सामने से हुई भीषण टक्कर में एक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरा चालक हादसे में बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस हाईवे से दोनों वाहनों को किनारे करवा कर यातायात बहाल कराया। रामगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संसारीपुर गांव के मौर्य ढाबा के पास गुरुवार की भोर लगभग 2 बजे दो ट्रेलर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गया। हादसे में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल सुलतानपुर ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने 25 वर्षीय उमेश पुत्र मंगरु को मृत घोषित कर दिया। उमेश जिला सुलतानपुर थाना कादीपुर क्षेत्र के ग्राम नेवादा का निवासी था। जबकि दूसरे ट्रेलर का चालक मनीष सिंह पुत्र तेज प्रताप सिंह हादसे में बाल-बाल बच गया, जोकि जिला अयोध्या थाना बीकापुर के गांव बरुआ का निवासी है। बताया जाता है दोनों वाहनों पर चालक ही थे,खलासी नही था। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को हाइवे के किनारे लगवाकर यातायात बहाल कराया। रामगंज चौकी प्रभारी संजय सिंह ने बताया अभी तक घटना की तहरीर नहीं मिला है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठग ने सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के खाते से उड़ाए 20 लाख

शुकुल बाजार (अमेठी)

- नौ बार में ऑनलाइन उड़ाए 19 लाख 28 हजार रुपये

अमृत विचार। शुकुल बाज़ार थाना क्षेत्र के पूरे बना मजरे बाहरपुर गांव में रहने वाले सेवानिवृत्त रेलवे गनमैन बृजमोहन के साथ साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक विगत 31 अक्टूबर को रेलवे से रिटायर हुए बृजमोहन की पेंशन एक माह बाद भी जारी नहीं हुई थी। इसी बीच 8 दिसंबर को 10 बजे पीड़ित के मोबाइल पर फोन आया कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई डीआरएम ऑफिस का डीपीओ बताते हुए कहा कि पेंशन फाइल में दस्तावेज़ संबंधी त्रुटि के कारण भुगतान अटका हुआ है, जिसे ऑनलाइन वेरिफिकेशन कर ठीक कराया जा सकता है। विश्वास दिलाने के लिए ठग ने व्हाट्सऐप पर पीड़ित के दस्तावेजों की पीडीएफ भेजी। उस पर भरोसा करते हुए बृजमोहन ने बताए अनुसार हर जानकारी साझा कर दी। इसके बाद ठगों ने 9 बार में उनके भारतीय स्टेट बैंक खाते से कुल 19 लाख 28 हजार रुपये उड़ा दिए। रकम गायब होने का पता चलते ही पीड़ित ने तुरंत थाना शुकुल बाजार में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित द्वारा बताए मोबाइल नंबर 7009986438 के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि मामला गंभीर है। साइबर सेल की मदद लेकर ठगों का पता लगाया जा रहा है। लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस ने लोगों को अनजान कॉल और लिंक से सतर्क रहने की अपील की है।

# जिले की 221 नहरों की सिल्ट सफाई में हो रही खानापूर्ति

संवाददाता, अमेठी



सिल्ट सफाई न होने से सूखी भैरव रजबाहा।

अमृत विचार। जिले की 221 नहरों की सिल्ट सफाई में पांच करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। जबकि सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूरी हो रही है। किसानों ने विभाग के अफसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कहा कि इतनी भारी भरकम धनराशि खर्च होने के बाद भी टेल तक पानी नहीं पहुंचता है। सिंचाई के लिए किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं 10 दिसंबर तक सिल्ट सफाई का कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा था।

जिले में खेतों की सिंचाई के लिए कुल 321 नहरें हैं, जिनकी लंबाई 1447 किलोमीटर दर्ज है। इनमें से 1338 किलोमीटर हिस्से में सिल्ट सफाई की घोषणा की गई है। इस कार्य में शासन की ओर से पांच करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 दिसंबर तक सफाई पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे 15 दिसंबर से नहरों में पानी का संचालन शुरू हो सके। जिले में किसानों की सिंचाई व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से नहरों की सिल्ट सफाई तेजी से कराए जाने का दावा किया जा रहा है, परंतु कार्य की गुणवत्ता गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसान हरीश सिंह चुन्नू ने कहा कि सफाई के नाम पर कई स्थानों पर केवल खानापूरी की जा रही है। भैरोपुर रजबाहा की सफाई में नहर के तल से सिल्ट निकालने के बजाय सिर्फ किनारों व तल को मशीन से बराबर कर दिया जा रहा है। परेशान किसान धर्मेंद्र शुक्ल, बच्चा शुक्ल आदि ने आरोप लगाया कि सिल्ट सफाई में मानक विहीन कार्य किया जा रहा है।

वहीं नहर विभाग के नोडल मनीष रंजन ने बताया कि पांच करोड़ से नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य चल रहा है। 10 दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य था जो पूरा हो गया है।

### राहत: अल्ट्रासाउंड के चार केंद्रों की हटाई गई मुहरबंदी

जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार। क्षेत्र के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। गुरुवार को प्रशासन ने जांच पूरी होने के बाद जगदीशपुर के तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों ,श्रीराम अल्ट्रासाउंड, नवीन अल्ट्रासाउंड और मैक्स अल्ट्रासाउंड से मुहरबंदी हटा दी है। इन केंद्रों को उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया ने सशर्त रूप से पुनः संचालित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। वहीं जसीम अल्ट्रासाउंड को 15 दिन पहले ही खोलने के आदेश दे दिए गए थे। गौरतलब है कि 7 जुलाई को एसडीएम अभिनव कन्नौजिया की अगुवाई में प्रशासनिक टीम ने सीएचसी अस्पताल के सामने स्थित इन चारों अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अचानक छापेमारी की थी। जांच के दौरान कई अनियमितताएँ सामने आई थीं। जिनमें मानकों के विपरीत संचालन, आवश्यक दस्तावेजों की कमी और योग्य चिकित्सकों की अनुपस्थिति प्रमुख थीं। इसी आधार पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों केंद्रों को सील कर दिया था। अब जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन केंद्रों को शर्तों के साथ बहाल कर दिया गया है। प्रशासन ने सभी संचालकों को सख्त निर्देश दिया है कि नियमों और मानकों का पूर्ण पालन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय से क्षेत्र के मरीजों और गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि अल्ट्रासाउंड सेवाओं के बंद होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ा था। अब केंद्रों के खुलने से लोगों के लिए जांच सुविधाएं सामान्य रूप से फिर शुरू हो सकेंगी।

# जिले में 548 परिवारों को मिलेंगे पक्के आवास

केशव बाजपेयी, अमेठी

सुविधा

- मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सपना होगा साकार

अमृत विचार। जिले के 548 परिवारों को अब कच्चे मकानों से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत इन पात्र परिवारों के लिए पक्के मकान मिलेंगे। शासन ने जिले के लिए नया लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे पात्र परिवारों के सिर पर पक्की छत का सपना साकार होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2025-26 के तहत प्राकृतिक दैवीय आपदा, दिव्यांग और पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला (18 से 50 वर्ष) पात्रों को आवास का लाभ मिलेगा। इसके लिए शासन से 548 का लक्ष्य आ गया है। सत्यापन के बाद लाभार्थियों के बैंक खातों में आवास की किस्त भेजी जाएगी। इसके लिए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जिले में प्राकृतिक व दैवीय आपदा के कारण 183 लोग बेघर हो गए हैं। वहीं 125 दिव्यांगजन और 240 निराश्रित महिला को भी योजना का लाभ मिलेगा। विभागीय आंकड़ों पर नजर डालें तो सामान्य वर्ग के 353, अनुसूचित जाति वर्ग के 195 लोगों को आवास का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के तहत जिलेभर के गरीब तबके के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

बता दें कि वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक जिले के 9498 लाभार्थियों का चयन इस योजना में किया गया था। इनमें से 9357 मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष अपूर्ण आवासों के संबंध में विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रहा है।

**आवास के लिए मिलेंगे 1.20 लाख रुपये:** योजना में दैवीय आपदा सहित अन्य बेघर परिवारों की सूची राजस्व विभाग से ग्राम्य विकास विभाग ने प्राप्त कर ली है। आवास के लिए तीन किस्तों में 1,20,000 रुपये दिए जाते हैं। साथ ही मनरेगा से 90 दिन की मजदूरी और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में पंचायतीराज विभाग के माध्यम से शौचालय की प्रोत्साहन राशि 12,000 रुपये भी दिए जाते हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस योजना के बारे में परियोजना निदेशक एश्वर्य यादव ने बताया कि शासन की ओर से 548 आवास का लक्ष्य मिला है। जिलेभर में पात्रता की जांच पारदर्शी तरीके से की जा रही है, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों को ही लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी चयनित लाभार्थियों को आवास का लाभ दिलाया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन के नलों में आने लगा पानी

अमृत विचार IMPACT

संवाददाता, अमेठी



8 दिसम्बर को प्रकाशित खबर।

- रेलवे अफसरों ने नल और टोटियों की शुरू कराई मरम्मत



रेलवे स्टेशन पर पानी भरता युवक।

अमृत विचार। अमेठी रेलवे स्टेशन की अव्यवस्थाओं पर 8 दिसम्बर को अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। जहां गुरुवार को टोटियों को व्यवस्थित कर पानी आना शुरू हो गया।

बता दें कि अमेठी स्टेशन पर जिस हालात को लेकर यात्री महीनों से त्रस्त थे। उसी पर खबर छपते ही रेलवे अफसर हरकत में आ गए। सुबह से ही स्टेशन परिसर में कर्मचारी और अधिकारी घूम-घूमकर हालात देखते रहे। सबसे पहले प्लेटफॉर्म पर खराब पड़े नल और टोटियों की मरम्मत शुरू कराई गई। प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 पर जो पानी बंद पड़ा था, उसे दोबारा चालू कराया गया। जिन दो सरकारी नलों के लंबे समय से खराब होने का जिक्र अमृत विचार की खबर में किया था, उनकी भी मरम्मत तुरंत शुरू हुई। यात्रियों ने कहा कि पानी की समस्या बहुत समय से चल रही थी, पर शिकायतों के बाद भी कुछ नहीं हुआ था। शौचालयों में गंदगी और पानी न होने की शिकायतें भी रेलवे ने गंभीरता से लीं। सफाईकर्मी बुलाकर पूरा शौचालय साफ कराया गया और पानी की लाइनें जोड़ दी गईं। प्लेटफॉर्म पर टूटी कुर्सियों को हटाने और नई व्यवस्था करने को भी कहा गया। स्टेशन पर कई दिनों से फैली गंदगी को हटाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए। यात्री बोले इतना सब अचानक तभी हुआ जब अमृत विचार में खबर छपी ,वरना कोई सुनवाई नहीं होती थी। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि अब स्टेशन की नियमित जांच कराई जाएगी, ताकि यात्रियों को पानी, बैठने और सफाई जैसी परेशानियां का सामना न करना पड़े।

वही स्टेशन अधीक्षक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि अमृत विचार में उठाए गए मुद्दे सही हैं। स्टेशन परिसर में पानी, बैठने और सफाई की कमी को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की गई है।

## नीति आयोग के निदेशक ने किया निरीक्षण

जगदीशपुर (अमेठी)। नीति आयोग, भारत सरकार के निदेशक मोहम्मद जुबैर अली हाशिम, आईएएस ने बृहस्पतिवार को जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड जगदीशपुर एवं जामों का विस्तृत निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह भी मौजूद रहे। निदेशक ने ग्राम पंचायत कठौरा के पंचायत सचिवालय में कंप्यूटर व्यवस्था, अभिलेख प्रबंधन और कार्य-संचालन को उत्कृष्ट बताते हुए पंचायत सचिव सुभाष चंद्र पांडे की सराहना की। पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों व स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल निगम, एनआरएलएम व बाल विकास विभाग के कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए गैप, चुनौतियों और समाधान पर जोर दिया तथा डिजिटल मॉनिटरिंग और तकनीक के उपयोग को बढ़ाने के निर्देश दिए। कठौरा के विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता, शिक्षण-सामग्री और पोषण सेवाओं का आकलन किया।

## सिटी डायरी



महिलाओं को रामायण भेंट करते चंदन त्रिवेदी। अमृत विचार

### भक्तों को भेंट किया रामचरितमानस

लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार। राम भक्त और समाजसेवी ऐहार गांव निवासी चंदन त्रिवेदी ने किरन शुक्ला एवं विमला शुक्ला को रामचरितमानस भेंट की। इस अवसर पर मृदुल त्रिपाठी, रिंकू मिश्रा, विकास शुक्ला, मयंक शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, पार्थ शुक्ला, पिंटू शुक्ला आदि मौजूद रहे। सभी ने निरन्तर कई महीनों से चल रहे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की सराहना की।



शहीद स्मारक परिसर में योगाभ्यास करते लोग।

### स्वस्थ बनाने वाली जीवनशैली है व्यायाम

रायबरेली। मातृभूमि सेवा मिशन की ओर गुरुवार को शहीद स्मारक परिसर में निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत 21 सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ हुई। योग प्रशिक्षक अनूप शर्मा द्वारा योगाभ्यास कराया गया। संयोजक प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि योग केवल व्यायाम भर नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, अनुशासित और स्वस्थ बनाने वाली जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन का उद्देश्य है कि हर नागरिक योग के माध्यम से स्वस्थ, जागरूक और ऊर्जा से भरपूर जीवन अपनाए। शिविर में रश्मि पाण्डेय, शिव चेतन पाण्डेय, दिनेश मिश्रा, राकेश यादव, अनूज यादव, शिवेंद्र गुप्ता, आशीष, राजकुमार साहू, प्रकाश, राममिलन, सौरभ, देवेंद्र नाथ मिश्रा, दिनेश पाण्डेय, अजय मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



मेले में रावण दहन के दौरान मौजूद लोग।

### मेले में किया गया रावण दहन

संग्रामपुर (अमेठी)। थाना संग्रामपुर क्षेत्र के काली माई मैदान में ऐतिहासिक मेले का समापन रावण दहन के साथ हो गया। बीती 4 दिसंबर से मेले की शुरुआत मां काली की पूजा अर्चना के बाद शुरू हुई थी मेले में लगने के दो दिन पहले ही बड़े-बड़े झूले बड़ी-बड़ी दुकान आने लगी थी मेले में प्रशासन व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था पानी शौचालय आदि की अच्छी व्यवस्था की गई थी। मेले में इस बार कोई अप्रिय घटना नहीं हुई मेला बड़े उत्साह से दर्शकों ने देखा मेले में बीते रविवार को ऐतिहासिक भीड़ हुई थी। मेले के व्यवस्थापक नरेंद्र गिरी और रमेश गिरि आदि लोग रहे।



भागवत कथा सुनतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

### सुदामा चरित्र सुनाया

अमेठी। माया का खेल समझना सबके बस की बात नही है। जादूगर का जमुड़ाबने बिना जादू समझना मुश्किल है। उसी प्रकार सच्चिदानंद को समझना आसान नहीं हैं। सेहद बाबा आश्रम पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन उक्त बातें कथाकार ने कही। टीकरमाफी स्थित सेहद बाबा आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भागवत मर्मज्ञ साध्वी पूजा शास्त्री ने महराज उत्तानपाद के कथा के वर्णन के साथ ही सुदामा चरित्र का बखान किया। यहां श्यामलाल, राम अवतार, शेर बहादुर, फूलचंद्र, कृष्ण चंद्र, केदारनाथ, ज्वाला प्रसाद, बीडीसी, उदय राज मौर्य रहे।

आयोजन

श्रीराम-जानकी मन्दिर परिसर में कथा वाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने सुनाई भागवत कथा

# परीक्षित श्राप और अमरकथा सुनकर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, शिवगढ़ (रायबरेली)



श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद लोग।

अमृत विचार। क्षेत्र के देहली स्थित श्रीराम-जानकी मन्दिर परिसर में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होकर झूमते गाते एवं तालियां बजाते नजर आए। कथा वाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने अपनी अमृतमयी वाणी से परीक्षित श्राप की कथा सुनाते बताया कि एक बार शिकार करते समय, राजा परीक्षित को प्यास लगी तो उन्होंने शमीक ऋषि से जल मांगा। ऋषि ध्यानमग्न थे और जवाब नहीं दे पाए। जिससे क्रोधित होकर, राजा परीक्षित ने ऋषि के गले में एक मरा हुआ सांप डाल दिया। यह बात जब ऋषि के पुत्र श्रृंगी को पता चली तो उन्होंने क्रोधित होकर राजा परीक्षित को श्राप दिया कि सातवें दिन नागराज तक्षक उन्हें डस लेगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रसंग से श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण की आधारशिला पड़ी। जिसके पश्चात कथावाचिका ने अमरकथा का बखान करते बताया कि जब माता पार्वती ने शिवजी से गले में पहने मुण्डमाला के बारे में पूछा, तो शिवजी ने बताया कि ये मुंड किसी और के नहीं स्वयं पार्वती जी आपके पिछले जन्मों के हैं। इस पर माता पार्वती ने पूछा क्या हर जनम में मैं ही मरती रही आप क्यों नहीं मरे। भोलेनाथ ने बताया कि मैंने अमरकथा सुन रखी है।

कथा का आयोजन राजनरायन चौरसिया के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के समन्वित सहयोग से किया जा रहा है। इस मौके पर कथा के यजमान बाल्मीकि, रश्मि , शिवपूजन, अनूप सहाय, रीतु, पंकज भदौरिया, पूर्व कर्नल सुरेश तिवारी, राजेश तिवारी, ऋषभ तिवारी, बृजेंद्र द्विवेदी,आलोक अवस्थी,सज्जन अवस्थी,दद्दन अवस्थी, बबलू दीक्षित, महन्त गुरु प्रसाद,भोला, कालिका प्रसाद मिश्रा, सुमित मिश्रा, कृष्ण मुरारी, रामहेत मिश्रा आदि लोग मौजूद।

### नौ दिन तक बहेगी सुनिए कथा रघुनाथ की अमृत धारा : शेखर




आयोजन की जानकारी देते कमेटी के पदाधिकारी।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। सुनिए कथा रघुनाथ की आयोजन को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। गुरुवार को रिफार्म क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में सुनिए कथा रघुनाथ की सेवा समिति एवं अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। आयोजक मंडल के वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास गोविंद भाई जी बद्रीनाथ धाम श्रीपति पीठ के मुखारविंद से आम जनमानस को श्रवण करने को मिलेगी। कुंवर भूपेंद्र सिंह बबलू ने कहा कि रिफॉर्म क्लब अस्पताल चौराहा में 13 से 21 दिसंबर तक आयोजित होने वाली कथा अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक चलेगी। इससे पहले शुक्रवार 12 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान दीपू सिंह, विवेक मिश्रा, पल्लू, राजन दीक्षित, योगेश त्रिपाठी, हिमांशु वाजपेई, आशीष पाठक, निलेश पांडे, सूरज शुक्ला आदि उपस्थित रहे।



आदमी या तो आदमी है, वरना आदमी नहीं है, गधा है, मकान है, मेज है या और कोई चीज है।

**–सआदत हसन मंटो,** उर्दू कहानीकार

## सख्ती और समाधान

भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाले इंडिगो संकट पर सरकार और अदालत द्वारा उठाए गए सख्त कदम सराहनीय हैं, क्योंकि यह पहली बार है, जब किसी एयरलाइन के परिचालन संकट को केवल तकनीकी या प्रबंधन त्रुटि न मानकर उपभोक्ता अधिकारों और बाजार अनुशासन की दृष्टि से देखा गया। इन हस्तक्षेपों से विमानन परिदृश्य में सुधार की उम्मीद बढ़ी है, परंतु यह बदलाव कितना स्थायी होगा, यह व्यवस्था की पारदर्शिता, नियामकीय सख्ती और राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करेगा।

इस मामले में कोर्ट द्वारा जांच समिति की रिपोर्ट को 'सीलबंद लिफाफे' में मांगना यह संकेत देता है कि न्यायालय बाहरी दबावों या लॉबिइंग से बचना चाहता है, हालांकि विमानन क्षेत्र से जुड़ा यह संकट न केवल लाखों यात्रियों बल्कि व्यापक आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करता है, इसलिए इसका सार्वजनिक होना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पारदर्शिता न होने पर यह आशंका बनी रहेगी कि कहीं गंभीर चूक की जानकारी दब न जाए। फिलहाल डीजीसीए के नए नियम देरी, कैंसिलेशन और यात्री सुरक्षा को मजबूती देंगे, बशर्ते उनका कड़ाई से पालन हो। इंडिगो मुख्यालय में डीजीसीए अधिकारियों की तैनाती एक तरह का 'माइक्रो-रेगुलेशन' है, जिससे परिचालन की निगरानी बेहतर होगी और कंपनी को नियामकों से दूरी की सुविधा अब नहीं मिलेगी। यदि कॉम्पिटिशन कमीशन एंटीट्रस्ट जांच शुरू करता है, तो एयरलाइन को बाजार शक्ति के दुरुपयोग, प्रतिस्पर्धा घटाने और उपभोक्ता शोषण के आरोपों का सामना करना पड़ सकता है। इससे उद्योग में अनुशासन स्थापित होगा और अन्य कंपनियों को साफ संदेश जाएगा कि बाजार एकाधिकार का गलत इस्तेमाल नहीं हो सकता। यह संकट छोटा नहीं था, पांच हजार से अधिक उड़ानें रद्द, दस लाख टिकट कैंसिल, पर्यटन–व्यापार को बड़ा झटका और हजारों करोड़ का आर्थिक नुकसान, इसलिए स्वतंत्र न्यायिक जांच आवश्यक है, ताकि समस्या की जड़ें सामने आएं और भविष्य में इसके पुनरावृत्ति की संभावना समाप्त हो। अब जब सरकार कारण खोजने और जवाबदेही तय करने की बात कर रही है, तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि संकट प्रबंधन में किस स्तर पर विफलता हुई- कंपनी, नियामक या मंत्रालय।

सरकार से पूछना जरूरी है कि टिकटों की कीमतें कुछ ही दिनों में 4–5 हजार से बढ़कर 30 हजार तक कैसे पहुंच गईं? क्या नियामक तंत्र सोया हुआ था? महज सख्त रवैये से सरकार इस जवाबदेही से बच नहीं सकती, क्योंकि संकट रोकना नियामकों की जिम्मेदारी थी। यात्रियों के लिए अनिवार्य मुआवजे का 'पैसेंजर रिलीफ फंड', विमान सेवा को 'राइट टू सर्विस' के दायरे में लाना और हर्जाने के स्पष्ट स्लैब बनाना- ये सब उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करने के व्यावहारिक सुझाव हैं। स्पष्ट बहुमत की सरकार चाहे तो कुछ ही महीनों में इस दिशा में ठोस कानून ला सकती है। भविष्य में इस बाबत कानून और ट्रिब्यूनल बनाकर एयरलाइन एकाधिकार पर अंकुश भी समाधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। नए नियम और सख्त रवैया आश्वस्त तो करता है, पर यह मान लेना कि अब ऐसी समस्या दोबारा नहीं आएगी, जल्दबाजी होगी।

### प्रसंगवश

## इंद्रप्रस्थ से दिल्ली तक राजधानी का सफर

आज 12 दिसंबर को कलकत्ता की जगह दिल्ली को देश की राजधानी बनाया गया था। यमुना तट पर बसी दिल्ली केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास का जीवंत दस्तावेज है। पौराणिक इंद्रप्रस्थ से लेकर आज की आधुनिक राजधानी तक का यह सफर लगभग पांच हजार वर्षों का है। इस अवधि में दिल्ली सात बार उजड़ी और सात बार नए रूप में खड़ी हुई।

दिल्ली का नाम मूलतः प्राचीन संस्कृत-पाली नाम 'ढिल्लिका' या 'ढिल्ली' से निकला है, जिसका उल्लेख पहली शताब्दी के लौह-स्तंभ शिलालेख से लेकर महाभारत काल तक के ग्रंथों में मिलता है। यही समय के साथ छोटा होकर 'दिल्ली' बन गया। मध्यकाल में जब तुर्क और अफगान शासक आए तो उन्होंने फारसी शब्द 'देहलीज' (प्रवेश द्वार) से इसे 'देहली' कहा, क्योंकि यह हिंदुस्तान में आने का मुख्य द्वार थी। 'देहली' 'दिल्ली' बन गई।




जयदेव राठी

अधिवक्ता


साथ ही लोक-कथाओं में यह भी प्रचलित हुआ कि तोमर राजा अनंगपाल के समय किसी राजा 'दिलु' या 'दिल्लू' के नाम पर शहर का नाम दिल्ली पड़ा, जबकि एक जनश्रुति यह भी है कि पृथ्वीराज के जमाने में यहां ढीले-खोटे सिक्के चलते थे, इसलिए जगह को 'ढिल्ली' कहा जाने लगा। इस तरह प्राचीन 'ढिल्लिका', फारसी 'देहलीज', किंवदंती के 'राजा दिलु' और लोक व्युत्पत्ति- सब मिलकर आज के 'दिल्ली' नाम तक पहुंचे।

महाभारत के अनुसार पांडवों ने खांडवप्रस्थ के वीरान वन को विकसित कर इंद्रप्रस्थ की स्थापना की थी। पुराना किला के आसपास 1954-55 और 2013-14 में हुए उत्खनन में पेंटेड ग्रे वेयर के अवशेष मिले हैं, जो लगभग 1000 ईसा पूर्व के हैं। यह पौराणिक विरासत दिल्ली की पहचान का अभिन्न अंग है। मध्यकाल में दिल्ली ने अपना असली स्वरूप पाया। 1060 ईस्वी में तोमर राजपूत अनंगपाल द्वितीय ने लाल कोट की स्थापना की। इसके बाद पृथ्वीराज चौहान ने किला राय पिथौरा बनाया। 1192 में मुहम्मद गौरी की विजय के बाद दिल्ली सल्तनत की राजधानी बनी और यहां से भारतीय इतिहास का एक नया अध्याय शुरू हुआ।

दिल्ली सल्तनत के विभिन्न शासकों ने अपने-अपने शहर बसाए। अलाउद्दीन खिलजी ने 1303 में सीरी, गयासुद्दीन तुगलक ने 1321 में तुगलकाबाद, मुहम्मद बिन तुगलक ने जहांपनाह और फिरोज शाह तुगलक ने 1354 में फिरोजाबाद बसाया। हर शहर अपने समय की वास्तुकला और शासन व्यवस्था का प्रतीक था, लेकिन दिल्ली का सबसे वैभवशाली रूप सामने आया जब मुगल बादशाह शाहजहां ने 1639 में शाहजहानाबाद की नींव रखी। 1648 में पूर्ण हुआ यह शहर मुगल साम्राज्य की शक्ति और समृद्धि का प्रतीक था। लाल किला, जामा मस्जिद और 1650 मीटर लंबा चांदनी चौक इसी शाहजहानाबाद की देन है। फ्रांसीसी यात्री फ्रांस्वा बर्नियर ने इसे एशिया का सबसे शानदार शहर बताया था।

1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने शाहजहानाबाद में व्यापक विध्वंस किया और मुगल साम्राज्य का अंत हो गया। उस समय ब्रिटिश भारत की राजधानी कलकत्ता थी, लेकिन 12 दिसंबर 1911 को किंग जॉर्ज पंचम ने राजधानी को दिल्ली स्थानांतरित करने की ऐतिहासिक घोषणा की। इस निर्णय के पीछे कई रणनीतिक कारण थे। दिल्ली भारत के केंद्र में स्थित थी और उत्तर-पश्चिम सीमा के करीब थी। बंगाल में बढ़ते राष्ट्रवादी आंदोलन के कारण कलकत्ता में ब्रिटिश विरोधी भावना तीव्र हो गई थी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि दिल्ली सदियों से भारत की राजधानी रही थी और इस पर शासन करना ब्रिटिश शक्ति का प्रतीक था।

## भारत में जुर्म करके भागते अपराधी






विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी, यूएई एंबेसी


गोवा क्लब में आग लगने के बाद क्लब के मालिक गिरफ्तारी से बचने के लिए थाईलैंड भाग गए। इन भगोड़े अपराधियों को फिर से देश लाना कितना आसान है? ये कैसे देश से भाग जाते हैं?

गोवा के मशहूर रोमियो लेन में स्थित 'बर्क बाय रोमियो' क्लब में आग लगने के महज कुछ घंटे बाद ही क्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा सात दिसंबर 2025 को फ्लाइट पकड़कर थाईलैंड के फुकेट भाग गए। अलबत्ता खबर है कि वहां उन्हें हिरासत में लिया गया है। इस हादसे में में दो दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इस घटना ने फिर से साबित कर दिया कि भारत में 'अपराध करो, विदेश भागो' वाला फॉर्मूला आज भी ज़िंदा और कारगर है। दाऊद से नीरव मोदी तक, विजय माल्या से मेहुल चोकसी तक— यह सिलसिला दशकों पुराना है। बस अब अपराध का स्केल और भागने की तकनीक दोनों बदल गए हैं।

ये सच है कि इन शातिर अपराधियों को भागने में मदद करने में कुछ शक्तिशाली सरकारी अफसरों की भी भी भूमिका रहती है। बेशक, भारत में अपराध कर विदेश भागना कोई नया घटनाक्रम नहीं है, लेकिन बदलते समय के साथ आर्थिक, संगठित और अंतर्राष्ट्रीय अपराधों का दायरा बहुत बढ़ चुका है। बेशक, भगोड़ों की बात होगी तो पहला नाम दाऊद इब्राहिम का ही सबसे पहले लेना होगा। उसने 1970–80 के दशक में क्राइम की दुनिया में कदम रखा, बाद में अपना गैंग बना लिया, जिसने सोना तस्करी, ड्रग–तस्करी तथा वसूली जैसे कई प्रकार के अपराध किए। मुंबई बम कांड के बाद वह भारत छोड़कर दुबई भाग गया। फिर वहां से कराची चला गया।

इस प्रकार दाऊद का नाम उन अपराधियों में आता है, जिसने भारत से भागकर विदेश में अपनी गतिविधियां जारी रखीं। उसी की तरह इकबाल मिर्ची भी था। वो भी दाऊद का आदमी था। उसे अक्सर ड्रग–बारन कहा जाता था, क्योंकि उसके द्वारा एशिया, अफ्रीका और यूरोप में नशीली दवाओं की तस्करी की जाती थी। जब भारत में उस पर दबाव बढ़ा, तब उसने भारत छोड़ दिया— वो पहले दुबई, फिर लंदन में बस गया। भारत द्वारा गिरफ्तारी के प्रयास और प्रत्यर्पण की मांग के बावजूद, ब्रिटेन में उसकी कानूनी लड़ाई और सबूतों की कमी के चलते, उसने कई साल विदेश में गुजारे। छोटा राजन भी भगोड़ा रहा है।

अब बात करते हैं रवि पुजारी की। वो जाना-माना गुंडा और वसूली एवं हत्या के मामलों में आरोपी रहा है। उसने अपने असली नाम के बजाय कई फर्जी पहचान–नाम और पासपोर्ट जैसे पहचान पत्र का इस्तेमाल किया। उसे 2019 में, पश्चिम अफ्रीकी देश सेनेगल में गिरफ्तार किया गया, फिर 2020 में उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया।

भारत में आर्थिक अपराधों के बढ़ने के साथ कई कारोबारी भी बड़े वित्तीय घोटालों के बाद विदेश भाग गए। ये मामले न सिर्फ बैंकिंग व्यवस्था के लिए चुनौती बने, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रणाली की कठिनाइयों को भी उजागर करते हैं। यूबी ग्रुप और किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या पर भारतीय बैंकों का लगभग 9000 करोड़ रुपये बकाया होने का आरोप है। 2016 में वह भारत छोड़कर यूके चला गया। इस बीच, हीरा कारोबारी नीरव मोदी पर PNB बैंक घोटाले (लगभग 13,000 करोड़) का आरोप है। वो 2018 में अमेरिका और फिर ब्रिटेन चला गया। मेहुल चोकसी भी पीएनबी घोटाले में आरोपी है। वो 2018 में भारत छोड़कर एंटीगुआ चला गया, जहां उसने नागरिकता भी प्राप्त कर ली। 1993 मुंबई धमाकों का प्रमुख आरोपी टाइगर मेमन भी भारत से भागकर पाकिस्तान चला गया।

इन बड़े गिरोह के सरगनाओं पर कानून का शिकंजा कसता है, तो ये पहले दुबई या दूसरे मध्य-पूर्वी देशों की ओर भागते हैं। वहां से वे फिर अपनी गतिविधियां ड्रग्स, तस्करी, वसूली या आतंकवादी षड्यंत्रों का संचालन करने लगते हैं। कुछ अपराधी फर्जी पहचान, नकली पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हैं। यह उन्हें कई देशों में घूमने और नया जीवन शुरू करने में मदद करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन नेटवर्क, जैसे इंटरपोल और प्रत्यर्पण संधियां बहुत अहम होती हैं। इनकी मदद से भारत कई भगोड़ों को वापस लाता रहा है।

हाल के सालों में सीबीआई और अन्य एजेंसियों ने कई भगोड़ों को विदेशों से भारत वापस लाने की कोशिश तेज की है। उदाहरण के लिए, 2023 तक की रिपोर्ट के अनुसार, 184 भगोड़ों की लोकेशन पता लग चुकी है। 2020–2025 की अवधि में लगभग 134 भगोड़ों को विदेशों से भारत लाया गया है। यह पिछले दशक की तुलना में दोगुनी दर बताता है। फिर भी, प्रत्यर्पण की प्रक्रिया जटिल होती है। कई देशों के कानूनी ढांचे, पासपोर्ट धोखाधड़ी, प्रमाण जुटाने में कठिनाई और राजनीतिक/कूटनीतिक समझौतों की वजह से अपराधियों को पकड़ना मुश्किल हो जाता है।

भगोड़ों को पकड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता जरूरी होती है। जैसे कि रवि पुजारी का मामला दिखाता है। उसे सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका में संयुक्त प्रयासों के बाद पकड़ा गया। अगर देशों के बीच सहयोग नहीं होगा, तो भगोड़े कई सालों तक सुरक्षित रह सकते हैं।

भारत से भागकर विदेश में शरण लेने वाले अपराधियों की कहानी लंबी, जटिल और खतरनाक रही है। चाहे वो ड्रग्स-तस्करी हो, वसूली, गिरोह, या आतंकवाद— अपराधियों ने सीमाएं पार की हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, कानूनी प्रक्रिया, प्रत्यर्पण समझौतों और एनफोर्समेंट एजेंसियों की कोशिशों की वजह से कई भगोड़े वापस भारत लौटाए गए हैं। यह दिखाता है कि यदि पड़ोसी देशों और अंतर्राष्ट्रीय पक्षों के साथ सहयोग मजबूत हो, तो अपराधियों को बचने का रास्ता मुश्किल हो जाता है। अब सवाल उठता है कि क्या गौरव और सौरभ लूथरा अपने आप भारत वापस जाते हैं या उन्हें लाने के लिए लंबी कवायद करनी होगी?

### आमने सामने



मोहन भागवत को वंदे मातरम गाना आता है क्या? वंदे मातरम गाने की शुरुआत ही कांग्रेस अधिवेशन से हुई। हम निरंतर तब से, जब रविंद्र नाथ टैगौर ने इसे गाया था, गा रहे हैं, लेकिन बीजेपी के लोग वंदे मातरम गीत कब गाते हैं? जिन्होंने कभी तिरंगा नहीं फहराया, वह हमको राष्ट्रवाद सिखाएंगे।

**–भूपेश बघेल,** कांग्रेस नेता

भूपेश बघेल संघ गीत गा रहे हैं, यह अच्छी बात है। मोहन भागवत से वंदे मातरम सुनना है, तो उनके पास जाएं। संघ की शाखा में जाकर प्रार्थना सीखना चाहिए। वंदे मातरम के पदों को काटने का काम तो कांग्रेस ने किया। कांग्रेस को इसके लिए देश से माफी मांगना चाहिए।

**–श्याम बिहारी जायसवाल**

स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़



## सीमा पर बढ़ती चीन की दखलअंदाजी




डॉ. सुधीर सक्सेना

वरिष्ठ पत्रकार


बीजिंग सुनियोजित और चरणबद्ध तरीके से भारत के लिए मुसीबतें खड़ी करने की मुहिम में लिप्त है। 'दुनिया के छज्जे' पर तेजगति की रेल पातें बिछाई जा रही हैं और ब्रह्मपुत्र का पानी बांधा जा रहा है।

खतरे की घंटियां लगातार घनघना रही हैं और उनमें कंपन पैदा किया है ड्रेगन यानी चीन ने। पाकिस्तान तक सीधा कारीडोर तलाशने के बाद से बीजिंग सुनियोजित और चरणबद्ध तरीके से भारत के लिए अकल्पनीय मुसीबतें खड़ी करने की मुहीम में लिप्त है। 'दुनिया के छज्जे' पर तेजगति की रेल पातें बिछाई जा रही हैं और विश्व की विशालतम नदियों में शुमार ब्रह्मपुत्र का पानी बांधा जा रहा है। ये दोनों निर्माण चीन को सामरिक और आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली और सुदृढ़ पायदान पर खड़ा कर देंगे। दक्षिण पूर्व तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर पांच पनबिजली संयंत्रों को समेटे इस विशालतम बांध की बस कल्पना ही की जा सकती है। यह यांग्त्सी पर बने अब तक के विशालतम बांध थ्री गर्जेस से कई गुना बड़ा है।

तिब्बत में 2015 में जल विद्युत परियोजना 1.5 अरब डॉलर की थी। यारलुंग जांग्बो परियोजना की लागत 167.7 अरब डॉलर है। 1.2 ट्रिलियन युआन की यह परियोजना ब्रह्मपुत्र नदी घाटी का हुलिया बदल देगी। ब्रह्मपुत्र नदी बड़ा यू-टर्न लेकर बरास्ते अरुणाचल बांग्लादेश में प्रवेश करते हुए विश्व की सबसे गहरी घाटी का निर्माण करती है। वहां बांध बनने का अर्थ है ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह पर नियंत्रण। इससे हर साल 300 बिलियन किलोवाट बिजली उत्पन्न होगी। विश्व की छत रूपी तिब्बती पठार टेक्टोनिक प्लेटों पर स्थित होने से अत्यंत संवेदनशील और भूकंप-संवेद है। भीमकाय बांध के निर्माण का सीधा अर्थ है भूगर्भ से छेड़छाड़। जाहिर है कि पर्यावरण प्रभावित होगा और पारिस्थितिकी भी।

इस हाहाकारी बांध के निर्माण को गत वर्ष दिसंबर में मंजूरी मिली। अरुणाचल से अनति दूर चीनी सीमा में निंगची में समारोह हुआ, जिसमें चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने शिरकत की। भारत और अन्य पड़ोसी राष्ट्रों की चिंताओं को खारिज कर द्रुत गति से निर्माण शुरू हो गया। मीकांग नदी से चीन के सलूक के नतीजे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की स्मृति में है। ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत में अरुणाचल और बांग्लादेश-त्रिकूट (डेल्टा) सर्वाधिक प्रभावित होगा। असर लाओस, म्यांमार, वियतनाम, कंबोडिया और थाईलैंड जैसे अधोप्रवाही देशों पर भी पड़ेगा।

बांग्लादेश की तबाही का खतरा सबसे ज्यादा है। 16 करोड़ की आबादी के बांग्लादेश की जल सुरक्षा, आर्थिकी, पर्यावरण और मृदा-उर्वरता पर इससे प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उसकी कृषि-समृद्धि की चूलें हिल सकती हैं। धान उत्पादन में मिलियनों टन की कमी आएगी, लेकिन मैत्री के बावजूद बीजिंग ने ढाका का नामचार की सूचनाएं दीं। उसने 'नो-निगेटिव इंपैक्ट' का ढोल पीटा और 'बिल्ड फर्स्ट, निगोशियेट लेटर' की नीति अपनाई।

ऐसा नहीं है कि भारत सशंक और सचेत नहीं है। दिसंबर 24 में अजीत डोभाल की चीन के विदेश मंत्री वांग ची से वार्ता में यह मुद्दा उठा। मगर भारत की चिंता को सबसे मुखर अभिव्यक्ति दी अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने। उन्होंने ब्रह्मपुत्र पर चीनी बांध को 'वाटर बम' बताते हुए जीवन, भूमि और संसाधनों की तबाही की आशंका व्यक्त की और कहा कि प्रवाह पर नियंत्रण से चीन जब चाहे तब भारी मात्रा में पानी छोड़कर अरुणाचल में बाढ़ की विभीषिका उत्पन्न कर सकता है।

यह तो हुई ब्रह्मपुत्र के पानी को बांधने की बात। अब आएं तिब्बत में रेलपोत पर। तिब्बत सन 1950 तक दुर्गम क्षेत्र रहा है, लेकिन चीनी आधिपत्य के बाद वहां चीनियों का बड़े पैमान पर आव्रजन हुआ और अब वह चीन के कठोर नियंत्रण में है। अब चीन किंघाई से ल्होसा तक दुनिया की सबसे ऊंची और तीव्र रेल पांत बिछा रहा है। 960 किमी लंबी यह पांत 13123 फुट ऊंचाई पर होगी। इससे शिनिंग से ल्हासा पहुंचने में फकत 22 घंटे लगेंगे। करीब 90 फीसद रेल पांत 300 मीटर ऊंचाई पर होगी। सन 2018 में चेंगदू यआन और जून 2021 में न्यिंग्ची-ल्हासा के उपरांत यआन-न्यिंग्ची ट्रैक सन 2030 तक पूरा होगा। इससे तांगगुला को 5068 मीटर ऊंचा होने से विश्व के सर्वोच्च रेलवे स्टेशन का दर्जा मिल जाएगा।

प्रारंभिक सिंचुआन, जहां 300 मीटर ऊंचाई पर है, वहीं टर्मिनस सागर तल से 3000 मीटर ऊंचा ट्रेन यालुंग-त्सांग्पो घाटी से 16 बार गुजरेगी, जिसमें 47 बोगदे और 121 पुल निर्धारित हैं। यह रेल ट्रैक सबसे लंबी 42.5 किमी लंबी सुरंग को समेटेगा। 10 किमी लंबी मिलिन सुरंग को कठिनतम बोगदा माना जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर 320 बिलियन युआन की लागत आएगी। इसे रेलपांत पर ट्रेन की गति होगी 100 किमी। इसके पूर्ण हाने पर चीन के लिए तिब्बत पर नियंत्रण नागरिकों की आवाजाही, सैनिकों और आयुधों की तैनाती और फौजी ठिकानों की स्थापना आसान हो जाएगी।

तिब्बत पर चीन का निरंकुश शासन और दृढ़ होगा तथा भारत के लिए खतरा और ज्यादा होगा। चीन के पाकिस्तान का सबसे बड़ा और शक्तिशाली हितैषी होने से बांध और रेल पांत भारत की सुरक्षा और सार्वभौमिकता के लिए बड़ा खतरा हैं। बांध को लेकर दिल्ली को ढाका का सहयोग और विश्वास लेना चाहिए। जरूरी है कि अंतर्देशीय जल बंटवारे और प्रबंधन पर भारत और चीन के मध्य ठोस और सार्थक बातचीत हो।

### सोशल फोरम

## सूफी परंपरा और प्रेम का राग-अनुराग

सूफ़ी परंपरा में प्यार कोई भावनात्मक शौक नहीं है, यह तो पूरे अस्तित्व की धुरी है, सूफ़ी नज़र से दुनिया को देखो तो हर चीज़ के पीछे एक ही सरगर्म सच्चाई दिखाई देती है कि रब ने इस कायनात को इज़हार-ए-इश्क़ के लिए पैदा किया, यानी सृजन खुद एक प्रेम पत्र है, जो ख़ालिक़ ने अपनी मख़्लूक़ को लिखा है और इंसान उसका होशमंद पाठक है, जो कभी समझ लेता है और ज़्यादातर भूल जाता है।




मुकेश तिवारी

ब्लॉगर


सूफ़ियों के यहां प्यार दो दर्जे बताए हैं, एक है इश्क़-ए-मजाज़ी, यानी इंसानी मोहब्बत, जिसमें दो जिस्म हैं, दो नाम हैं, दो अहं हैं, दूसरा है इश्क़-ए-हक़ीक़ी, यानी वह प्रेम जिसमें सारा ज़ोर अहं को गलाने पर होता है। जहां महबूब कोई एक शख़्स नहीं रह जाता, बल्कि वह वजूद बन जाता है जो हर दिशा में फैला है, सूफ़ी कहता है कि इंसानी प्यार भी बेकार नहीं है, यह तो एक मदरसा है, जहां दिल पहली बार सीखता है कि किसी और को अपने से ज़्यादा अहमियत देना क्या होता है। यही सीख, यही झुकना, यही तड़प आगे चलकर उसे रब के दर तक ले जाती है।

सूफ़ी परंपरा में इश्क़ कमज़ोरी नहीं है, सबसे बड़ी ताक़त है, क्योंकि प्यार ही वह आग है, जिसमें नफ़्स जलता है। घमंड पिघलता है। जब आदमी सचमुच किसी से प्रेम करता है, तो उसकी सबसे बड़ी दीवानगी यही होती है कि मैं इसको तकलीफ़ न दूं। इसकी हिफ़ाज़त करूं। इसको खुश देखूं। सूफ़ी कहता है कि इस भाव को और फैलाते जाओ, सिर्फ एक इंसान तक मत रोको। इसे हर ज़िंदा दिल तक, हर मज़लूम तक, हर गिरे हुए तक फैला दो। यही करुणा, यही रहम, यही इंसाफ़ इश्क़ का अमली रूप है।

इश्क़ के बिना सूफ़ी के लिए इबादत भी अधूरी है। सूफ़ी जब सजदा करता है तो डर से नहीं करता कि सज़ा मिलेगी। इनाम मिलेगा, जन्नत मिलेगी, वह सजदा इसलिए करता है कि उसके दिल का साक़ी, उसका महबूब, उसकी रूह की रोशनी उसे पुकार रही होती है। वह कहता है कि मैं तेरे सिवा किसको पूजूं, तेरे सिवा किससे शिकवा करूं, तेरे सिवा किससे गिला करूं, यही हालत उसे क़ुनूत से निकाले बिना बग़ावत में भी नहीं धकेलती, बल्कि एक सूझबूझ वाला प्रेमी बनाती है जो ज़ुल्म के आगे झुकता नहीं, लेकिन नफ़रत की भाषा भी नहीं सीखता है। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## टूटते रिश्ते और बिखरता सामाजिक ताना-बाना

उत्तर प्रदेश में बरेली के पारिवारिक न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने हाल ही में तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान जो टिप्पणी की है, वह समाज में बदलते पारिवारिक परिदृश्य की तस्वीर पेश करती है। न्यायाधीश ने टिप्पणी की है कि यदि कोई लड़की शादी के बाद एकाकी जीवन चाहती है, तो उसे शादी के बायोडाटा में साफ लिख देना चाहिए कि उसे ऐसा पति चाहिए जो माता-पिता और परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त हो। यह मामला बदायूं के एक युवक और फरीदपुर की युवती से जुड़ा है। दोनों की शादी 2019 में हुई, लेकिन युवती सास-ससुर के साथ नहीं रहना चाहती थी। लिहाजा, 2020 से अलग रहने लगी।




अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार


न्यायाधीश ने कहा कि आज कई लोग वृद्धाश्रमों और बंद फ्लैटों में अकेले रह रहे हैं, जबकि संयुक्त परिवार अकेलेपन को दूर करता है। अदालत ने पति का तलाक दावा स्वीकार करते हुए दोनों को अलग रहने की अनुमति दे दी और कहा कि जो लड़कियां शादी के बाद संयुक्त परिवार को बोझ समझती हैं, वह पहले ही अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करें, क्योंकि यह सोच सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकती है।

एक जज की यह टिप्पणी हमारे घरों के हालात को प्रकट कर रही है। यह केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं है, बल्कि इससे पता चलता है कि हमारे घरों के भीतर क्या बदल रहा है और रिश्तों में कैसी नकारात्मकता पैदा हो रही है। रिश्ते, खासकर ससुराल में, किस प्रकार दरक रहे हैं। एक जमाने में पति-पत्नी के बीच नोक-झोंक बहुत सामान्य बात हुआ करती थी, मगर आज हालत यह हैं कि घर में छोटी-मोटी बात पर हुई बहस भी अब अदालत की दहलीज तक पहुंचने लगी है।

पति-पत्नी की खट-पट को पहले घर के बड़े-बुजुर्ग ही सुलझा दिया करते थे, वह अब अदालतों से भी नहीं सुलझ पा रही है। पारिवारिक न्यायालयों में जज के समझाने के बावजूद जोड़े तलाक से कम पर मानते ही नहीं हैं। जाहिर कि समाज एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां रिश्तों को संभालने की कला कमजोर पड़ रही है। हमारे संयुक्त परिवारों वाले पारंपरिक देश और समाज में यह स्थिति दुःखी करती है।

पहले हमारे यहां दीवारें कम और अपनापन अधिक था, लेकिन एकल परिवारों की चाह और चलन ने सब कुछ बदल कर रख दिया है। नौकरी, कामकाज के सिलसिले में एकल परिवार समझ में आते हैं, पर बिना वजह अलग रहने की जिद समझ से बाहर है। इसी जिद के कारण न केवल दादा-पौत्र, बुआ-भतीजे, चाचा-चाची, ताऊ-ताई जैसे रिश्ते खत्म हो रहे हैं, बल्कि दांपत्य संबंध भी दरक रहे हैं। रिश्तों में जो धैर्य की भावना थी, वह तो कहीं खो गई लगती है।

आज पति-पत्नी अपने लिए जगह चाहते हैं, तो बुजुर्ग अपनी पुरानी जगह बचाए रखने के ख्वाहिशमंद हैं। दोनों की इच्छाएं ठीक हैं, लेकिन टकराव तब शुरू होता है, जब कोई भी अपनी जगह से एक कदम पीछे नहीं हटना चाहता। इसी से परिवारों में खाई पैदा हो रही है। बरेली कोर्ट के सामने आया यह मामला असल में उसी अदृश्य खाई का उदाहरण है। पत्नी को लगता है कि पति उसके साथ नहीं खड़ा है। पति को लगता है कि पत्नी उसके परिवार को नीचा दिखाना चाहती है। सास-ससुर को लगता है कि बहू उनके घर पर आधिपत्य जमाना चाहती है। ऐसी भावनाएं आना स्वाभाविक है, पर जब इस बारे में बात नहीं होती, परस्पर संवाद खो जाता है तो ये आक्रोश के रूप में फूटती है। नतीजा, परिवार के बिखराव के रूप में सामने आता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



स ब कुछ बेहद चौंकाने वाला काफी हद तक डराने वाला भी था। नई दिल्ली के आसमान पर उड़ रहे विमानों की कॉकपिट में बैठे पायलटों को विमान की पोजीशन समझना मुश्किल हो रहा था। स्क्रीन पर मिल रहे संकेत अचरज में डालने वाले थे। विमान की पोजीशन लगातार बदलने के साथ ऊंचाई के आंकड़े भी बदल रहे थे। कुछ ऐसा लग रहा था कि जैसे सब कुछ कोई अज्ञात शक्ति संचालित कर रही हो। पायलटों को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे की जगह खेत दिखाई दे रहे थे। यह भयावह स्थिति थी, जरा सी असावधानी किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती थी। ऐसे में पायलटों को तुरंत जीपीएस आधारित ऑटो सिस्टम बंद करके विमान का मैनुअल कंट्रोल संभालना पड़ा। तब जाकर जान में जान आई। बीते दिनों देश की राजधानी में सर्वाधिक सुरक्षित और सतर्क निगरानी वाले हवाई क्षेत्र इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 800 से ज्यादा उड़ानों के अचानक बाधित होने के पीछे कुछ ऐसा ही घटा, लेकिन यह सब कुछ किसी तकनीकी खामी के कारण नहीं हुआ। पता चला कि एक अत्याधुनिक साइबर हमला अंजाम दिया गया था। इसके लिए जीपीएस स्पूफिंग का इस्तेमाल करके ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस के सिग्नलों से छेड़छाड़ की गई थी।

*- मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

## साइबर हमले का नया हथियार

# जीपीएस स्पूफिंग

दिल्ली के बाद ऐसी ही कुछ कारस्तानी मुंबई में भी सामने आई। इसके बाद मुंबई के पास एयर रूट्स में जीपीएस सिग्नल गड़बड़ी या सिग्नल खोने की चेतावनी जारी करनी पड़ी। पायलटों को विमान के नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने वाली स्थिति को लेकर सतर्क किया गया। जीपीएस स्पूफिंग के इस बड़े मामले की अब गहनता से जांच चल रही है। 'स्पूफिंग' शब्द का अर्थ होता है जालसाजी। जीपीएस स्पूफिंग में, वास्तविक जानकारी को ओवरराइड करके रिसीवर को नकली जानकारी भेजकर भ्रमित किया जाता है। जीपीएस स्पूफिंग एक धोखा देने वाली तकनीक है। इसमें नकली सैटेलाइट सिग्नल भेजे जाते हैं। ये सिग्नल जीपीएस रिसीवर को गलत स्थान, दिशा और समय की जानकारी देते हैं। इससे हवाई जहाज का नेविगेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। यह तकनीक जैमिंग में सिग्नल को पूरी तरह ब्लॉक किए जाने से अलग है। इसमें सिर्फ गलत जानकारी डाली जाती है, जिससे पायलट को लगता है कि उसका जहाज कहीं और उड़ रहा है। इस तरह यह तकनीक विमान को रनवे से दूर किसी खुले मैदान में ले जा सकती है, उसे निश्चित संचालित मार्ग से हटाकर खतरे की ओर धकेल सकती है। यही नहीं, जीपीएस स्पूफिंग का इस्तेमाल करके मिसाइल को भी गलत लक्ष्य पर भेजा जा सकता है। ड्रोन को गलत जगह पर गिराया जा सकता है। यहां तक कि पूरे एयरस्पेस की दिशा ही बदली जा सकती है। यही कारण है कि आज की दुनिया में जीपीएस स्पूफिंग को साइबर युद्ध के खतरनाक हथियारों में गिना जा रहा है।

### देश की सीमा और विमानन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

जीपीएस स्पूफिंग भारत की विमानन सुरक्षा, सीमा सुरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि इस तकनीक के इस्तेमाल में कम लागत लगती है और यह बेहद प्रभावी भी है। देश के सीमावर्ती इलाकों में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पाकिस्तान और म्यांमार से लगती देश की सीमाओं के पास जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं देखी जाती रही हैं। इसी वर्ष सरकार ने संसद में जानकारी दी थी कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 के बीच देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में 465 जीपीएस हस्तक्षेप की घटनाएं दर्ज की गई थीं। समस्या जटिल है, लेकिन इससे पार पाना असंभव नहीं है। तकनीकी नवाचार, सतर्कता, राजनयिक समन्वय और रणनीतिक प्रतिरोध के जरिए भारत इस उभरते इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षेत्र में न सिर्फ अपने हवाई क्षेत्र, बल्कि सीमा को सुरक्षित कर सकता है।




### कुछ इस तरह काम करती है तकनीक

जीपीएस स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर हमला है। इसे अंजाम देने के लिए लक्ष्य के पास एक रेडियो ट्रांसमीटर लगाया जाता है, जो प्रसारित हो रहे वास्तविक जीपीएस सिग्नल में बाधा डालता है। हजारों मील दूर उपग्रहों के माध्यम से आने वाले जीपीएस सिग्नल अक्सर कमजोर होते हैं, ऐसे में एक मजबूत रेडियो ट्रांसमीटर का उपयोग करके कमजोर सिग्नलों को ओवरराइड कर दिया जाता है। इसके बाद एक नकली जीपीएस सिग्नल बनाया जाता है, जो असली सिग्नल की नकल करता है या उससे कहीं अधिक शक्तिशाली होता है। इसके माध्यम से जीपीएस रिसीवर को नकली या झूठे जीपीएस सिग्नल भेजे जाते हैं, जिससे रिसीवर इन नकली सिग्नलों को वास्तविक मान बैठता है और यह मानने के लिए मजबूर हो जाता है कि वह किसी गलत स्थान पर है या समय गलत है। रिसीवर को आमतौर पर इस हेराफेरी का जल्दी पता भी नहीं चल पाता है। हाल के दिनों में आसमान में उड़ान भरते पायलट्स को जीपीएस स्पूफिंग की इसी बड़ी मुसीबत से दो-चार होना पड़ा है।

### कहां किया जा सकता है इस्तेमाल

- विमानों, जलपोतों या ड्रोन के नेविगेशन सिस्टम को भ्रमित करना।
- संवेदनशील जानकारी तक पहुंच प्राप्त करना या निगरानी प्रणाली को धोखा देना।
- कीमती कार्गो शिपमेंट चोरी करने के लिए परिवहन के दौरान उनकी ट्रैकिंग जानकारी को बदलना।
- आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल करके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे या सैन्य अभियानों को बाधित करना।
- स्मार्टफोन ऐप्स और स्थान डेटा में हस्तक्षेप करना, नेटवर्क सिस्टम और जीपीएस डेटा पर निर्भर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले करना।

### स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम 'नाविक' दुनिया में सबसे सुरक्षित व उन्नत

जीपीएस दुनियाभर में इस्तेमाल होने वाली वैश्विक नेविगेशन सैटेलाइट प्रणालियों (जीएनएसएस) में से एक है। स्थान की जानकारी देने के अलावा इसका उपयोग सटीक समय बताने के लिए भी किया जाता है। दुनिया के कई देश अब अत्याधुनिक एन्क्रिप्टेड जीपीएस सिस्टम विकसित कर रहे हैं। अमेरिका ने तो अपने नागरिक जीपीएस को भी 'चिमेरा' नामक नए एन्क्रिप्टेड सिग्नल से लैस करना शुरू कर दिया है ताकि स्पूफिंग के हमलों को रोका जा सके, लेकिन भारत के पास दुनिया का सबसे सुरक्षित और उन्नत स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम 'नाविक' है, जो जीपीएस की तुलना में काफी सटीक और सुरक्षित माना जाता है। नाविक के सिग्नल एन्क्रिप्टेड हैं और इन्हें स्पूफ करना लगभग असंभव जैसा है। भारतीय वैज्ञानिकों ने नाविक को इस तरह विकसित किया है कि यह पूरे भारतीय क्षेत्र में जीपीएस से कहीं अधिक विश्वसनीय है। माना जा रहा कि यदि नाविक आधारित एप्रोच सिस्टम दिल्ली एयरपोर्ट पर लागू होता, तो स्पूफिंग की घटनाएं नहीं होतीं।




### आखिर क्या हुआ था दिल्ली के आसमान पर




दिल्ली के ऊपर से उड़ान भरने वाले विमानों ने स्पूफिंग की घटनाओं की सूचना दी थी। एयर इंडिया के एक पायलट ने मीडिया को बताया कि नवंबर के पहले सप्ताह में दिल्ली से आने और जाने वाले सभी छह दिनों में उन्हें स्पूफिंग का सामना करना पड़ा। एक अन्य पायलट ने कहा कि उनके कॉकपिट सिस्टम ने एक गलत इलाके की चेतावनी जारी की, जो आगे बाधाओं का सुझाव देती थी, जहां कोई भी मौजूद नहीं था। कई अन्य पायलटों को भी एयरपोर्ट से उड़ान भरते समय ऐसी ही चेतावनियों का सामना करना पड़ा। ये घटनाएं दिल्ली के 60 समुद्री मील के भीतर के विमानों द्वारा रिपोर्ट की गईं।

# मौसम का हाल बताते हैं पशु-पक्षियों के व्यवहार

हाल ही में राजस्थान के जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग ने एक अध्ययन में यह साबित किया कि पक्षियों के घोंसले बनाने के तरीके से लेकर जानवरों के व्यवहार तक, मौसम के संकेतों को समझा जा सकता है। यह शोध इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरमेंटल साइंस में प्रकाशित हुआ है। इसमें बताया गया है कि जानवरों के व्यवहार में 80 प्रतिशत तक सटीकता देखी जाती है। यह शोध सिद्ध करता है कि पुराने समय से चली आ रही यह पारंपरिक जानकारी, जो ग्रामीणों द्वारा इस्तेमाल की जाती रही है, अब वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हो चुकी है। उदाहरण के लिए मोर का नृत्य या कूजन मानसून की शुरुआत का संकेत देता है। इसी प्रकार चींटियों का भोजन इकट्ठा करना सूखा पड़ने का संकेत है। विभाग के एचओडी डॉ. गेमराराम परिहार और उनके शोध दल का कहना है कि प्रकृति के संकेत आज भी कारगर हैं। पशु-पक्षियों के व्यवहार से मौसम का पूर्वानुमान लग जाता है। उनका दावा है कि वैज्ञानिक शोध में इन बातों और तथ्यों की पुष्टि हो चुकी है। उनके शोध में पुरानी प्रथाओं के वैज्ञानिक प्रमाण साबित हुए हैं। शोध का निष्कर्ष है कि पशु-पक्षियों का व्यवहार आज भी मौसम के संकेत बताने में पूरी तरह सक्षम है। शोध में बताया गया है कि पशु-पक्षियों के व्यवहार से मौसम के संकेत सटीक मिलते हैं। यह बात करीब 80 प्रतिशत तक सही साबित हुई है।

राजस्थान के जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय हुए शोध में यह बात समाने आई है कि कैसे पुराने समय में लोग पारिस्थितिकी तंत्र के सदस्यों के व्यवहार से मौसम की भविष्यवाणी करते थे। लोमड़ी, सियार और अन्य जानवरों का व्यवहार भी इस प्रणाली का हिस्सा था। उदाहरण के लिए लोमड़ी खेतों में चूहों की संख्या को नियंत्रित करती है, जो कृषि के लिए अच्छा संकेत है। शोध के अनुसार, राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे भील, मीणा और बंजारा समुदायों के लोग अभी भी पशु-पक्षियों के संकेतों का पालन करते हैं। उदाहरण के लिए लाल चींटियां जब अपने अंडे इधर-उधर ले जाती हैं, तो यह बारिश के करीब आने का संकेत होता है। यह पारिस्थितिकी तंत्र के इन जानवरों की सूझबूझ को दर्शाता है, जो मौसम की सटीक जानकारी देते हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राचीन समय से चली आ रही यह पद्धतियां अब आधुनिक विज्ञान के माध्यम से और अधिक प्रमाणित हो रही हैं।




अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार


शोध कहता है कि पक्षियों के पारंपरिक संकेतों के कुछ अर्थ होते हैं। मोरों का नृत्य मानसून की शुरुआत का संकेत देता है। चींटियों का भोजन इकट्ठा करना सूखा पड़ने का संकेत है। सांप का पेड़ों पर चढ़ना बारिश की संभावना का पूर्वानुमान है। वहीं लोमड़ी की उपस्थिति खेतों में चूहों का नियंत्रण होने का संकेत देती है। मौसम के साथ जीवन से भी पक्षियों के संकेत जुड़े हुए हैं, जैसे चिड़िया अथवा गौरैया का घर में घोंसला बनाना खुशहाली और तरक्की का संकेत है। तोता का घर में आना धन लाभ, रुके हुए काम पूरे होने और मां लक्ष्मी की कृपा का सूचक है। उल्लू का घर में दिखाई देना जल्द ही कुछ शुभ होने का संकेत है, क्योंकि यह माता लक्ष्मी का वाहन है। कौवे का घर में आना मेहमानों के आगमन का संकेत देता है। मोर, नीलकंठ और सफेद कबूतर का सुबह-सुबह दिखना पूरे दिन के अच्छा बीतने का संकेत माना जाता है।

### मौसम के सूचक

कुछ प्राचीन और ग्रामीण परंपराएं पक्षियों के घोंसले बनाने की जगह को भी मौसम का सूचक मानती हैं। जब पक्षी जमीन के करीब उड़ते हैं, तो यह बारिश का संकेत माना जाता है। मोर का नाचना, उल्लू का चीखना और गौरैया का धूल में लोटना बारिश का संकेत माना जाता है। यदि कौवे कांटेदार पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं, तो बारिश कम होने की संभावना है। वहीं आम या करंज जैसे पेड़ों पर घोंसला बनाना अच्छी बारिश का संकेत है। लाल चींटियों का अपने अंडों को इधर-उधर ले जाना भी बारिश के आने का संकेत है। इसी तरह पक्षियों का आसमान में ऊंची उड़ान भरना अच्छे मौसम का संकेत होता है। वहीं जोड़े में उड़ने वाले कौवे अच्छे मौसम का संकेत देते हैं। इसी तरह तूफान से पहले पक्षी वसा जमा करने के लिए अधिक सक्रिय हो जाते हैं और खूब खाना खाते हैं। बारिश आने पर मुर्गियां बेचैन हो जाती हैं या धूल में रगड़ती हैं। हंस की छाती की हड्डी का लाल या गहरे रंग का होना ठंडी और तूफानी सर्दी का संकेत हो सकता है। यदि सारस आकाश में गोलाकार परावलय बनाकर उड़ते हैं, तो यह शीघ्र वर्षा का संकेत है। पेड़ों पर दीमक का तेजी से घर बनाना अच्छी वर्षा का संकेत है। जब पक्षी एक साथ इकट्ठा होते हैं और अपने पंख फड़फड़ाते हैं, तो मौसम में बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। वहीं चातक को बारिश का पक्षी माना जाता है। इसका आगमन मानसून के मौसम का संकेत है। इस तरह पशु और पक्षियों की हरकतों को देखकर मौसम का काफी हद तक पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। असल में यह हमारा पक्षियों से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान है, जिसे हमारे पूर्वजों ने पूरा मान और सम्मान दिया है। पक्षियों से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान कई प्रकार का है। यह जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। अगर केवल पर्यावरण की बात करें, तो पक्षियों का अध्ययन (पक्षी विज्ञान) पारिस्थितिकी संतुलन को समझने में मदद करता है, क्योंकि वे कीट नियंत्रण, परागण और बीज प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पक्षी पर्यावरण में हो रहे बदलाव के शुरुआती संकेत देते हैं। उनकी आबादी में गिरावट आवासों के क्षरण या जलवायु परिवर्तन का संकेत हो सकती है। पक्षी कीटों को नियंत्रित करते हैं, बीज फैलाते हैं और परागण में मदद करते हैं, जो मानव द्वारा उपयोग किए जाने वाले कई पौधों के लिए महत्वपूर्ण है। पक्षी मृत जीवों और कचरे को साफ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पक्षियों का वैज्ञानिक अध्ययन पक्षियों के व्यवहार, प्रवास, प्रजनन और शारीरिक विशेषताओं को समझने में इंसान की पूरी तरह से मदद करता है। हमें केवल इस ज्ञान की समझ होने और इसके वैज्ञानिक प्रयोगों को पहचानने की जरूरत है।



## जंगल की दुनिया



### भारतीय पैंगोलिन : वन्य संपदा का अनमोल प्रहरी

भारतीय पैंगोलिन भारत उपमहाद्वीप में पाया जाने वाला एक दुर्लभ एवं अत्यंत विशिष्ट स्तनधारी जीव है। यह अपने पूरे शरीर पर मौजूद कठोर, overlapping शल्कों के कारण अन्य जीवों से बिल्कुल अलग दिखाई देता है। ये शल्क केराटिन से बने होते हैं, वही पदार्थ, जिससे मानव के नाखून बनते हैं। खतरा महसूस होने पर पैंगोलिन स्वयं को एक गोल गेंद की तरह समेट लेता है, जिससे शिकारी उसके नाजुक अंगों तक नहीं पहुंच पाते। रात में सक्रिय रहने वाला यह जीव अत्यंत शर्मीला और एकांतप्रिय होता है। इसका मुख्य आहार चींटियां और दीमक हैं। लंबी, पतली और अत्यधिक चिपचिपी जीभ इसे आसानी से भोजन पकड़ने में सहायता करती है। भूमिगत बिलों में रहना इसकी विशेषता है, जिन्हें यह अपने मजबूत पंजों की मदद से आसानी से खोद लेता है। भारतीय पैंगोलिन जंगलों, झाड़ियों, कृषि भूमि और कभी-कभी ग्रामीण बस्तियों के पास भी देखा जा सकता है।

पारिस्थितिकी दृष्टि से पैंगोलिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कीटभक्षी होने के कारण चींटियों और दीमक की संख्या को नियंत्रित करता है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता और कृषि भूमि सुरक्षित रहती है। परंतु इसके बावजूद यह जीव आज गंभीर संकट में है। IUCN ने इसे "Endangered" श्रेणी में रखा है। अवैध शिकार और तस्करी इसका सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि इसके शल्कों और मांस की अवैध बाजार में अत्यधिक मांग है।

भारतीय पैंगोलिन को संरक्षण की सख्त आवश्यकता है। जन-जागरूकता, कड़े कानून, वन विभाग की सक्रियता और स्थानीय समुदायों की भागीदारी से ही इस अद्वितीय प्राणी को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। यह सिर्फ एक जीव नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण प्रहरी है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,818.13 | 25,898.55 |
| गिरावट | 426.86 | 140.55 |
| प्रतिशत में | 0.51 | 0.55 |

सोना 1,32,490 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,94,400 प्रति किलो

## बिजनेस ब्रीफ

### पीआरपीएल को एचसीसी ने दिया 2,854 करोड़ रुपये का ऋण

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी एचसीसी ने शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजित करने के के लिए प्रोलिफिक रिजॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (पीआरपीएल) को 2,854 करोड़ का कर्ज देने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि इससे पीआरपीएल की ऋण सुविधाओं के संबंध में जारी की गई कॉर्पोरेट गारंटी से उत्पन्न ऋण में उल्लेखनीय कमी आई है। ऋणदाताओं के साथ अपनी योजना के तहत, एचसीसी ने पीआरपीएल को 2,854 करोड़ का कुल ऋण और 6,508 करोड़ की प्रतिबद्धताएं एवं दावे हस्तांतरित किए हैं जबकि इकाई में 49 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी बरकरार रखी है।

### कोका-कोला ने ब्रौन को सीईओ बनाया

**वॉशिंगटन।** कोका-कोला ने अपने मुख्य परिचालन अधिकारी हेनरिक ब्रौन को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की जानकारी दी। अटलांटा स्थित पेय पदार्थ कंपनी ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने 31 मार्च से सीईओ का पदभार संभालने के लिए हेनरिक ब्रौन का चयन किया है। कोका-कोला के वर्तमान चेयरमैन एवं सीईओ जेम्स क्विन्सी अब कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन का पदभार संभालेंगे। ब्रौन (57) कोका-कोला में तीन दशकों से कार्यरत हैं। इस वर्ष की शुरुआत में मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) का पदभार संभालने से पहले उन्होंने ब्राजील, लैटिन अमेरिका, ग्रेटर चाइना तथा दक्षिण कोरिया में परिचालन का नेतृत्व किया।

### केएसएच का आईपीओ 16 को

**नई दिल्ली।** मैग्नेट वाइंडिंग वायर बनाने वाली कंपनी केएसएच इंटरनेशनल आईपीओ के जरिए 710 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। यह 16 दिसंबर को खुलेगा। इस निर्गम का मूल्य दायरा 365-384 रुपये प्रति शेयर है। इसके लिए एंकर यानी बड़े निवेशक 15 दिसंबर को बोली लगा सकेंगे। पुणे की कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 420 करोड़ के ताजा निर्गम और प्रवर्तकों द्वारा 290 करोड़ के शेयरों के बिक्री पेशकश शामिल है।

# एफटीए वार्ता : कुछ मुद्दे पर सहमति बननी बाकी

## केंद्रीय उद्योग मंत्री ने कहा- यूरोपीय संघ के साथ एफटीए को अंतिम रूप देने में आ रही बाधाएं कर लेंगे दूर

मुंबई, एजेंसी



इटली-इंडिया बिजनेस फोरम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने में आने वाली बाधाओं को दूर करने का गुरुवार को भरोसा जताया। गोयल ने समझौते पर हस्ताक्षर होने की कोई संभावित समयसीमा न बताते हुए कहा कि इटली जैसे देश भारत को अपनी शराब एवं मोटर वाहन निर्यात कर सकेंगे और इसके बदले में भारत 27 देशों के इस समूह को व्हिस्की, वस्त्र एवं मोटर वाहन कलपुर्जे निर्यात कर सकेगा।

गोयल ने इस सप्ताह की शुरुआत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के साथ हुई अपनी चर्चाओं का हवाला देते हुए कहा कि हमें भरोसा है। कुछ मुद्दे हैं जिन पर हमें अब भी सहमति बनानी है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इसे सफलतापूर्वक पूरा कर लेंगे। साथ ही वाणिज्य मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों के वार्ताकार दल एक अच्छा समझौता कराने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं और कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

गोयल ने इटली-भारत व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-यूरोपीय संघ एफटीए एक निष्पक्ष, न्यायसंगत एवं संतुलित दस्तावेज होगा जो सभी देशों के लिए लाभकारी होगा। इस अवसर पर इटली के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी भी उपस्थित रहे। गोयल और ताजानी दोनों ने वैश्विक बाजार में कच्चे माल की सुचारू आपूर्ति के लिए लोकतांत्रिक देशों के बीच सहयोग की जरूरत पर बल दिया। ताजानी ने कहा कि उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल की कीमतों को तय करने में कोई एक देश 'किंगमेकर' की भूमिका नहीं निभा सकता। इटली के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इस मामले पर इटली, यूरोप, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक 'राजनीतिक समझौते' की आवश्यकता है। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को देखते हुए भारत-इटली संबंध 21वीं सदी के निर्णायक संबंधों में से एक होंगे।

### ओमान ने भारत से व्यापार समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** ओमान के निचले सदन 'शूरा परिषद' ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी दे दी है। इसको देखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल शुक्रवार को इस समझौते पर विचार कर सकती है। इसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इस पर बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी जो इस वर्ष संपन्न हुई। समझौते में दो साझेदार वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी हद तक कम या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में ओमान भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही जीसीसी के एक अन्य सदस्य देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ इसी तरह का समझौता है जो मई 2022 में लागू हुआ था। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया था कि प्रासंगिक प्राधिकारी की मंजूरी के बाद, हस्ताक्षर और पुष्टि के लिए कैबिनेट नोट का मसौदा संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया गया है। दोनों पक्ष अब आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। भारत में मुक्त व्यापार समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी जाती है। 'शूरा परिषद' या मजलिस अ' शूरा ने सीईपीए के मसौदे पर अपनी चर्चा बुधवार को पूरी कर ली।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल आज इस समझौते पर कर सकती है विचार

# इक्विटी एमएफ में निवेश 21% बढ़कर 29,911 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी



- तीन महीनों की गिरावट के बाद निवेशकों के सकारात्मक दृष्टिकोण से आई बढ़ोत्तरी

इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में नवंबर में निवेश मासिक आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 29,911 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। उद्योग निकाय एम्फी ने गुरुवार को इस संबंध में आंकड़े जारी किए। निवेश में यह वृद्धि तीन महीनों की गिरावट के बाद आई जो निवेशकों के सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत देती है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, इक्विटी प्रवाह में सकारात्मक गति ने व्यापक उद्योग के परिसंपत्ति आधार को भी बढ़ावा दिया। इससे प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अक्टूबर के 79.87 लाख करोड़ रुपये से नवंबर में बढ़कर 80.80 लाख करोड़ रुपये हो गई। व्यवस्थित निवेश योजनाएं (एसआईपी) के जरिये खुदरा निवेशकों की भागीदारी में मामूली गिरावट देखी गई। एसआईपी में जमा राशि अक्टूबर के 29,631 करोड़ की तुलना में घटकर नवंबर में 29,445 करोड़ रुपये रह गई।

आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी एमएफ में शुद्ध निवेश नवंबर में बढ़कर 29,911 करोड़ हो गया जो अक्टूबर में 24,690 करोड़ रुपये था। सितंबर में इक्विटी में निवेश 30,421 करोड़ और अगस्त में 33,430 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन माह के दौरान लाभांश और इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) फंड के अलावा उप-श्रेणियों में सकारात्मक रुझान रह। फ्लेक्सी-कैप फंड में सबसे अधिक 8,135 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया।

# रुपया 39 पैसे टूटकर निचले स्तर 90.33 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई, एजेंसी



- भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता से स्थानीय मुद्रा दबाव में रही

रुपया गुरुवार को 39 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 90.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच स्थानीय मुद्रा दबाव में रही।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये में गिरावट जारी रहने की आशंका है क्योंकि भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में देरी से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो रहा है। बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 89.95 पर खुला। फिर कारोबार के दौरान सबसे निचले स्तर 90.48 पर आ गया। कारोबार के अंत में रुपया 90.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 39 पैसे कम है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 89.87 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के भारत-अमेरिका समझौते के अगले साल मार्च तक संपन्न होने की संभावना के बाद रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

# फेड ने की ब्याज दरों में 0.25% की कटौती

**वॉशिंगटन।** फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दर में लगातार तीसरी बार बुधवार को एक चौथाई अंक 0.25 प्रतिशत की कटौती की लेकिन संकेत दिया कि वह आने वाले महीनों में दरों को यथावत रख सकता है। फेडरल रिजर्व बुधवार को ब्याज दर में कटौती के बाद यह घटकर करीब 3.6 प्रतिशत हो गई, जो पिछले लगभग तीन वर्ष में सबसे कम है।

ब्याज दरों में कटौती से उधार लेने की लागत कम हो सकती है, हालांकि बाजार की ताकतें भी इन दरों को प्रभावित कर सकती हैं। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने संकेत दिया कि अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के बाद, आगामी महीनों में वह ब्याज दरों में और कटौती नहीं करेगा। पॉवेल ने कहा कि आप देख रहे हैं कि कुछ लोगों का मानना है कि हमें यहीं रुक जाना चाहिए।

# बैंकों की भर्ती परीक्षाओं व नतीजों की घोषणा के नए प्रावधान लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्रालय ने कहा - एसबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों व आरआरबी की भर्ती प्रक्रिया पर नए नियम होंगे लागू

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं और उनके परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि ये सुधार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), राष्ट्रीयकृत बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की भर्ती प्रक्रिया पर समान रूप से लागू होंगे।

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) ने कहा कि वर्तमान में इन सभी श्रेणियों के बैंकों में भर्ती आईबीपीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सानेल सेलेक्शन) के माध्यम से की जाती है। सामान्यतः आरआरबी की परीक्षाएं पहले आयोजित होती हैं और राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं एसबीआई की परीक्षाएं उसके बाद होती हैं। परिणाम भी इसी क्रम में घोषित किए जाते हैं। हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति सामने आई है कि आरआरबी में चयनित कई उम्मीदवार राष्ट्रीयकृत बैंकों और वहां से एसबीआई में चले जाते हैं। संबंधित बैंकों में नौकरी छोड़ने का उच्च स्तर देखने को मिलता है और कामकाज के संचालन में दिक्कतें होती हैं।

### डीएफएस ने समीक्षा के बाद आईबीए को बदलाव की दी सलाह

डीएफएस ने इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए बैंकों की भर्ती प्रक्रिया और परिणाम घोषित करने के मौजूदा चलन की समीक्षा की। इसके बाद भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को सलाह दी गई कि सभी श्रेणी के बैंकों में भर्ती परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा एकसमान और तार्किक क्रम में की जाए, ताकि उम्मीदवारों की प्राथमिकता स्पष्ट हो सके और बैंकों की मानव संसाधन योजना अधिक प्रभावी बन सके। नए ढांचे के तहत अब सबसे पहले एसबीआई की भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी होंगे। इसके बाद राष्ट्रीयकृत बैंकों और अंत में आरआरबी के परिणाम घोषित होंगे। अधिकारी स्तर की परीक्षाओं के परिणाम पहले और क्लर्क के परिणाम उसके बाद इसी क्रम में जारी होंगे।

# चावल और गेहूं मजबूत दालों, खाद्य तेल नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गई।

औसत दर्जे के चावल की कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये और गेहूं दो रुपये बढ़कर 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गयी। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया।

## राष्ट्रीय

# कांग्रेस तो 20 साल में भी एसआईआर के लिए तैयार नहीं हुई

## चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में सुधांशु त्रिवेदी बोले- चुनावी प्रक्रिया में कई समस्याएं आईं, लेकिन चीजें बदलती गईं

- पूर्ववर्ती कांग्रेस और संप्रग सरकार के दौरान सत्ता पक्ष ने जरूरत के अनुसार नियम बार-बार बदले

नई दिल्ली, एजेंसी



विपक्ष पर लोकतंत्र को अब तक नहीं समझ पाने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने वाली कांग्रेस तो बीस साल में भी इसके लिए तैयार नहीं हुई। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया आजादी के बाद शुरू हुई और कई तरह की समस्याएं आईं लेकिन समय के साथ चीजें बदलती गईं।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के समय और फिर संप्रग सरकार के दौरान सत्ता पक्ष ने अपनी जरूरत के अनुसार नियमों में बार-बार बदलाव किया। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के समय लाभ के पद के मुद्दे पर नियम बदले गए थे। त्रिवेदी ने कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने वालों को पहले यह देखना चाहिए कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए कब-कब क्या-क्या किया था? उन्होंने दावा किया कि चुनावी बॉण्ड के रूप में राजग सरकार ने चुनावी चंदे को लेकर पारदर्शी व्यवस्था बनाई। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों को बहुमत तब मिलता था जब मतपत्रों की पेटियां लूटी जाती थीं, बूथ 'कैप्चरिंग' होती थी और गोलियां चलती थीं।

उन्होंने कहा कि आज सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती है, ईवीएम का उपयोग होता है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस आज आपत्ति उठा रही है, लेकिन बाबा साहेब आंबेडकर ने 18 दिसंबर 1950 को यह पुनरीक्षण हर छह महीने में करने की जरूरत रेखांकित की थी लेकिन व्यवहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा था कि एक साल में यह होना चाहिए।

कांग्रेस तो बीस साल में भी मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण नहीं करना चाहती। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस लोकतंत्र को अब तक समझ नहीं पाई है। त्रिवेदी ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और यहां का लोकतंत्र जीवंत है। इस जीवंत लोकतंत्र का आधार उसकी विविधतापूर्ण संस्कृति है। लेकिन हमारे ही देश के कुछ लोग दूसरे देशों में जा कर गुहार लगाते हैं कि देश में लोकतंत्र को बचाना है।

### सरकार अपने लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं का कर रही इस्तेमाल : अजय माकन



कांग्रेस ने राज्यसभा में आरोप लगाया कि सरकार की कथनी एवं करनी में अंतर है तथा वह अपने लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है। चुनाव सुधारों पर उच्च सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सदस्य अजय माकन ने कहा कि जीवंत लोकतंत्र में तीन बुनियादी शर्तें.... सबके लिए समान अवसर, पारदर्शिता और विश्वसनीयता महत्वपूर्ण होती हैं। उन्होंने दावा किया कि तीनों बातों के संदर्भ में राजग सरकार मानकों पर खरी नहीं उतरती। माकन ने कहा कि वह कांग्रेस के कोषाध्यक्ष भी हैं और पिछले दो-तीन साल से कांग्रेस का हिसाब यानी आय-व्यय का ब्योरा वह देते हैं तथा दूसरे दलों का हिसाब भी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर देखते हैं। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस और भाजपा के आय-व्यय के ब्यौरे का अनुपात 60 :40 का था, लेकिन 2019 में यह अनुपात चौंकाते हुए पूरी तरह बदल गया। अनुपात 8 :92 हो गया और भाजपा की आय में 11 फीसदी की वृद्धि हुई तथा यह सिलसिला आगे भी जारी है।

### लोस : टीएमसी सांसद के ई-सिगरेट पीने की अनुराग ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को लोकसभा में टीएसी सांसद पर ई-सिगरेट पीने का आरोप लगाया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्रवाई की बात कही। ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश से संबंधित पूरक प्रश्न पूछने के दौरान कहा कि देशभर में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध है। सदन में क्या ई-सिगरेट पीने की अनुमति है? जब लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने नहीं में जवाब दिया तो ठाकुर ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य कई दिन से सदन में ई-सिगरेट पी रहे हैं। भाजपा सांसद ने किसी सदस्य का नाम नहीं लिया। उन्होंने इस मामले में आसन से तत्काल जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उनके साथ निशिकांत दुबे, जगदंबिका पाल समेत अन्य भाजपा सदस्य भी खड़े होकर कार्रवाई की मांग करते देखे गए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी खड़े थे। हंगामे के बीच बिरला ने संसदीय नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।

# संसद में शाह नर्वस थे, चुनौती का जवाब नहीं दिया : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस नेता बोले- वोट चोरी से जुड़ी बातों का गृह मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा में बुधवार को अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह बहुत नर्वस नजर आए तथा उन्होंने बहस की चुनौती पर कोई जवाब नहीं दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पूरे देश ने देखा कि अमित शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं।

राहुल गांधी ने संसद परिसर में कहा कि अमित शाह कल संसद में बड़े नर्वस थे। उनके हाथ कांप रहे थे, उन्होंने गलत भाषा का इस्तेमाल किया। अमित शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं, जो कल पूरे देश ने देखा। मैंने वोट चोरी से जुड़ी जो बातें कहीं, उसका गृह मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। मैंने अमित शाह को मेरे संवाददाता सम्मेलनों पर बहस करने के लिए सीधी चुनौती दी, जिसका भी कोई जवाब नहीं आया। राहुल गांधी का कहना था कि सभी जानते हैं कि सच क्या है। कांग्रेस नेता ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी थी कि वह 'वोट चोरी' से संबंधित उनके तीन संवाददाता सम्मेलनों को लेकर उनसे बहस कर लें। दरअसल निचले सदन में, चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए गृह मंत्री ने राहुल गांधी के हालिया तीन संवाददाता सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए उनके तथ्यों को असत्य करार दिया जिनमें नेता प्रतिपक्ष ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाये थे।

इस पर राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह, मैं आपको चुनौती देता हूं कि मेरे तीनों संवाददाता सम्मेलनों पर बहस कर लेते हैं।

# किसी व्यक्ति के अधिकार हमेशा राष्ट्र के हित के अधीन होते हैं : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के अधिकार हमेशा राष्ट्र के हित के अधीन होते हैं और इस बात पर जोर दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिए गए अधिकारों की हमेशा रक्षा की जानी चाहिए, लेकिन ऐसे मामलों में जहां देश की सुरक्षा या अखंडता का सवाल उठता है, वह जमानत देने का एकमात्र आधार नहीं हो सकता।

न्यायमूर्ति संजय करोल और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने ये टिप्पणियां सीबीआई द्वारा पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले में 2010 में ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के मामले में कुछ आरोपियों को मिली जमानत के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई करते हुए कीं। मुंबई जा रही ट्रेन झारग्राम के पास पटरी से उतर गई थी और फिर सामने से आ रही एक मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे 148 यात्रियों की मौत हो गई। 28 मई, 2010 को हुई दुर्घटना माओवादियों की साजिश का परिणाम थी।

### दिव्यांगजन कानून में संशोधन करे केंद्र



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में संशोधन करने पर विचार करने को कहा ताकि अपराधियों के तेजाब हमले के पीड़ितों को दिव्यांगजन की श्रेणी में शामिल कर सके और उन्हें कल्याणकारी उपायों का लाभ मिल सके। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने तेजाब हमले की पीड़िता शाहीन मलिक की याचिका में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया है। इससे पहले पीठ ने चार दिसंबर को सभी उच्च न्यायालयों की रजिस्ट्रियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित तेजाब हमलों के मामलों का ब्योरा पेश करने का निर्देश दिया था।

# सोपोर में प्रतिबंधित तहरीक-ए-हुर्रियत के ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में पुलिस ने गुरुवार को प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत के सदस्यों से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि यूएपीए के तहत जांच के रूप में यह समन्वित छापेमारी की गयी।

जाफर इस्लाम उर्फ यदुल्ला पीर, लतीफ अहमद कालू और मोहम्मद अशरफ मलिक के घरों व परिसरों पर छापेमारी की गयी। अधिकारी ने बताया कि सोपोर स्थित यूएपीए अदालत के विशेष न्यायाधीश से वैध छापेमारी वारंट प्राप्त करने के बाद एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। छापेमारी में बरामद चीजों की जांच जारी है।

# थाईलैंड में लूथरा बंधु पुलिस हिरासत में

## नाइट क्लब अग्निकांड

पणजी, एजेंसी

गोवा में नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद भारत से भागे सौरभ और गौरव लूथरा को थाईलैंड पुलिस ने हिरासत में लिया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हादसे के बाद लूथरा बंधु थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे। नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव और सौरभ को भारत सरकार के अनुरोध पर हिरासत में लिया गया है। दोनों के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी हुआ था।

वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दोनों को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में लिया गया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही लूथरा बंधुओं की गिरफ्तारी की खबर सामने आई, हथकड़ी पहने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगीं। उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में लगी भीषण आग के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए एक घंटे में दोनों ने छह-सात दिसंबर की रात फुकेट के लिए टिकटें बुक की थीं।

### अजय को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

गोवा की अदालत ने गुरुवार को नाइट क्लब के सह-मालिक अजय गुप्ता को सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। गुप्ता को पूछताछ के लिए बुधवार रात दिल्ली से गोवा ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया था। उन्हें विस्तृत जांच के लिए अंजुना पुलिस थाने ले जाया गया। इससे पहले गुप्ता के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी किया गया था। गोवा पुलिस ने नाइट क्लब में आग लगने के मामले में पांच प्रबंधकों और कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया है।

### उत्तरी गोवा में कृषि भूमि पर बना नाइट क्लब सील

अग्निकांड के बाद अवैध नाइट क्लब पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने उत्तरी गोवा के वागाटोर स्थित 'गोया द नाइट क्लब' को सील कर दिया। यह क्लब कृषि भूमि पर था। यह कार्रवाई बरदेज तालुका के राजस्व अधिकारी के आदेश पर की गई।

# आईएसआईएस से जुड़े मामले में चार राज्यों में छापा

**मुंबई।** ईडी ने वैश्विक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के घोर कट्टरपंथी मॉड्यूल के खिलाफ आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह से शुरू हुई छापेमारी में महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र के गांवों, रत्नागिरी जिले, दिल्ली, कोलकाता और उत्तर प्रदेश सहित 40 स्थानों पर तलाशी ली गई।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ईडी की टीमों को राज्य के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा सुरक्षा दी गई जबकि अन्य राज्यों में केंद्रीय सुरक्षा बलों ने सुरक्षा प्रदान की।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### कनाडा के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा

**टोरंटो।** कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त ने हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संसदीय संबंधों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ साझा लोकतांत्रिक मूल्यों एवं भविष्य के सहयोग पर चर्चा की। जनवरी में भारत, राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) में कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष फ्रांसिस स्कार्पालेगिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करेगा। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत-कनाडा संसदीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष फ्रांसिस स्कार्पालेगिया से मुलाकात की। साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और भविष्य के सहयोग पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

### अमेरिका में बुजुर्गों से धोखाधड़ी पर भारतीय को 90 महीने की सजा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में बुजुर्गों समेत अन्य लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में एक भारतीय नागरिक को दोषी करार देते हुए उसे 90 महीने की सजा सुनाई गई है। न्याय विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि लिग्नेश कुमार एच. पटेल (38) को वायर फ्रॉड और वित्तीय संस्थान धोखाधड़ी करने की साजिश रचने के मामले में दोषी पाया गया। पटेल ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश ने उसे मुआवजे के तौर पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया। पटेल ने अमेरिका के पांच प्रांतों के बुजुर्ग लोगों सहित 11 लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

### अमेरिका: सैनिकों का वेतन बढ़ाने को निचले सदन में विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने एक व्यापक रक्षा नीति विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत 900 अरब डॉलर के सैन्य कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में सैनिकों का वेतन बढ़ाना और रक्षा विभाग की हथियार खरीद प्रक्रिया में आमूलचूल परिवर्तन शामिल है। यह विधेयक ऐसे समय में पारित हुआ है जब रिपब्लिकन बहुमत वाली संसद और ट्रंप के प्रशासन के बीच सेना से संबंधित मामलों को लेकर तनाव बढ़ रहा है। इस विधेयक में सैनिकों के वेतन में 3.8 प्रतिशत वृद्धि और सैन्य ठिकानों पर आवास व सुविधाओं में सुधार का भी प्रस्ताव है। इस विधेयक को राजनीतिक दलों के बीच समझौते के तौर पर भी देखा जा रहा है, जिसके तहत ट्रंप के एजेंडे के अनुरूप जलवायु और विविधता प्रयासों में कटौती की जाएगी।

# पाकिस्तान: पूर्व आईएसआई प्रमुख को 14 साल की सजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



● सेना के कानूनों के उल्लंघन का आरोप है फैज हमीद पर

पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में 14 साल की सजा सुनाई। सेना की ओर से जारी एक बयान के अनुसार लेफ्टिनेंट जनरल रह चुके हमीद के खिलाफ 12 अगस्त, 2024 को पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

हमीद पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, राज्य की सुरक्षा व हितों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, अधिकारों व सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने से संबंधित आरोप लगाए गए थे। यह पहली बार है, जब आईएसआई के किसी पूर्व प्रमुख को दोषी ठहराया गया है। हमीद ने 2019 से 2021 तक आईएसआई के महानिदेशक के रूप में कार्य किया। हमीद ने 10 दिसंबर, 2022 को समयपूर्व सेवानिवृत्ति ले ली थी और इससे पहले उन्होंने एक कोर के कमांडर के रूप में भी सेवाएं दी थी।

## क्यों राजनीतिक मुद्दा बनी हुई है

ब्रिटिश इतिहासकार और राजनीतिज्ञ थॉमस बबिंगटन मैकाले ने 2 फरवरी 1835 को 'भारतीय शिक्षा पर कार्यवृत्त' प्रस्तुत किया। तत्कालीन गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक की ओर से 7 मार्च 1835 को मंजूरी दिए जाने के बाद यह नीति ब्रिटिश-भारतीय शैक्षिक नीति की आधारशिला बन गई। भारत में इस शिक्षा प्रणाली को लागू करने का उद्देश्य भारतीयों के लिए पश्चिमी आधारित अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रणाली शुरू करना था। कहा जाता है कि इस ने पारंपरिक भारतीय शिक्षण प्रणालियों की उपेक्षा करते हुए एक ऐसे वर्ग का निर्माण का लक्ष्य रखा जो ब्रिटिश प्रशासन का मददगार हो। भारत में मैकाले की शिक्षा प्रणाली बार-बार मुद्दा बनती है क्योंकि इसे ब्रिटिश औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक माना जाता है, यह बहस भारत की पहचान, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिकता के बीच गहरे अंतर्द्वंद्व को दर्शाती है।

# मैकाले की शिक्षा प्रणाली



### क्या खास है इस प्रणाली में

- मैकाले ने तर्क दिया था कि अंग्रेजी को शिक्षा का मुख्य माध्यम होना चाहिए, इस वजह से कई स्थानीय भारतीय भाषाएं दरकिनार हो गईं।
- सरकारी धन का उपयोग केवल पश्चिमी विज्ञान, साहित्य और दर्शन को बढ़ावा देने के लिए किया जाना था, न कि पूर्वी शिक्षा के लिए।
- डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन थ्योरी के तहत शिक्षा एक छोटे उच्च वर्ग को दी जानी थी, उसी से जनसामान्य तक ज्ञान पहुंचने की अवधारणा थी।

### राजनीतिक मुद्दा बनने के कारण

- इस प्रणाली को एक औपनिवेशिक उपकरण के रूप में देखा जाता है, जिसने भारतीयों में अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति हीनता की भावना पैदा की।
- तर्क दिया जाता है कि इस नीति ने अंग्रेजी शिक्षित अभिजात वर्ग और बहुसंख्यक स्थानीय आबादी के बीच एक बड़ा सामाजिक और भाषाई अंतर पैदा कर दिया।
- शिक्षा प्रणाली को विऔपनिवेशिक करने और भारतीय लोकाचार में फिर स्थापित करने की बात की जाती है जिससे यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श में बना रहता है।

### क्या हुए परिणाम

- मुख्य उद्देश्य भारतीयों का एक ऐसा वर्ग तैयार करना था जो स्वाद, राय, नैतिकता और बुद्धि में अंग्रेज हो ताकि ब्रिटिश हितों पर असर न पड़े।
- गुरुकुल और मदरसों जैसे पारंपरिक भारतीय शिक्षण संस्थान धीरे-धीरे सरकारी समर्थन और धन से वंचित हो गए, इससे उनका पतन हुआ।
- इस प्रणाली ने भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली की नींव पड़ी।

### समाज पर दुष्प्रभाव

- स्वदेशी शिक्षण विधियां हाशिए पर चली गईं। आयुर्वेद, खगोल विज्ञान और दर्शन जैसे स्वदेशी ज्ञान क्षेत्रों को नुकसान।
- भारतीयों के एक वर्ग को अपनी विरासत से अलग कर दिया, पश्चिमी विचारों और जीवन शैली को श्रेष्ठ माना जाने लगा।
- अंग्रेजी माध्यम शिक्षा ने संस्कृत, फारसी समेत स्थानीय भाषाओं का महत्व कम हो गया, समाज में भाषाई खाई बन गई।

### मैकाले प्रणाली के ये लाभ भी

- मैकाले शिक्षा प्रणाली ने भारतीयों को पश्चिमी विज्ञान, साहित्य और आधुनिक प्रशासनिक ज्ञान से परिचित कराया, जो भारत के आधुनिकीकरण में सहायक हुआ।
- अंग्रेजी शिक्षा ने ऐसे शिक्षित वर्ग का निर्माण किया, जिसने आधुनिक राजनीतिक विचारों को समझा और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया।
- इस प्रणाली ने देश में एक समान आपराधिक कानून और योग्यता आधारित प्रशासन की नींव रखी, जिसने जाति आधारित और भेदभावपूर्ण संरचनाओं को चुनौती दी।

# ट्रंप ने नोबल पुरस्कार के लिए भारत से शत्रुता ठान ली, यह हास्यास्पद

## अमेरिकी सांसद ने कहा- राष्ट्रपति की नीतियां अपनी ही नाक काटने जैसी

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद सिडनी कैमलेजर डॉव ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत के प्रति नीतियां रणनीतिक भरोसे और पारस्परिक समझ को वास्तविक व स्थायी नुकसान पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को हुए नुकसान को कम करने के लिए वॉशिंगटन को अविश्वसनीय तत्परता के साथ कदम उठाने होंगे और अगर ट्रंप अपनी नीति में बदलाव नहीं किया तो वह भारत को खो देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति बन जाएंगे।

डॉव ने कहा, ज्यादा साफतौर पर कहा जाए तो ट्रंप ने भारत को दूर कर रूसी साम्राज्य को सशक्त किया। उन्होंने ट्रांसअटलांटिक गठबंधन को तोड़ा है और लातिन अमेरिका को खतरे में डाला है। जब इतिहास की किताबें लिखी जाएंगी और बताया जाएगा कि भारत के प्रति ट्रंप की शत्रुता कहां से शुरू हुई तो वे ऐसी चीज की ओर इशारा करेंगी जिसका हमारे दीर्घकालिक रणनीतिक हितों से कोई लेनादेना नहीं है। यह है उनका नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर व्यक्तिगत जुनून। यह भले ही हास्यास्पद हो, लेकिन इसका जो नुकसान होगा, उसे बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जा सकता।

कैमलेजर डॉव संसद की दक्षिण और मध्य एशिया विदेश मामलों की उप समिति की बैठक में 'यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप: सिक्योरिंग अ फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' विषय पर बोल रही थीं। कैमलेजर डॉव ने ट्रंप की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, ट्रंप की नीतियों को 'अपनी ही नाक काटने' के तौर पर वर्णित किया जा सकता है।





### मोदी-पुतिन की तस्वीर दिखाकर कहा- दुश्मन की बांहों में धकेल दिया अपने रणनीतिक साझेदार को

कैमलेजर डॉव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तस्वीर दिखाते हुए कहा, स्पष्ट तौर पर कहूं तो दबाव बनाने वाला साथी होने की अपनी कीमत होती है और यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। इस तस्वीर में दोनों नेता नई दिल्ली में एक कार में साथ दिख रहे हैं। ये तस्वीर पुतिन के दिल्ली आगमन पर पालम हवाई अड्डे पर मोदी की ओर से उनका स्वागत करने के बाद की थी। कैमलेजर डॉव ने कहा, आप अमेरिकी रणनीतिक साझेदारों को हमारे दुश्मनों की बाहों में धकेलकर नोबेल शांति पुरस्कार नहीं जीत सकते।

### पानी फेर दिया अमेरिका के वर्षों के प्रयासों पर

कैमलेजर डॉव ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि उसने भारत-अमेरिकी साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए किए गए वर्षों के प्रयासों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा, रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के शासनकाल में भारत-अमेरिका के बीच विश्वास बरकरार रखने और सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया गया। जब ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में पद संभाला तब द्विपक्षीय संबंध चरम पर थे। क्वॉड सक्रिय था, उभरती रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदारी कायम थी और एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदारी बनी हुई थी। उन्होंने कहा, ये कड़ी मेहनत से हासिल की गईं उपलब्धियां थीं, और फिर क्या हुआ। दशकों में अमेरिका द्वारा संचित पूंजी को सिर्फ ट्रंप की व्यक्तिगत शिकायतों की खातिर और हमारे राष्ट्रीय हितों की कीमत पर टॉयलेट में बहा दिया गया।

### अर्थव्यवस्था और आव्रजन के मुद्दे पर ट्रंप की लोकप्रियता में भारी गिरावट

**वाशिंगटन।** अर्थव्यवस्था और आव्रजन को लेकर ट्रंप की लोकप्रियता में इस साल भारी गिरावट आई है। यह ताजा संकेत है कि जिन दो मुद्दों के आधार पर ट्रंप एक साल पहले चुनाव जीते थे, वे अब उनके लिए परेशानी बन सकते हैं। उनकी पार्टी 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी शुरू कर रही है। द एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के सर्वेक्षण में पाया गया है कि अब सिर्फ 31 प्रतिशत अमेरिकी वयस्क ही ट्रंप के अर्थव्यवस्था संभालने के तरीके से सहमत हैं। मार्च में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था। यह ट्रंप के पहले या दूसरे कार्यकाल में सर्वेक्षण में दर्ज की गई सबसे कम रेटिंग है।

## वीजा उल्लंघन: चीनी नागरिक हिरासत में कश्मीर से दिल्ली भेजा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अनधिकृत यात्रा के आरोप में हिरासत में लिए गए 29 वर्षीय चीनी नागरिक को बुधवार शाम वापस नई दिल्ली भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया चीनी नागरिक न सिर्फ अनधिकृत रूप से कश्मीर गया और होटल में रुका बल्कि उसने भारतीय सिम भी हासिल किया।

चीन के शेनजेन गुआंगडेंग के रहने वाले इस व्यक्ति की पहचान लुकाल्फो बेहु उर्फ हू कोंगताई के रूप में हुई है। वह 19 नवंबर को पर्यटक वीजा पर नई दिल्ली आया था। उसे सिर्फ वाराणसी, आगरा, नई दिल्ली, जयपुर, सारनाथ, गया और कुशीनगर जाने की इजाजत थी। मगर वह एक दिसंबर को कश्मीर गया, जिसके बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने वीजा उल्लंघन के लिए उससे पूछताछ की। चीनी नागरिक को बडगाम जिले के हुमहामा में फ्रेंड्स एन्क्लेव स्थित होमस्टे हाउस रोज कॉटेज से हिरासत में लिया गया और उसका मोबाइल फोन जांच के लिए जब्त कर लिया गया जो कश्मीर से वापस भेजने से पहले उसे लौटा दिया गया।

# पाकिस्तान को एफ- 16 लड़ाकू विमान की उन्नत तकनीक बेचेगा अमेरिका

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



● अनुमानित मूल्य 68.6 करोड़ डॉलर के सौदे को दी मंजूरी

अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत तकनीक और सहायता बेचने को मंजूरी दे दी है, जिसका मूल्य 68.6 करोड़ डॉलर है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) की ओर से सोमवार को संसद को भेजे गए एक पत्र में इस बिक्री को मंजूरी दी है।

इस पैकेज में लिंक-16 सिस्टम, क्रिप्टोग्राफिक उपकरण, एवियोनिक्स अपडेट, प्रशिक्षण और व्यापक साजोसामान संबंधी सहायता शामिल है। डीएससीए के पत्र में इस बिक्री का कारण स्पष्ट किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह कदम अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगा, क्योंकि इससे पाकिस्तान को आतंकवाद-रोधी अभियानों और भविष्य की आकस्मिक परिस्थितियों की तैयारी में अमेरिकी और साझेदार बलों के साथ अंतर-परिचालन बनाए रखने में मदद मिलेगी। प्रस्तावित बिक्री का उद्देश्य पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े का आधुनिकीकरण करना और परिचालन सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करना भी है। क्षेत्रीय संतुलन को लेकर चिंताओं पर भी पत्र में कहा गया है कि उपकरणों की प्रस्तावित बिक्री और समर्थन क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन को नहीं बदलेगा। इस बिक्री का कुल अनुमानित मूल्य 68.6 करोड़ डॉलर है, जिसमें 3.7 करोड़ डॉलर मूल्य का प्रमुख रक्षा उपकरण और 64.9 करोड़ डॉलर मूल्य की अन्य सामग्री शामिल है।

## अमेरिका को नया शांति प्रस्ताव भेजेगा यूक्रेन: जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन बुधवार को अपना नया शांति प्रस्ताव अमेरिकी वार्ताकारों को सौंपने वाला है।

यह कदम लगभग 30 देशों के नेताओं के साथ होने वाली उनकी अहम बैठक से एक दिन पहले उठाया जा रहा है, जो रूस के साथ युद्ध को स्वीकार्य शर्तों पर समाप्त करने के प्रयास में कीव का समर्थन करते हैं।

इस बीच, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर चर्चा की। यूरोपीय नेताओं ने बयानों में कहा कि वार्ताएं एक निर्णायक मोड़ पर हैं। ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की को वास्तविकता समझनी होगी और यूरोपीय नेता इस सप्ताहांत अमेरिका तथा यूक्रेन के साथ एक बैठक चाहते हैं।

# साइबर दासता का गढ़ बन गया है म्यांमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट पर दाखिल किया आरोप पत्र

सीबीआई ने दक्षिणपूर्व एशियाई देशों में स्थित सरगनाओं द्वारा नियंत्रित साइबर धोखाधड़ी घोटालों के आरोप में 13 व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। एजेंसी ने दक्षिणपूर्व एशिया में साइबर-दासता और संगठित डिजिटल शोषण नेटवर्क की समानांतर जांच भी की, जिसमें म्यांमार और पड़ोसी क्षेत्रों में कुछ इलाके शामिल हैं, जो इस तरह की धोखाधड़ी के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

सीबीआई ने एक विशेष अदालत में दायर आरोपपत्र में कहा कि घोटाले के नेटवर्क से जुड़े 15,000 'आईपी एड्रेस' के तकनीकी विश्लेषण से पता चला है कि पीड़ितों से धन लेने और उसे अन्यत्र भेजने के लिए इस्तेमाल किए गए कई प्रमुख बैंक खातों को विदेश से नियंत्रित किया जा रहा था। एजेंसी ने बताया कि ये खाते कंबोडिया, हांगकांग और चीन स्थित सरगनाओं द्वारा नियंत्रित किए जा रहे थे। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, महत्वपूर्ण रूप से, अब कई तरह के साक्ष्य यह संकेत देते हैं कि म्यांमार और पड़ोस के इलाकों से संचालित होने वाले ''स्लेव कंपाउंड'' डिजिटल अरेस्ट घोटाले के बड़े केंद्र के रूप में उभर रहे हैं, जहां मानव तस्करी कर ले जाए गए भारतीय नागरिकों को साइबर अपराध के लिए मजबूर किया जाता है।

उन्होंने कहा, ये निष्कर्ष दक्षिण-पूर्व एशिया में साइबर-गुलामी और संगठित डिजिटल शोषण नेटवर्क पर सीबीआई द्वारा की गई समानांतर जांच के दौरान जुटाई गई खुफिया जानकारी के अनुरूप हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए 15,000 'आईपी एड्रेस' खंगाले, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष अक्टूबर में तीन अहम संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई।

## बांग्लादेश: 12 फरवरी को होंगे आम चुनाव

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव कराए जायेंगे। अगस्त 2024 में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद यह पहले चुनाव होंगे।

सीईसी एएमएम नासिर उद्दीन ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, मतदान 12 फरवरी, को सुबह साढ़े सात से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय सहमति आयोग के सुधार प्रस्तावों पर जनता की राय जानने के लिए मतदान के दिन, 12 फरवरी को एक साथ जनमत संग्रह भी कराया जाएगा।

# भारत तालिबान के साथ व्यवहारिक संबंधों का पक्षधर

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**





● सुरक्षा परिषद में भारत का तर्क उचित नहीं रहेंगे दंडात्मक कदम

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया है कि वह तालिबान के साथ व्यावहारिक संबंध कायम करने का पक्षधर है, क्योंकि केवल दंडात्मक कदमों पर ध्यान केंद्रित करने से पुराने दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा। अफगानिस्तान की स्थिति पर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करता है कि वह ऐसे नीतिगत कदम उठाए, जिनसे अफगानिस्तान के लोगों को स्थाई लाभ पाने में मदद मिले।

उन्होंने अफगानिस्तान के लोगों की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। हरीश ने कहा कि काबुल में दिल्ली के तकनीकी मिशन का दूतावास का दर्जा बहाल करने का भारत सरकार का हालिया निर्णय इस संकल्प को मजबूती से दर्शाता है। उन्होंने कहा, हम सभी संबंधित पक्षों के साथ अपने संबंध बनाए रखेंगे ताकि अफगानिस्तान के समग्र विकास, मानवीय सहायता और दक्षता विकास पहल में अपना योगदान बढ़ा सकें।

अक्टूबर में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी नई दिल्ली आए थे। इस दौरान दिल्ली के तकनीकी मिशन को काबुल में दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की गई और अफगानिस्तान में विकास कार्यों को फिर शुरू करने का संकल्प लिया गया। भारत ने अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अपने दूतावास से अधिकारियों को बुला लिया था। जून 2022 में, भारत ने काबुल में एक तकनीकी टीम को तैनात कर अपनी कूटनीतिक उपस्थिति फिर से स्थापित की। हरिश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखता है।

उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित संगठनों जैसे आईएसआईएल, अलकायदा और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके सहयोगियों तथा लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के खिलाफ सामूहिक प्रयासों को समन्वित करना चाहिए, ताकि वे सीमा पार आतंकवाद में लिप्त न हों।

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 12 दिसंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 14.56 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तराफाल्गुनी 13 दिसंबर 05.50 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। यदि स्वास्थ्य में कुछ समस्या हो तो चिकित्सक से शीघ्र संपर्क करें। व्यापार में बड़ी व स्थायी पार्टनरशिप हो सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने वाली है।

**वृष** — आज छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें। अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों को लेकर कड़वाहट हो सकती है। संपत्ति की खरीदी में परेशानियों का सामना कर पड़ सकता है।

**मिथुन** — आज यात्रा के दौरान असुविधा होने की संभावना है। इसीलिए यदि बहुत आवश्यक न हो, तो यात्रा से बचें। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बेरोजगार लोग नौकरी को लेकर थोड़े चिंताग्रस्त हो सकते हैं।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में जोखिम लेना चाह रहे हैं, तो दिन अत्यंत शुभ है। व्यापारिक डील के लिए समय बहुत अच्छा है। आपकी तार्किक क्षमता की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी कारणवश दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ रहने वाला है। आप अपने वचनों में नियंत्रण रखें। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। भोजन में शुद्धता और पौष्टिकता का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** — आज कारोबार में नया प्रयोग करने के लिए दिन उत्तम है। विवादित मामलों के सुलझने के योग बन रहे हैं। परिवार की जरूरतों का ध्यान रखें। भोग-विलास में आप धन खर्च करेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है।

**तुला** — आज आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा तनाव रहेगा, लेकिन आपको गलत मार्गों का चयन करने से बचना चाहिए। नजदीकी लोग आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकते हैं। इसीलिए गंभीर विषयों पर चर्चा करने से बचें।

**वृश्चिक** — आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से शुभ है आपके व्यवहार से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। आयात-निर्यात संबंधी व्यवसाय से बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। जोड़ों में दर्द और गठिया से पीड़ित जातकों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**धनु** — आज व्यावसायिक अनुबंधों के लिए दिन अत्यंत शुभ है। मध्यस्थता से कई अटके हुए मामलों का समाधान कर लेंगे। आपकी तर्कशक्ति दूसरों की समस्याओं का भी समाधान करने में सहायता करेगी। पुराने मित्रों से अचानक मुलाकात हो सकती है।

**मकर** — आज दूसरों के साथ अपनी तुलना न करें। धार्मिक कार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा करने का अवसर प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यंत सावधान रहेंगे।

**कुंभ** — आज गूढ़ ज्ञान-विज्ञान को लेकर अत्यधिक जिज्ञासु रहने वाले हैं। अधिक सोच-विचार करने के कारण तनाव में आ सकते हैं। प्रेमी जोड़ों को परिवार के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों के विश्वास पर अपने कार्य न छोड़ें।

**मीन** — आज काम को आगे बढ़ाने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। अनेक दिनों से रुका हुआ काम पूरा होने से आपका मन शांत रहेगा। अविवाहितों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

## सुडोकू -188

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | | | | | 2 | 3 | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | 5 | | 1 | | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 2 | | | | | | |

### सुडोकू - 187 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 2 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 |



मुझे बस क्रिकेट पसंद है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दो गेंदों का क्रिकेट हो या 100 गेंदों का या 100 ओवर का। क्रिकेट तो क्रिकेट है। गोल्फ तो गोल्फ है, आप कोई भी प्रारूप खेलें। आखिर में आप गोल्फ का मजा लेते हैं।

-कपिल देव

## हाईलाइट

### करणदीप ने दुबई में पहला आईजीपीएल खिताब जीता

**दुबई।** करणदीप कोच्चर ने बृहस्पतिवार को यहां आईजीपीएल आमंत्रण यूएई गोल्फ टूर्नामेंट में लगातार तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता। कोच्चर का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने युवा वीर गणपति और पुखराज सिंह को पछाड़ा। आईजीपीएल आमंत्रण कोलकाता में उप विजेता रहे कोच्चर ने आईजीपीएल के पहले सत्र में 10वें टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत दर्ज की। गणपति अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से कोच्चर से एक शॉट पीछे रहे। पुखराज भी उनके साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों का कुल स्कोर आठ अंडर रहा। आईजीपीएल मुंबई में खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली प्रणवी उर्स (71) कुल सात अंडर के स्कोर से चौथे स्थान पर रहीं।

### बीसीसीआई की बैठक 22 दिसंबर को

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 22 दिसंबर को एपेक्स काउंसिल की वर्चुअल बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच एजेंडों पर चर्चा करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस में बदलाव करने की योजना बना रहा है। महिला टीम की शानदार एकदिवसीय विश्व कप जीत के बाद मैच फीस में बदलाव की उम्मीद थी और बीसीसीआई ने इस मुद्दे पर बैठक में चर्चा करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिलाओं के बीच सैलरी में समानता है, घरेलू प्रतियोगिताओं में असमानताएं बनी हुई हैं।

### सिंधु और लक्ष्य राष्ट्रीय टीम में



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को तीन से आठ फरवरी तक चीन के किंगदाओ में होने वाली बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में गत चैंपियन है जबकि पुरुष टीम ने अतीत में दो कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने एक बयान में कहा रैंकिंग, प्रदर्शन और अनुभव के आधार पर चुनी गई महिला टीम की अगुवाई एक बार फिर पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु करेंगी। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी होंगे जबकि किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली को भी जगह मिली है।

### एशियाई युवा पैरा खेलों में इंदौरी को दो स्वर्ण

**दुबई।** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया। इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे। एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में दो खिलाड़ी भारतीय मूल के

**मेलबर्न।** भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे सीरीज में भारत के खिलाफ खेली थी।

# दक्षिण अफ्रीका ने दिया 214 रनों का लक्ष्य

## क्विंटन डिकॉक ने खेली 90 रनों की तेज तर्रार पारी, अर्शदीप सिंह की हुई सबसे ज्यादा पिटाई




मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी से बृहस्पतिवार को यहां पांच मैच की सीरीज के दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

डिकॉक की 46 गेंद की पारी में सात छक्के और पांच चौके जड़े थे। उन्होंने एडन मार्करम (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 83 रन की भागीदारी निभाई। अंत में डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजों में वरुण चकव्रर्ती ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। भारत ने अंतिम 10 ओवर में 123 रन लुटाए। दक्षिण अफ्रीका की पारी में 15 छक्के और 10 चौके शामिल रहे। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। डिकॉक पहले ओवर में तीसरी गेंद पर रन आउट होने से बचे। उन्होंने अगली गेंद पर दो रन बनाकर खाता खोलने के बाद अर्शदीप (चार ओवर में 54 रन) की पांचवीं गेंद को बैकवर्ड स्क्वायर पर छक्के के लिए भेज दिया। फिर तीसरे ओवर में इसी गेंदबाज पर एक छक्का और एक चौका लगाया। रीजा हेंड्रिक्स (08) और डिकॉक ने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह (चार ओवर में 45 रन) पर एक एक छक्का लगाया। सूर्यकुमार ने पांचवें ओवर में स्पिनरों को लगाया और उन्हें पहली सफलता हेंड्रिक्स के रूप में मिली। वरुण चक्रवर्ती ने आते ही पहली ही गेंद पर हेंड्रिक्स को बोल्ड कर दिया। पर डिकॉक ने भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाना जारी रखा। उन्होंने अक्षर पटेल पर छक्का और चौका जड़कर दक्षिण अफ्रीका को पावरप्ले में एक विकेट पर 53 रन तक पहुंचाया। इस तरह डिकॉक ने नौवे ओवर में 26 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया। अर्शदीप पर दबाव साफ दिख रहा था जिसका नतीजा यह रहा है कि उन्होंने टीम के 11वें ओवर में सात वाइड से 13 गेंद डाली जिसमें 18 रन बने। मार्करम 12वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती पर लगातार दो छक्के लगाने के बाद डीप मिडविकेट पर अक्षर पटेल के हाथों लपके गए। डिकॉक अपने अर्धशतक को शतक में बदलने की ओर बढ़ रहे थे पर विकेटकीपर जितेश शर्मा ने उन्हें रन आउट कर दिया।



**अनचाहा रिकॉर्ड :** अर्शदीप सिंह ने एक ओवर में 7 वाइड गेंद फेंक कर एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह पहले भारतीय हैं, जिन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में इतना बड़ा ओवर फेंका है। उन्होंने 11वें ओवर 13 गेंदें डाली। इस ओवर की पहली गेंद पर क्विंटन डिकॉक ने छक्का जड़ा, इसके बाद अर्शदीप की लाइनलेंग्थ बिगड़ गई। एजेंसी

### दक्षिण अफ्रीका

**213/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक रन आउट | 90 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो वरुण चक्रवर्ती | 08 |
| मार्करम का पटेल बो वरुण चक्रवर्ती | 29 |
| ब्रेविस का तिलक वर्मा बो पटेल | 14 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 30 |
| डेविड मिलर नाबाद | 20 |

**अतिरिक्त :** 22

**गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-0-54-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-45-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-29-2, अक्षर पटेल 3-0-27-1, हार्दिक पंड्या 3-0-34-0, शिवम दुबे 2-0-18-0

### युवराज और हरमनप्रीत के नाम पर स्टैंड

मुल्लांपुर विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह और हरमनप्रीत कौर के सम्मान में बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ स्टेडियम के दो स्टैंड उनके नाम पर किए गए। वनडे विश्व कप 2011 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे युवराज और भारत को हाल में पहला महिला विश्व कप दिलाने वाली कप्तान हरमनप्रीत इस मौके पर अपने परिवार, दोस्तों के साथ थे। पंजाब के सीएम भगवंत मान मौजूद थे।

## खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करना सही नहीं : डिविलियर्स

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से 'कुछ हद तक' सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे शृंखला में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है। लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा इसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं। दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए और खेल की कुछ विशेष परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है। डिविलियर्स ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ करते हुए कहा भारत का प्रदर्शन विशेषकर टी20 प्रारूप में अविश्वसनीय रहा है। यह तीनों प्रारूपों में सबसे अस्थिर प्रारूप है और ऐसे में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का मतलब है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

# अंडर-19 एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी होंगे आकर्षण का केंद्र

दुबई, एजेंसी

- यूएई के खिलाफ भारत आज शुरू करेगा अभियान, रविवार को पाकिस्तान से होगा मुकाबला



भारत के एशिया कप अंडर-19 अभियान की अगुवाई युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे करेंगे, लेकिन सभी का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इन युवा खिलाड़ियों को अपने पाकिस्तानी समकक्षों से हाथ मिलाने की इजाजत देगा या नहीं।

मुंबई और चेन्नई सुपरकिंग्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी तो वहीं रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच निश्चित रूप से जूनियर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक सुर्खियां बटोरेगा जिसे अगले साल की शुरुआत में होने वाले विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों ने भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते सीनियर पुरुषों के एशिया कप, उसके बाद महिला एकदिवसीय विश्व कप और राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। हालांकि जब अंडर-19 क्रिकेटर्स की बात आती है तो माना जाता है कि आईसीसी भी चाहता है कि राजनीति को इससे दूर रखा जाए और खेल भावना के सामान्य नियमों का पालन किया जाए। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बतायालड़कों को कुछ नहीं कहा गया है लेकिन जाहिर है कि बीसीसीआई ने अपने मैनेजर आनंद दातार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। अब अगर भारतीय लड़के पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाते हैं तो मैच रेफरी को पहले से सूचित करना होगा।

### टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन ए पटेल, नमन पुष्पक, डी दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उद्धव मोहन व आरोन जॉर्ज।

## पाकिस्तान में मैच के बाद मारपीट की जांच शुरू

**कराची :** पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ और पाकिस्तान ओलंपिक संघ कराची में पाकिस्तान आर्मी और वाप्डा टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के बाद खिलाड़ियों के आपस में भिड़ने की घटना की जांच कर रहे हैं, जिसमें कई खिलाड़ी और अधिकारी घायल हो गए थे। केपीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और अधिकारी भी बीच में कूद पड़े। वे एक-दूसरे को मुक्के और लात मार रहे थे।

मैच का सीधा प्रसारण होने के दौरान ही इस घटना के दृश्य कैमरे में कैद हो गए और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद कई लोगों ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यह झड़प तब शुरू हुई जब आर्मी के खिलाड़ियों द्वारा अपने डगआउट के सामने जीत का जश्न मनाने पर वाप्डा के कुछ सदस्यों ने गुस्सा जताया।

# टी-20 विश्व कप 2026 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू

मुंबई, एजेंसी




- भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होगा टूर्नामेंट

टी-20 विश्व कप 2026 के टिकटों की बिक्री बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है जिसमें कुछ जगहों के लिए पहले चरण में कीमत 100 रुपये या 1000 श्रीलंकाई रुपये जितनी कम रखी गई है। भारत और श्रीलंका सात फरवरी से आठ मार्च तक मिलकर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने प्लेटफॉर्म पर टी20 विश्व कप के 10वें चरण के टिकटों की बिक्री की घोषणा की जिसमें 20 टीम का टूर्नामेंट आठ जगहों पर खेला जाएगा। भारत में विश्व कप के लिए अहमदाबाद, चेन्नई, नयी दिल्ली, मुंबई और कोलकाता मेजबान शहर होंगे जबकि श्रीलंका में कोलंबो (दो जगह) और कैंडी दो स्थान होंगे। गत चैंपियन भारत टूर्नामेंट के पहले दिन तीन मैचों में से एक में अमेरिका से भिड़ेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा टिकट बिक्री का पहला चरण अब तक के सबसे सुलभ और वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंट को आयोजित करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए हमारा नजरिया स्पष्ट है कि हर प्रशंसक को विश्व स्तरीय क्रिकेट का स्टेडियम में अनुभव करने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा सिर्फ 100 रुपये और 1000 श्रीलंकाई रुपये से शुरू होने वाले टिकटों के साथ हम अपनी रणनीति के केंद्र में किफायतीपन को रख रहे हैं। यह लाखों लोगों को क्रिकेट के जश्न का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने के बारे में है। 20 टीम और 55 मैच वाला 2026 चरण इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी और समावेशी टी20 विश्व कप होगा।

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी से हारा रियल मैड्रिड

मैनचेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी



रियल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसके कोच जाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला।

रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। इस सप्ताह के शुरू में खबरें आई थी कि अलोंसो का पद खतरे में है और अब एक और हार के बाद उनकी स्थिति को लेकर अटकलें और तेज होने की संभावना है। रियल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी। इस बीच आर्सेनल का शानदार प्रदर्शन बरकरार है। उसकी तरफ से नोनी मैडुके ने दो जबकि गैब्रियल मार्टिनेली ने एक गोल किया। पीएसजी का बिलबाओ के खिलाफ पूरे अंक हासिल करने का सपना पूरा नहीं हो पाया।

साक्षात्कार

जूनियर हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा छह गोल करने वाले दिलराज की किट के लिए मां ने बेचे थे गहने

# हॉकी के मैदान पर याद आता है मां का संघर्ष : दिलराज

चेन्नई, एजेंसी

पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी का दामन थामने वाले दिलराज सिंह के दिल को तब ठेस पहुंची जब उन्हें पता चला कि उन्हें गोलकीपिंग किट दिलाने के लिए उनकी मां को अपने गहने बेचने पड़े थे और तभी से उन्होंने ठान ली थी कि खेल के मैदान पर नाम कमाकर परिवार को अच्छे दिन दिखाना है।

यहां जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा छह गोल करने वाले दिलराज अपने जन्मदिन पर मिली जीत के बाद भावुक हो गए और कहा जीत के बाद सबसे पहले मैंने मां (रूपिंदर कौर) से बात की और वह काफी भावुक हो गई थी। वह मेरा मैच नहीं देखती क्योंकि उनको डर लगता है। वह उतने समय अरदास करती रहती हैं। शुरुआती दिनों में गोलकीपर के तौर पर खेलने वाले पंजाब के इस खिलाड़ी ने बताया कि उनके पिता ठीक नहीं रहते थे और मां ने काफी कठिनाइयां झेलकर उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।



उन्होंने कहा मैने जब पहली गोलकीपिंग किट ली थी तो मेरी मां को अपने गहने बेचने पड़े थे। उनके और मेरे अलावा किसी को यह नहीं पता था। मुझे फिर बहुत दुख हुआ और मैं बहुत संजीदगी से खेलने लगा क्योंकि मैं जब भी मैदान पर उतरता था तो मेरी मां की कुर्बानियां याद आती थी। मेरे पापा ठीक नहीं रहते थे तो सब कुछ मां पर ही निर्भर था और उनकी वजह से ही मैं यहां तक पहुंचा। उन्होंने कहा हालात इतने खराब थे कि कई बार मेरे पास टूर्नामेंट में जाने के लिए भी पैसा नहीं होता था। किसी टूर्नामेंट में ईनाम मिल जाता तो काम चल जाता था।

पिछले साल जोहोर कप (तीन गोल) में कांस्य और जूनियर एशिया कप (सात गोल) में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे दिलराज ने कहा कि विश्व कप में मिला पदक इसलिए भी बहुत मायने रखता है क्योंकि इससे भविष्य में उन्हें नौकरी मिलने का मौका बनेगा। उन्होंने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा मेरे लिये यह पदक बहुत अहम है क्योंकि इससे मुझे नौकरी मिलने का मौका बन सकता है। इसके साथ ही सीनियर टीम में जाने के दरवाजे भी खुलेंगे। घर के हालात ऐसे ही हैं लिहाजा नौकरी मिल जाने से अच्छा होगा। बीस साल के इस फारवर्ड ने बताया कि बचपन में उनकी शरारतों से परेशान होकर उन्हें हॉकी अकादमी में डाला गया जिसे वह छोड़कर भी आ गए थे। उन्होंने कहा मेरा पढ़ाई में उतना मन नहीं लगता था तो घर वालों ने बटाला, पंजाब में चीमा हॉकी अकादमी में डाल दिया। मेरे तायाजी का लड़का खेलता था। उसको देखकर मैं भी अकादमी चला गया था और रोता रहता था।

उन्होंने कहा मैं गोलकीपर के तौर पर वहां गया था लेकिन फिर छोड़कर आ गया क्योंकि बीच में (मिडफील्ड) खेलना चाहता था, गोलकीपर नहीं बनना था। फिर मैं फॉरवर्ड खेलने लगा और घुमन कलां पिंड में कोच कुलविंदर सिंह के साथ खेलना शुरू किया और फिर सुरजीत हॉकी अकादमी में चयन हो गया।

### पहली कमाई सौंपी थी मां के हाथों में

दिलराज ने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा खुशी क्लब के लिए खेलते हुए पहली कमाई मिलने पर हुई थी जो उन्होंने अपनी मां को सौंपी थी। उन्होंने कहा सबसे पहले मुझे लखनऊ में चीमा अकादमी की ओर से खेलते हुए एक टूर्नामेंट में पांच या छह हजार रूपये मिले थे और मैने सारे पैसे मां को दे दिये थे और इतनी खुशी हुई कि बता नहीं सकता। जूनियर विश्व कप से मिली सीख के बारे में पूछने पर दिलराज ने कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और दबाव में खेलने का हुनर मजबूत हुआ है। इस टूर्नामेंट से यह सीखा कि जीत के साथ हार भी जुड़ी होती है। दबाव का सामना कैसे करना है और अब लगता है कि अपेक्षाओं का दबाव झेलकर खेल सकता हूं। अभी आगे बहुत कुछ हासिल करना है।